खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

नई दिल्ली, रविवार 22 जून 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 80 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 25 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हिमालय की चोटियों से लेकर समुद्री पोतों तक देश-विदेश में दिखा योग दिवस पेज 2



वेबर को पछाड़ कर नीरज ने पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीता खेल टाइम्स



छोरी 2 में दमदार अभिनय के लिए नुसरत सम्मानित बॉलीवुड



पाकिस्तान ने ट्रम्प को नोबेल प्राइज के लिए नॉमिनेट किया पेज 12

## ईरान पुराना दोस्त, भारत की चुप्पी परेशान कर रही: सोनिया गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ कांग्रेस की चेयरपर्सन ने कहा: इजरायल के हमलों पर सरकार को मजबूती से बोलना चाहिए**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने ईरान पर इजरायली हमले की निंदा की है। उन्होंने एक अंग्रेजी अखबार में एक आर्टिकल में लिखा कि इजरायल खुद परमाणु शक्ति है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार न होने पर भी टारगेट किया जा रहा है। ये इजरायल का दोहरा मापदंड है।

उन्होंने यह भी कहा कि ईरान भारत का पुराना दोस्त रहा है और ऐसे हालात में भारत की चुप्पी परेशान करने वाली है। गाजा में हो रही तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को स्पष्ट, जिम्मेदार और मजबूत आवाज में बोलना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है। सोनिया गांधी ने कहा कि 13 जून 2025 को इजरायल ने ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए एकतरफा हमला किया, जो गैरकानूनी और क्षेत्रीय शांति के लिए खतरनाक है। कांग्रेस ईरान में हो रहे इन हमलों की निंदा करती है, जिनसे क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर गंभीर अस्थिरता और टकराव बढ़ सकता है। गाजा पर हमले की तरह यह इजरायली ऑपरेशन भी क्रूर और एकतरफा है, जो आम नागरिकों की जान और क्षेत्रीय स्थिरता को पूरी तरह नजरअंदाज करते हुए चलाया गया। ऐसे कदम सिर्फ अस्थिरता को बढ़ाते हैं और आगे आने वाले समय में बड़े संघर्ष के बीज बोते हैं। सोनिया ने कहा कि इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की लीडरशिप में इजरायल ने लगातार शांति भंग करने और आतंक को बढ़ावा देने का काम किया है। ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

## तनाव की स्थिति में योग ही शांति की राह दिखाता है: मोदी



**विशाखापत्तनम।** पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया भर में तनाव की स्थिति से अशांति तथा अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग ही हमें शांति का रास्ता दिखाता है। श्री मोदी ने यहां 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय योगाभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को शांत, संतुलित और सतत विकास की ओर अग्रसर विश्व के निर्माण की दिशा में बढ़ना चाहिए। योग ही विश्व में टकराव की जगह सहयोग और तनाव की जगह समाधान की ओर ले जा सकता है।

## योग एक देश से दूसरे को जोड़ने का काम करता है: राष्ट्रपति

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देहरादून के पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में योगाभ्यास किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिन के दौरे पर देहरादून आई हुई थीं। योगाभ्यास कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति जौलीग्रांट हवाई अड्डे से दिल्ली के -शेष पृष्ठ दो पर

# इजरायली स्ट्राइक: ईरानी परमाणु वैज्ञानिक समेत तीन कमांडर ढेर

### बमबारी में चार जवान भी मारे गए: आईडीएफ का दावा

तेहरान/ नई दिल्ली, वार्ता



**■ सुप्रीम लीडर खामेनेई ने तीन संभावित उत्तराधिकारी चुने**

**इजरायल ने ईरान** के एक और न्यूक्लियर साइंटिस्ट की हत्या कर दी है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, साइंटिस्ट इसार तबातबाई-कमशेह और उनकी पत्नी की मौत तेहरान में एक अपार्टमेंट पर ड्रोन हमले में हुई थी। इजरायल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का शनिवार को 9वां दिन था। इजरायल 13 जून से अब तक 11 ईरानी न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स की हत्या कर चुका है।

इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने शनिवार को ईरानी सेना के 3 कमांडरों और 4 जवानों को भी मारने का दावा किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने 3 मौलवियों को अपनी मौत के बाद सुप्रीम लीडर बनने के लिए नॉमिनेट किया है। संभावित उत्तराधिकारियों की रेस में खामेनेई के बेटे, मोजतबा का नाम नामित नहीं है। पहले कहा जा रहा था कि खामेनेई अपने बेटे को अपनी मौत के बाद सुप्रीम लीडर का पद संभालने के लिए तैयार कर रहे हैं। खामेनेई इजरायल की तरफ से लगातार हत्या की धमकियों के कारण एक बंकर में छिपे हुए हैं। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। हालांकि, ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिर्फ 430 नागरिकों के मारे जाने और 3,500 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, इजरायल में 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं। इधर, ईरान के मशहद से एक और फ्लाइट शनिवार शाम 4.30 बजे 310 भारतीय नागरिकों को लेकर दिल्ली पहुंची। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर बताया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 827 भारतीयों को निकाला जा चुका है। ईरान से भारत लौटे लोग हाथ में तिरंगा लेकर दिल्ली एयरपोर्ट से बाहर निकलते दिखे। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सूचित किया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत एक विमान भारतीय नागरिकों को लेकर तुर्कमेनिस्तान के अशगाबाद से आज तड़के तीन बजे दिल्ली पहुंचा।

# अहमदाबाद हादसा: एयर इंडिया के तीन अफसरों पर गिरी गाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद हादसे के बाद डीजीसीए ने शनिवार को एयर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने का आदेश दिया। इनमें डिविजनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लानिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं।

तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। डीजीसीए ने एयर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया। उधर, एयर इंडिया ने कहा कि डीजीसीए के आदेश को लागू कर दिया गया है। कंपनी के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर अगले आदेश तक इंट्रीग्रेटेड ऑपरेशन्स कंट्रोल सेंटर की सीधी निगरानी करेंगे। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आदेश 20 जून को दिया गया था, जो सामने आया। यह फैसला अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे के बाद लिया गया। लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था, जिससे यात्रियों समेत कुल 270 लोग मारे गए थे। एयर इंडिया का विमान बीजे मेडिकल कॉलेज की हॉस्टल बिल्डिंग से टकराया था। तीनों अफसरों पर 3 आरोप- नियमों के खिलाफ जाकर क्रू पेयरिंग करना। अनिवार्य उड़ान अनुभव और लाइसेंसिंग नियमों का उल्लंघन करना। शेड्यूलिंग प्रोटोकॉल का पालन नहीं करना। एयर इंडिया इन अधिकारियों को क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़ी सभी जिम्मेदारियों से तत्काल हटाए।

### एक और विमान हादसा टला, फ्लाइट में फ्यूल कम था, पायलट ने मेडे कॉल की

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन हादसे के करीब एक हफ्ते बाद एक और फ्लाइट के पायलट ने मेडे कॉल किया था। इंडिगो की गुवाहाटी-चेन्नई फ्लाइट के पायलट ने यह इमरजेंसी कॉल किया था। जानकारी शनिवार को सामने आई है। घटना 19 जून की है। पायलट ने विमान में फ्यूल की काफी कमी देखी थी, इसके बाद उसने एटीसी को मेडे यानी इमरजेंसी कॉल की थी। हालांकि, इस फ्लाइट की तुरंत बेंगलुरु एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे में यात्रियों समेत कुल 270 लोग मारे गए थे। लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन टेकऑफ के कुछ सेकेंड बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था। इस हादसे में भी पायलट ने मेडे कॉल की थी। मेडे कॉल एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त इमरजेंसी कॉल है। एविएशन की भाषा में, इसका इस्तेमाल तब किया जाता है, जब कोई विमान खतरे में हो। यह विमानन के क्षेत्र में सबसे जरूरी संकटकालीन सिग्नल है। बेंगलुरु में केम्पेगौड़ा बेंगलुरु एयरपोर्ट के अधिकारियों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि इंडिगो की फ्लाइट के पायलट ने गुवाहाटी से टेकऑफ के बाद देखा कि विमान में पर्याप्त ईंधन नहीं है। चेन्नई आ रही फ्लाइट को बेंगलुरु डायवर्ट कर दिया गया।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह में 1.39% की गिरावट

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 19 जून तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में एकत्र किए गए 4.65 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 1.39 प्रतिशत कम है। इस दौरान रिफंड में 58 प्रतिशत की तेज वृद्धि होने के कारण यह गिरावट देखी गई है। रविवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार यह गिरावट अग्रिम कर संग्रह, विशेष रूप से कॉरपोरेट कर संग्रह में धीमी वृद्धि के मद्देनजर आई है।

## पोलिंग सेंटर के फुटेज सार्वजनिक नहीं किए जा सकते: ईसी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ कहा: वोट देने वाले और वोट न देने वाले दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी का शिकार हो सकते हैं**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि वोटिंग सेंटर्स की वेबकास्टिंग की सीसीटीवी फुटेज शेयर करना सही नहीं है। इससे वोटर्स, ग्रुप की पहचान करना आसान हो जाएगा। वोट देने वाले और वोट न देने वाले दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी का शिकार हो सकते हैं।

आयोग ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के कानूनी प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन होगा। आयोग का ये जवाब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली होने के दावे पर सीसीटीवी फुटेज शेयर करने की मांग पर आया है। आयोग ने उदाहरण देते हुए कहा कि किसी विशेष राजनीतिक दल को किसी विशेष बूथ पर कम वोट मिलते हैं, तो वो सीसीटीवी फुटेज के जरिए बड़ी ही आसानी से पहचान कर सकेगा कि किसने उन्हें वोट दिया और किसने नहीं। इसके बाद वोट न देने वालों को परेशान किया जा सकता है। जनवरी 2024 में चंडीगढ़ मेयर इलेक्शन के दौरान चुनाव अधिकारी अनिल मसीह के बैलट पेपर से छेड़छाड़ करने के सीसीटीवी फुटेज सामने -शेष पृष्ठ दो पर



## संक्षिप्त समाचार

### करणी सेना अध्यक्ष की गिरफ्तारी पर कोर्ट की रोक

**प्रयागराज/आगरा।** आगरा स्थित सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर हुए हिंसक प्रदर्शन के मामले में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र सिंह राणा को राहत देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। करणी सेना अध्यक्ष ओकेंद्र सिंह राणा ने इस मामले में अपने खिलाफ दर्ज दो एफआईआर को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए दोनों मामलों में गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाई है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति हरवीर सिंह की खंडपीठ ने पारित किया। कोर्ट ने याची को निर्देश दिया है कि वह विवेचना में पूर्ण सहयोग करें। इसके साथ ही संबंधित जांच अधिकारी (आईओ) को आदेश दिया गया है कि वह 60 दिनों के भीतर जांच प्रक्रिया पूरी करें और भारतीय न्याय संहिता बीएनएसएस की धारा 193(3) के तहत रिपोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट में प्रस्तुत करें।

### योग दिवस पर गिरे सोने-चांदी के दाम

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सोना-चांदी के भाव में शनिवार को मामूली गिरावट आई है। खास तौर पर चांदी की कीमत एक बार फिर 1 लाख के पार पहुंच गई है। सर्राफा बाजार की ओर से जारी नए रेट के अनुसार शनिवार को 22 कैरेट सोने की कीमत 92,240 प्रति 10 ग्राम है, जबकि 24 कैरेट सोने का रेट 1,00,620 प्रति 10 ग्राम चल रहा है। वहीं 18 कैरेट सोना 75,470 प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा है। शनिवार को एक किलो चांदी का भाव 1,09,900 चला है। भोपाल और इंदौर में 24 कैरेट सोने का भाव1,00,520 रहा, जबकि दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़ में 1,00,620 रहा।

# हिमालय की चोटियों से समुद्री पोतों तक दिखी योग की झलक

## भारत समेत दुनियाभर में दिखा योग कार्यक्रमों का उत्साह

**नई दिल्ली, वार्ता**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को भारत समेत दुनिया भर में जगह-जगह आयोजित योगाभ्यास के विशेष सत्रों में लाखों की संख्या में लोगों ने मनोयोग और उत्साह से भाग लिया।

भारत में सियाचिन की बर्फीली पहाड़ियों से लेकर, कन्याकुमारी में समुद्र तट तक और राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से लेकर पूर्वोत्तर क्षेत्र तक लोगों ने सुबह-सुबह 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रमों में भाग लिया। विदेशों में भारतीय दूतावासों और राजनयिक मिशनों ने योग दिवस पर विशेष सत्र आयोजित किए। आस्ट्रेलिया, जापान, मलेशिया और विभिन्न देशों में योगप्रेमियों ने भी जगह-जगह योगाभ्यास सत्रों का आयोजन किया। इस बार मुख्य समारोह आंध्र प्रदेश के बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया



जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में हजारों लोगों ने योगासन किए। प्रधानमंत्री के साथ इस कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल सैयद अब्दुल मजीद, आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू और उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण, केन्द्रीय मंत्री के राम मोहन राव नायडू, प्रताप राव जाधव, चन्द्र शेखर, भूपति राजू निवास वर्मा कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने योग, ध्यान एवं प्राणायाम किए। मोदी ने इस अवसर पर योग को विश्व में शांति, समरसता और स्वास्थ्य का आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व भर में योग के प्रचार-प्रसार के लिए इसमें निहित विज्ञान को आधुनिक अनुसंधान के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि योग को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में स्थान दिलाने का प्रयास चल रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड के देहरादून स्थित पुलिस लाइन में योग कार्यक्रम में भाग लिया योग के प्रयोग से समस्त मानवता के लिए स्वस्थ और प्रसन्नता की कामना की। उन्होंने कहा कि योग पूरी मानवता के लिए सांझी धरोहर बन चुका है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है। भारतीय सेना के जवानों ने कई स्थानों पर सियाचिन में योगसत्र आयोजित किए। जम्मू-कश्मीर में गुलमर्ग गॉल्फ कोर्स सहित विभिन्न स्थानों मर योग सत्र आयोजित किए गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में योग दिवस समारोह में भाग लिया। उन्होंने 2500 कर्मियों के साथ योगाभ्यास समारोह में भाग लिया।

# युद्ध प्रभावित ईरान से 16 श्रमिक सुरक्षित बेंगलुरु लौटे

**बेंगलुरु, वार्ता**

इजरायल-ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान ईरान में फंसे कर्नाटक के गौरीबिदनूर तालुक के अलीपुर गांव निवासी 16 लोग सुरक्षित भारत लौट आए हैं। यहां केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

ईरान में भारत के एक ही गांव के 16 लोग काम कर रहे थे। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष के दौरान ये लोग प्रभावित क्षेत्रों में फंस गए।बम एवं गोलियों की आवाज़ों से घिरे तनाव और भय के माहौल में वे वहां रहने को मजबूर थे।

■ **अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया**

भारत सरकार के समन्वित प्रयासों और तेहरान में भारतीय दूतावास के राजनयिक हस्तक्षेप से श्रमिकों को ईरान से सुरक्षित निकाला गया और यहां घर लाया गया। उनके आगमन पर हवाई अड्डे पर उनके परिवार के सदस्यों ने भावुक माहौल में गुलदस्तों के साथ उनका स्वागत किया। गौरीबिदनूर से विधायक पुटस्वामी गौड़ा वापस लौटने वालों की अगवानी करने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे।

# योग क्रिया से भारत ने विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया

**गोरखपुर, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग भारतीय मनीषा की अनुपम देन है और योग को लोक कल्याण का माध्यम बनाकर भारत ने विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया यही वजह है कि आज 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के करीब 190 देश भारतीय योग की विरासत के साथ जुड़कर गौरवान्वित हो रहे हैं।

योगी 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार सुबह गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में योगाभ्यास करने के पूर्वयोग साधकों, प्रशिक्षुओं को संबोधित किया और प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। मंदिर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि योग भारत की ऋषि



■ **190 देशों में साधकों ने किया योग: योगी**

परंपरा का ऐसा मंत्र है जो स्वस्थ काया के साथ स्वस्थ मस्तिष्क भी उपलब्ध कराता है। भारतीय मनीषा ने योग के महत्व को प्राचीनकाल से ही विस्तृतरूप से अवगत कराते हुए कहा है 'शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम' शरीर ही धर्म के पालन का साधन है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति स्वस्थ शरीर से ही संभव है। स्वस्थ शरीर ही संसार सांसारिक उत्कर्ष और आध्यात्मिक उन्नयन का माध्यम है।

## राहुल गांधी ने मोबाइल रिपेयर तकनीशियनों से मुलाकात की

# पीएम नारे लगाने में माहिर, समाधान में नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीखी आलोचना करते हुए शनिवार को कहा कि उन्हें नारे गढ़ने की कला में महारत हासिल है, जबकि समाधान नहीं देते हैं।

गांधी ने शनिवार को 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' वादे के बावजूद देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है, युवा बेरोजगारी रिकॉर्ड स्तर पर आ गया है और चीन से आयात दोगुना क्यों हो गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी ने नारे देने की कला में महारत हासिल कर ली है, समाधान देने में नहीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक, हमारे अर्थव्यवस्था में विनिर्माण का हिस्सा घटकर 14 प्रतिशत रह गया है। सच्चाई यह है कि हम



■ **पीएम की मेक इन इंडिया नीति पूरी तरह से फेल, पीएम मोदी के पास कोई नया विचार नहीं : कांग्रेस**

असेंबल करते हैं, आयात करते हैं, लेकिन निर्माण नहीं करते। इसका फायदा चीन को हो रहा है। गांधी ने 'एक्स' पर आज एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह यहां नेहरू प्लेस में मोबाइल रिपेयर करने वाले दो युवकों शिवम और सैफ से मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेहरू प्लेस में शिवम और सैफ से मिला। वह प्रतिभाशाली, कुशल और संभावनाओं से भरे हैं फिर भी उन्हें इसे पूरा करने का अवसर नहीं दिया गया। सच्चाई यह है कि हम असेंबल करते हैं, हम आयात करते हैं लेकिन हम निर्माण नहीं करते हैं। इसमें चीन मुनाफा कमा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के पास कोई नया विचार नहीं है। उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया है। यहां तक कि महत्वपूर्ण योजना उत्पादन संलग्न प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) को चुपचाप बंद किया जा रहा है। गांधी ने कहा कि अगर भारत अपनी निर्माण क्षमता अगर नहीं बढ़ाता है, तो हम केवल दूसरे देश का बाजार बनकर रह जाएंगे। भारत को अब इमानदार सुधार और वित्तीय समर्थन के साथ एक मूलभूत परिवर्तन की जरूरत है। हमें सिर्फ बाजार नहीं बल्कि निर्माता बनना है। चीन लाभ कमाता है, चीन दुनिया का इलेक्ट्रॉनिक बाजार है, कहीं और कोई इलेक्ट्रॉनिक बाजार नहीं है। आप जितने चाहें, उतने आईफोन असेंबल करें, आप बस भारत के बड़े कुलीन वर्गों को पैसा दे रहे हैं, आईफोन बनाना शुरू करें, यह पूरी तरह से अलग खेल है।

## चुनाव आयोग पर किया तीखा प्रहार

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मतदान के वीडियो फुटेज और तस्वीरों को सुरक्षित रखने की अवधि घटाने पर चुनाव आयोग पर तीखा प्रहार करते हुए शनिवार को कहा कि जिसे सबूतों की सुरक्षा करनी चाहिए वहीं उन्हें मिटा रहा है।

गांधी ने चुनाव आयोग के ताजा फैसले को लेकर प्रहार किया है। दरअसल आयोग ने हाल ही में चुनावी वीडियो फुटेज और तस्वीरों को सुरक्षित रखने की अवधि को एक साल से घटाकर 45 दिन कर दिया। आयोग का कहना है कि अगर इस दौरान कोई चुनाव याचिका दायर नहीं होती, तो डेटा नष्ट किया जा सकता है। इस फैसले को गांधी ने 'लोकतंत्र के लिए जहर' करार दिया और आरोप लगाया कि सबूत जानबूझकर मिटाए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने 'एक्स' पर कहा कि वोटर लिस्ट? मशील रिडेबल फॉर्मेट नहीं देंगे। सीसीटीवी फुटेज? कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो-वीडियो? अब 1 साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे। जिससे जवाब चाहिए था, वही सबूत मिटा रहा है। साफ दिख रहा है, मैच फिक्स है। और फिक्स किया गया चुनाव, लोकतंत्र के लिए ज़हर है।

# ट्रम्प को सिर्फ अपनी परवाह: उमर अब्दुल्ला

## वह तभी तक देशों का दोस्त है, जब तक उसका फायदा न हो

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका तभी तक अन्य देशों का दोस्त है जब तक उसका फायदा हो। वह अपने फायदे के लिए कुछ भी कर सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिफ मुनीर को व्हाइट हाउस में लंच के लिए बुलाया था। इस पर मीडिया ने उमर से सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति अपनी मर्जी के मालिक हैं। हम उन्हें नहीं बता सकते कि वे किसे लंच पर बुलाएं और किसे नहीं। उमर ने कहा कि यह अलग बात है कि हम सोचते थे कि अमेरिकी राष्ट्रपति हमारे (भारत के) बहुत खास दोस्त हैं और वे हमारी दोस्ती का ख्याल रखेंगे, लेकिन जाहिर है अमेरिका वही करता है जिससे उसे फायदा हो। उन्हें किसी अन्य देश की परवाह नहीं है। ईरान-इजरायल युद्ध पर उमर ने कहा कि यह बंद होना चाहिए और बातचीत के जरिए इसका समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बमबारी शुरू नहीं होनी चाहिए थी। जब अमेरिकी खुफिया विभाग के चीफ से



■ **हम उन्हें दोस्त मानते थे, पाक आर्मी चीफ को लंच पर बुलाने पर बोले जम्मू-कश्मीर के सीएम**

पूछा गया था कि क्या ईरान के पास परमाणु बम है, तो उन्होंने कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि ईरान बम बना सकता है, लेकिन इजरायल ने कुछ महीनों के अंदर ही ईरान पर हमला कर दिया। ईरान में पढ़ रहे कश्मीरी स्टूडेंट्स के बारे में उन्होंने कहा कि हम उन्हें रातों-रात वापस नहीं ला सकते। एयरपोर्ट और और बंदरगाह बंद हैं। हम पहले उन्हें सड़क के रास्ते उन शहरों में ला रहे हैं जहां बमबारी नहीं हुई है, फिर उन्हें आर्मेनिया के रास्ते वापस लाया जा रहा है।

### इजरायल-ईरान के बीच युद्ध जल्द समाप्त हो जाएगा: सीएम

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने उम्मीद जताई है कि इजरायल और ईरान के बीच युद्ध जल्द ही समाप्त हो जाएगा और बातचीत के माध्यम से इसका समाधान निकलेगा। अब्दुल्ला ने गांदरबल में मीडियाकर्मियों से शनिवार को बातचीत के दौरान चेतावनी दी कि अगर इजरायल और ईरान के बीच और तनाव बढ़ा, तो बड़ा संघर्ष छिड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हम केवल आशा और प्रार्थना कर सकते हैं कि ऐसा युद्ध न हो, क्योंकि स्थिति पहले से ही बहुत गंभीर है। मुझे समझ में नहीं आता कि इज़राइल ने ईरान पर किस आधार पर हमला किया। कुछ दिन पहले ही, अमेरिकी खुफिया विभाग के प्रमुख ने कहा था कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करने के करीब नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर अमेरिका ने कुछ हफ्ते पहले ही यह कहा था, तो फिर इज़रायल ने ईरान पर हमला क्यों किया? जाहिर है, इसके पीछे कुछ राजनीतिक मकसद हैं। फिर भी, हम उम्मीद करते हैं कि युद्ध जल्द ही समाप्त होगा और बातचीत के माध्यम से कोई समाधान निकलेगा।

### जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिले वर्ना जाएंगे कोर्ट

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को एक बार फिर से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा जल्द बहाल करने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि इसमें और देरी होने पर उनकी पार्टी को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। अध्यक्ष ने कहा कि देरी होने पर सुप्रीम कोर्ट जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। पहलगाम में पत्रकारों से बात करते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार को बने हुए आठ महीने हो चुके हैं। मुझे उम्मीद है कि जब राज्य का दर्जा बहाल होगा, तो हमें प्रशासनिक अधिकार भी मिलेंगे, जो सच्चे शासन के लिए जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य का दर्जा मिलने से सारी शक्तियां सरकार के पास आ जाएंगी। पूर्व सीएम ने कहा कि लोग व मंत्री तो चाहते हैं, लेकिन राज्य का दर्जा मिले बिना यह असंभव है।

# यूपी के हर थाने में 25-25 सिपाही बढ़ेंगे: डीजीपी

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश में पुलिस थानों में अब 25-25 सिपाही बढ़ जाएंगे। पुलिस विभाग में 60244 सिपाहियों की नियुक्ति के बाद डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि जब नवनियुक्त सिपाहियों का प्रशिक्षण पूरा हो जाएगा, तब हर थाने में लगभग अतिरिक्त सिपाही तैनात किए जाएंगे। इन सिपाहियों को बहुत ही अच्छा प्रशिक्षण दिया जाएगा और थाने की कार्यक्षमता को काफी हद तक बढ़ा देंगे। डीजीपी ने कहा कि ये नई भर्ती वाले आरक्षी आने वाले 30 से 40 वर्षों तक न सिर्फ यूपी पुलिस का मजबूत हिस्सा बनेंगे, बल्कि समाज की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि वे ट्रेनिंग ले रहे सिपाहियों को अपने अनुभव से सीख दें और ऐसा व्यवहार करें, जिससे सिपाही उन्हें देखकर सीख सकें। उन्होंने कहा कि अधिकारी खुद



अनुशासित रहें, अच्छी वर्दी पहनें, अच्छा आचरण दिखाएं और परेड में खुद शामिल हों, साथ ही ट्रेनिंग की समय-समय पर अच्छे से निगरानी भी करें। डीजीपी ने कहा कि सिपाहियों की पहले से मौजूद योग्यताओं और ट्रेनिंग के दौरान सीखे गए नए कौशल के आधार पर उनकी जानकारी को वर्ग बनाकर रिकॉर्ड किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि ट्रेनिंग में क्या-क्या दिक्कतें आ रही हैं और क्या सवाल हैं, साथ ही मुख्यालय के अधिकारियों को आदेश दिया कि इन समस्याओं का जल्दी हल किया जाए। उन्होंने ये भी कहा कि ट्रेनिंग सेंटरों में अगर कोई काम किसी और विभाग से जुड़ा है, तो सभी विभाग मिलकर उसे जल्द पूरा करें। डीजीपी ने कहा कि महिला ट्रेनिंग सेंटरों में पूरी सुरक्षा होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार वहां विशाखा कमेटी जरूर बनाई जाए, ताकि महिलाओं से जुड़ी शिकायतों का सही तरीके से निपटारा हो सके। जरूरत के मुताबिक सेंटरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और महिला अधिकारी समय-समय पर इन सेंटरों का निरीक्षण करती रहें। इनके प्रशिक्षण में 5.56 एमएम इंसास रायफल, एके-47, ग्लॉक पिस्टल, 9 एमएम पिस्टल, ग्रेनेड, 7.62 एमएम एसएलआर, .38 रिवाल्वर, 9 एमएम कारबाइन, रबर बुलेट फायरिंग और जीएफ रायफल चलाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अलावा, आईईडी, बूबी ट्रैप्स और विस्फोटकों की पहचान व निष्क्रिय करने की जानकारी भी शामिल होगी। तलाशी के तौर-तरीके जैसे आवासीय भवन, कार्यालय, गोदाम, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्डन एंड सर्च, वाहन जांच और सड़क पर छानबीन की प्रक्रिया भी सिखाई जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योग एक देश....**

लिए रवाना हो गई हैं। अपने दौरे के अंतिम व तीसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उन्होंने पुलिस लाइन में योगाभ्यास किया। देशवासियों का संदेश देते हुए मुर्मू ने कहा कि योग एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति से, एक समुदाय को दूसरे समुदाय से तथा एक देश को दूसरे देश से जोड़ने का काम करता है। दुनिया भर के लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। योग कार्यक्रम में उनके साथ उत्तराखंड के राज्यपाल ले.जन. गुरमीत सिंह ने भी योगाभ्यास किया।

ग्रीष्मकालीन राजधानी में मुख्यमंत्री धामी-मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराडी सेंण में स्थित विधानसभा परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम में योगाभ्यास किया। ये पहली बार है कि गैरसैंण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। 8 देशों के विदेशी योग साधक मेहमान भी इस आयोजन में शामिल हुए।

**पोलिंग सेंटर...**

आए थे। इसके बाद आयोग ने दो बार नियम में बदलाव किया। दरअसल, चुनाव आयोग ने तय किया है कि अब चुनावों के दौरान खींची गई फोटो, सीसीटीवी फुटेज, वेबकास्टिंग और वीडियो रिकॉर्डिंग सिर्फ 45 दिनों तक ही सुरक्षित रखी जाएंगी। इसके बाद सारा डेटा डिलीट कर दिया जाएगा। ईसी ने 30 मई को सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अगर किसी निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव नतीजे को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जाती है, तो 45 दिन बाद ये सारा डेटा नष्ट कर दिया जाए। फैसला फुटेज के दुरुपयोग और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक जानकारियों को रोकने के लिए लिया गया है। ईसी का कहना है कि हाल ही में कुछ गैर-उम्मीदवारों ने चुनावी वीडियो को तोड़-मरोड़कर गलत नैरेटिव फैलाने की कोशिश की, जिससे मतदाताओं में भ्रम की स्थिति पैदा हुई। इससे पहले 20 दिसम्बर 2024 को केंद्र सरकार ने चुनाव नियम बदलकर पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग को सार्वजनिक करने से रोक दिया था। चुनाव आयोग ने कहा कि वोटिंग और मतगणना जैसे चुनावी चरणों की रिकॉर्डिंग का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। यह काम आंतरिक निगरानी और पारदर्शिता के लिए किया जाता है, लेकिन इन रिकॉर्डिंग्स का इस्तेमाल गलत नैरेटिव के लिए भी किया जाता रहा है। इसलिए इन्हें लंबे समय तक रखने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। अब तक चुनाव से जुड़ी रिकॉर्डिंग एक साल तक संभाल कर रखी जाती थी, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई कानूनी जांच हो सके। दिसम्बर 2024 में भी नियमों में बदलाव हुआ था केंद्र सरकार ने 20 दिसम्बर को पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए चुनाव के नियमों में बदलाव किया था। अधिकारियों ने बताया कि एआई के इस्तेमाल से पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ करके फेक नैरेटिव फैलाया जा सकता है। बदलाव के बाद भी ये कैंडिडेट्स के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्य लोग इसे लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं। चुनाव आयोग की सिफारिश पर कानून मंत्रालय ने द कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल- 1961 के नियम में बदलाव किया था।

# यूपी के सभी छोटे और बड़े शहर बनेंगे ग्रीन सिटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी के सभी छोटे और बड़े शहरों को गीन सिटी बनाया जाएगा। इन शहरों को नई हरित नीति के तहत अवार्ड दिया जाएगा।

इसके लिए योगी सरकार अब यूपी के सभी शहरों की रैंकिंग कराएगी। हर शहर को यह रैंकिंग उसकी हरियाली और पर्यावरण के लिए किए जा रहे कामों के आधार पर मिलेगी। इसके लिए एक ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार किया जा रहा है, जो यह देखेगा कि कौन-सा शहर कितना हरित है, उसी के मुताबिक शहरों को ग्रीन स्टार रेटिंग दी जाएगी।

कानपुर, आगरा, वाराणसी और लखनऊ जैसे ज़्यादा प्रदूषित शहरों में सरकार का लक्ष्य है कि साल 2026 तक प्रदूषण 40 प्रतिशत तक कम किया जाए। इसके लिए नए बनने वाले सभी भवनों में ग्रीन बिल्डिंग के नियम अनिवार्य किए जाएंगे, जो शहर सबसे अच्छा प्रदर्शन करेगा, उसे अल्टीमेट ग्रीन सिटी का पुरस्कार मिलेगा। शहरों में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए आधुनिक तरीके से पौधरोपण किया जाएगा। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से शुक्रवार को नगर विकास विभाग की शहरी हरित नीति को मंजूरी दे दी है। नगर विकास विभाग के सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि यह नीति यूपी को भारत का सबसे हरित राज्य बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है और इससे लाखों लोगों की जीवनशैली बेहतर होगी। सरकार की नई शहरी हरित नीति के तहत हर शहर की हरियाली और पर्यावरण को लेकर किए गए कामों की निगरानी की जाएगी। इसके लिए एक मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया जाएगा।

शहरों को उनके प्रदर्शन के आधार पर अलग-अलग ग्रीन रैंकिंग दी जाएगी, जैसे ग्रीन सिटी, ग्रीन +, ग्रीन ++ और ग्रीन +++। अगर किसी शहर में 25 प्रतिशत से ज्यादा हरियाली है और उसे 80 प्रतिशत से ज्यादा स्कोर मिलता है, तो उसे ग्रीन प्लस की रैंकिंग मिलेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# फर्जी जीएसटी फर्म बनाकर बिल जारी करने वाला वकील कर्मचारी के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फर्जी जीएसटी फर्म बनाकर बिल जारी करने वाले वकील को उसके कर्मचारी के साथ दक्षिण-पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान इंद्रपाल और संदीप के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से पैन कार्ड, आधार कार्ड, सिम, ईमेल, रेंट एग्रीमेंट और इन फर्जी फर्मों पर जीएसटी नंबर जारी करने के लिए आवश्यक अन्य दस्तावेज और तीन स्मार्ट फोन, एक लैपटॉप और एक पेनड्राइव बरामद किये हैं। पुलिस आरोपियों के लैपटॉप व फोन की भी जांच कर रही है। आरोपियों ने अभी तक इस तरह से कितने लोगों से धोखाधड़ी की है और उनके नेटवर्क में कौन कौन हैं। पूछताछ करके उनको भी पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इंद्रपाल पेशे से वकील है। जबकि संदीप उसका कर्मचारी है। दोनों आरोपी फर्जी/फर्जी जीएसटी फर्म बनाने और जारी करने में शामिल थे, जिनका बाद में फर्जी बिलों के जरिए जीएसटी के निपटान में इस्तेमाल किया गया। सागरपुर में रहने वाले सुमित नामक व्यक्ति से एक शिकायत मिली थी। उन्होंने बताया कि अपने पैन कार्ड के माध्यम से अपनी फर्म के लिए जीएसटी पंजीकरण के लिए आवेदन किया था। पता चला कि उनके पैन कार्ड पर पहले से ही दो जीएसटी नंबर जारी किए गए थे। जिनको उसने कभी भी नहीं बनवाया था। यह भी पता चला कि जीएसटी नंबर जारी करवाने के बाद फर्म अपना काम भी कर रही थी। यहीं नहीं आरोपियों ने उसके आधार कार्ड का इस्तेमाल करके सिमकार्ड भी निकलवा लिया है। जब उसने फर्म के बारे में जानकारी ली, पता चला कि फर्म करोड़ों रुपये का करोबार कर रही हैं। एसीपी विजय कुमार की देखरेख में एसएचओ प्रवेश कौशिक के निर्देशन में पुलिस टीम ने शिकातयकर्ता से फान नंबर, जीएसटी नंबर आदि की डिटेल ली। जीएसटी अधिकारियों से

संपर्क किया। पता चला कि शिकायतकर्ता के पैन कार्ड का इस्तेमाल करके दो फर्मों को पंजीकृत किया गया है। जिसमें पते फर्जी थे और फर्म भी काल्पनिक थी। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से पानीपत और दिल्ली और एनसीआर के आसपास के इलाकों में छापेमारी करके आरोपी संदीप को चुलकाना, जिला-पानीपत, हरियाणा से पकड़ा। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि वह नाथूपुरा बुराड़ी में अपनी फर्म में एक एडवोकेट इंद्रपाल के साथ काम करता है। जीएसटी फर्मों को प्राप्त करने के बाद, वे पहले इनमें लॉग इन करते हैं। इनका इस्तेमाल करने के लिये इन फर्मों में एक नया जीमेल और मोबा. इल नंबर अपडेट करते हैं। जिसके बाद उन पार्टियों से संपर्क करते हैं, जिनको जीएसटीम बिलों की आवश्यकता होती है। जिनको मोटी रकम लेकर इन जीएसटी फर्मों के नाम पर नकली बिल जारी कर दिया करते हैं। आरोपी संदीप की गिरफ्तारी के बाद फरार इंद्रपाल को उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार किया। आरोपी इंद्रपाल से पूछताछ करने पर पता चला कि वह दिल्ली में स्थित अन्य सहयोगियों से २५ से तीस हजार रुपये में प्रति फर्म के हिसाब से जीएसटी फर्म खरीदता था। वे लॉगिन की जानकारी और एक सिम कार्ड भी दिया करते थे। सिमकार्ड भी अपने एक नेटवर्क से मंगवाया करता था। इसके बाद वह संदीप के साथ इन फर्मों को खरीदने के बाद लॉग इन करता था और इन फर्मों के जीमेल बदल देता था।

# ईवी की खरीद पर दिल्ली वालों को मिलेगी सब्सिडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई ईवी नीति लागू होने में देरी से दिल्ली में लोगों को ईवी के प्रति झुकाव नहीं हो पा रहा है। लोग इस उम्मीद में हैं कि ईवी नीति-दो लागू हो और वे ईवी खरीद सकें। दरअसल नई ईवी नीति में इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर तमाम प्रस्ताव हैं, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों पर लोगों को सब्सिडी मिलने की भी संभावना है। ऐसे में उन्हें वाहन सस्ते में मिल सकेंगे।

परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने कहा है कि उनका प्रयास है कि नई ईवी नीति को इसी माह के अंत तक लागू कर दिया जाए।उन्होंने कहा कि नई नीति जनता के हित वाली नीति होगी, जिसमें वाहन चार्जिंग के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर रहेगा। यहां बता दें कि दिल्ली सरकार जिस इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति-दो के दम पर अगले कुछ सालों में दिल्ली को ईवी कैपिटल बनाने की कोशिश कर रही है, इस नीति को लागू करने में हो रही देरी से लक्ष्य को पाने में सरकार के सामने चुनौती बढ़ रही है।

ईवी नीति-दो में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जरूरत के हिसाब से चार्जिंग स्टेशन से लेकर चार्जिंग की व्यवस्था के तहत बैटरी स्वैप चार्जिंग स्टेशन को बढ़ाने और जरूरत के हिसाब से इन्हें स्थापित करने के प्रस्ताव हैं। इस व्यवस्था के तहत मात्र पांच मिनट में चालक को चार्ज की हुई बैटरी मिल जाती है। वाहनों के खरीद पर सब्सिडी और छूट देने की तमाम योजनाओं को शामिल किया गया है, दिल्ली की जनता भी इसी उम्मीद के साथ टकटकी लगाए हुए हैं कि जल्द ही यह स्कीम लागू हो जिससे वाहन खरीदने में उन्हें लाभ मिल सके।

## एक नजर

### नारायणा अस्पताल ने योग सत्र आयोजित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नारायणा अस्पताल, गुरुग्राम ने अपने परिसर में योग सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अस्पताल के स्टाफ, मरीजों, उनके तीमारदारों और अन्य आगंतुकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।योग सत्र में ६० वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे समावेशिता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश और मजबूत हुआ। योग सत्र का संचालन प्रमाणित योग विशेषज्ञ प्रीति टम्टा ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को आसान योगासन, श्वास अभ्यास और ध्यान की तकनीकों से परिचित कराया, जो शारीरिक और मानसिक दोनों ही स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। उन्होंने बताया कि अगर हम योग को अपने दैनिक के जीवन का भाग बना लें, तो इससे तनाव कम होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और समग्र स्वास्थ्य बेहतर रहता है। कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए प्रीति ने कहा, नारायणा हेल्थ हमेशा से ही रोगों की रोकथाम और समग्र स्वास्थ्य के बेहतरी में विश्वास रखता है। नारायणा अस्पताल, गुरुग्राम देश के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में से एक है, जो सुलभ और उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। नारायणा हेल्थ न केवल उत्कृष्ट क्लिनिकल केयर के लिए जाना जाता है, बल्कि यह स्वास्थ्य जागरूकता, निवारक उपायों और सामुदायिक सहभागिता से जुड़े कार्यक्रमों को भी सक्रिय रूप से बढ़ावा देता है।

### योग भारत का वैश्विक उपहार: अतुल जैन



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर परअखिल भारतीय श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल जैन जी ने समस्त देशवासियों एवं जैन समाज को योग दिवस की हार्दिक शुभ कामनाएं देते हुए योग के महत्व पर विस्तृत विचार साझा किए।इस मौके पर अतुल जैन जी ने कहा, कि योग केवल शरीर को लचीला बनाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह आत्मा, मन और शरीर के बीच समरसता और संतुलन का विज्ञान है। यह भारत की प्राचीनतम सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर है, जिसने अब पूरी दुनिया में अपनी उपस्थिति और प्रभाव सिद्ध किया है।"उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि जैन दर्शन भी योग के मूल तत्वों जैसे आत्म-संयम, ध्यान और साधना पर विशेष बल देता है। उन्होंने कहा कि जैसे अहिंसा, संयम और आत्मशुद्धि जैन धर्म के मूल स्तंभ हैं, वैसे ही योग भी हमें मानसिक शांति, शारीरिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक चेतना की ओर प्रेरित करता है।

### समय से पहले दिल्ली में दस्तक देगा मानसून

**नई दिल्ली।** मानसून के अगले दो से तीन दिन में दिल्ली पेहुं. चने की उम्मीद है। दक्षिण-पश्चिम मानसून बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के शेष हिस्सों, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, उतराखंड के अधिकांश हिस्सों, हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों और लद्दाख के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। ऐसे में यह पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों और दिल्ली के शेष हिस्सों में आगे बढ़ सकता है। इस तरह से मानसून अपने तय समय से पहले दिल्ली में दस्तक दे देगा। दिल्ली में तीन दिन का बारिश व आंधी का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होगी। जबकि ३०-४० किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलेगी जिसकी रफ्तार बढ़कर ५० किलोमीटर तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग की मानें तो दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हो रही हैं।

### मकोका में शामिल आरोपी इंद्रपुरी से पकड़ा

**नई दिल्ली।** ठक-ठक गैंग का सक्रिय सदस्य और सडक हादसे में घायल होने के बाद भी वारदातों को अंजाम देने वाले पांच साल से फरार आरोपी सूरज उर्फ माइकल को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। २०२० में आरोपी सूरज को अंबेडकर नगर थाने में दर्ज मकोका मामले में घोषित अपराधी (पीओ) घोषित किया गया था। वह डकैती, सेंधमारी, मोटर वाहन चोरी और अवैध हथियार रखने सहित लगभग ३० मामलों में शामिल है। इंस्पेक्टर अजीत कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद आरोपी सूरज को इंद्रपुरी इलाके गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी ने पी. सिल्वा का लंबे समय से सहयोगी होने और २०१३ से ठक-ठक गिरोह का सक्रिय सदस्य रहा था। एक दशक पहले एक गंभीर सडक दुर्घटना का शिकार होने के बावजूद, वह आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा और कई बार जेल भी गया। वह मूल रूप से अंबेडकर नगर में रहता था, लेकिन बाद में पहचान से बचने के लिए इंद्रपुरी में रहने लगा और छिपकर अपनी अवैध गतिविधियों को जारी रखा।

### ड्रग के साथ नाइजीरियन पकड़ा

**नई दिल्ली।** भारत में अवैध रूप से रहकर ड्रग्स की तस्करी करने वाले एक नाइजीरियन एमेका मार्वलस को विजय विहार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से २०.८० ग्राम एमडी एम्फेटामाइन ड्रग जब्त की है। एसीपी अतुल सूद की देखरेख में एसएचओ अजय कुमार यादव के निर्देशन में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद आरोपी को विजय विहार स्थित छठ घाट पार्क में किसी का इंतजार करते हुए गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि वह मालवीय नगर इलाके में किराये के मकान पर रहता है। करीब एक साल पहले उसका वीजा खत्म हो गया था। वह पिछले चार साल से ड्रग्स की दिल्ली और एनसीआर में सप्लाई करता है।



दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा अशोक नगर के हॉकी ग्राउंड में योग दिवस समारोह का नेतृत्व करते हुए।

# मंत्री मनजिंद सिंह ने हॉकी ग्राउंड में किया योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने अशोक नगर के हॉकी ग्राउंड में ११वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया। इस मौके पर उन्होंने स्थानीय निवासियों, युवा समूहों और वरिष्ठ नागरिकों के साथ योग अभ्यास किया।

इस अवसर पर मनजीत सिंह सिरसा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली ११ साल बाद उत्साह से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है ख्र ये अपने आप में ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया योग दिवस मना रही थी, तब दिल्ली की पिछली सरकार ने सिर्फ इसलिए इसे नजरअंदाज किया क्योंकि ये प्रधानमंत्री मोदी की पहल थी। उस सोच ने लोगों को उस चीज से दूर कर दिया जो हमारी संस्कृति का हिस्सा है।"नई सरकार के नेतृत्व में दिल्ली के कई प्रमुख स्थानों और कॉलोनियों में हजारों लोगों ने उत्साह से योग दिवस में हिस्सा लिया। सिरसा ने कहा कि योग राजनीति नहीं है ये हमारे स्वास्थ्य और जीवनशैली से जुड़ा हुआ है।ये देखकर गर्व होता है कि जब प्रधानमंत्री विशाखापत्तनम में योग कर रहे हैं और मुख्यमंत्री यमुना किनारे हैं, तब दिल्ली के हर कोने में लोग इस परंपरा को अपना रहे हैं। अब दिल्ली को ऐसी सरकार मिली है जो सेहत और संस्कृति ख्र दोनों को प्राथमिकता देती है।

# पैराथायराइड की सर्जरी हुई बिना चीर-फाड़ के संभव

**नई दिल्ली।** पैराथायराइड एडेनोमा की बीमारी से जूझने वाले मरीजों की सर्जरी के लिए अब एम्स में पैराथायराइड एडेनोमा की सर्जरी के लिए अब गर्दन पर चीर-फाड़ एम्स में रोबोट की मदद से अंजाम दिया जा रहा है। बीते छह महीने में करीब ३० से ज्यादा सर्जरी की गई है, जिसके काफी अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं।एम्स के सर्जिकल डिसिप्लिन विभाग के प्रो. सुनील चुम्बर के नेतृत्व में यह सर्जरी की गई है। विभाग में अतिरिक्त प्रो. डॉ. कमल कटारिया ने बताया, पारंपरिक ओपन सर्जरी में गर्दन में चीरा लगाने की जरूरत पड़ती है। इसके निशान गर्दन पर बने रहते हैं। लेकिन रोबोटिक तरीके से सर्जरी करने में चीर-फाड़ की आवश्यकता नहीं होती है। अंडरआर्म के रास्ते और शरीर के दूसरे हिस्सों से भी सर्जरी को अंजाम दिया जा सकता है। जिसके निशान दिखाई नहीं देते हैं। रोबोटिक सर्जरी में थ्रीडी तस्वीरों के मिलने से सटीक स्थान पर सर्जरी होती है। सर्जरी के दौरान किसी दूसरे उतक को नुकसान नहीं पहुंचता है। मरीज को दर्द कम और जल्द से ठीक होने लगता है।

# निगम के रोहिणी क्षेत्र में योग दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के रोहिणी क्षेत्र द्वारा आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शहीद भगत सिंह स्टेडियम मंगोलपुरी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राजकुमार चौहान, माननीय विधायक मंगोलपुरी, श्री नरेंद्र सोलंकी माननीय उपाध्यक्ष (वार्ड समिति) रोहिणी क्षेत्र, पार्षदगण, श्री प्रेम कुमार मण्डल, उपायुक्त रोहिणी क्षेत्र, अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थानीय निवा. सियों, गैर-सरकारी संगठनों के प्रति. निधियों, विद्यार्थीगण, दिल्ली नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सामूहिक योगाभ्यास किया और योग के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान रोहिणी क्षेत्र के स्कूली छात्रों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन के साथ-साथ एक प्रेरणादायक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसकी सराहना सभी अतिथियों द्वारा की गई। बच्चों एवं डी.एम.एस.डब्ल्यू. एस.एल. के स्वंयसेवको ने नुक्कड नाटक के माध्यम से प्रस्तुति दी, जिसमें ष्प्लैग योगा प्लास्टिक न कहो..ष जैसे भावनात्मक संदेश के माध्यम से प्लास्टिक उन्मूलन एवं वृक्षारोपण को भी बढ़ावा दिया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत सभी गणमान्य व्यक्तियों और उपस्थित जनसमूह द्वारा लगभग ११००० पौधे रोपे गए, जिससे पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने का संद. ेश दिया गया। रोहिणी क्षेत्र द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों, विद्यार्थियों, संस्थानों एवं कर्मचारियों को उनके सक्रिय सहयोग हेतु हार्दिक धन्यवाद दिया गया तथा आगे भी योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया गया।

# दस लाख रुपये की लूट में शामिल लुटेरा पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साउथ रोहिणी इलाके में बीते मई महीने में दस लाख रुपये की लूट की वारदात में शामिल राहुल दान सिंह नामक आरोपी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है,जो वारदात के बाद से पुलिस से बचने के लिये अपने ठिकाने बदल रहा था। एसआई रविंदर और कांस्टेबल मनोज की एक पुख्ता जानकारी के बाद एसीपी राजपाल डबास की देखदेख में इंस्पेक्टर गौतम मलिक के निर्देशन में पुलिस टीम ने राहुल को डी मॉल-रोहिणी सेक्टर-३ के पास से गिरफ्तार किया। आरा. ेपी से पूछताछ करने पर पता चला कि २१ मई को,वह अपने सहयोगी प्रिंस उर्फ लालू, असलान पठान, योगेंद्र उर्फ राजा और जतिन तिवारी उर्फ लंगड़ा, कपिल पटेल और पीयूष सिंह अधिकारी के साथ शिकायतकर्ता कुलदीप से १० लाख रुपये की लूट में शामिल था और उसने लूट के दौरान अपनी बाइक का इस्तेमाल किया था। वह बाइक चला रहा था जब उसके साथी जतिन तिवारी उर्फ लंगा ने शिकायतकर्ता कुलदीप से बैग लूट लिया। बैग लूटने के बाद भागते समय उनकी बाइक सडक पर गिर गई। वे भागने के लिए पैदल भागे। जतिन तिवारी उर्फ लंगड़ा ने बैग प्रिंस उर्फ लालू को सौंप दिया जो दो अन्य सहयोगियों के साथ दूसरी बाइक पर था। जिसके बाद आरोपी राहुल भाग गया और अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना ठिकाना बदलता रहा।

# रोहिणी में लोगों ने किया योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर ७ के सर्वोदय स्कूल में भारत विश्व शांति मंच ने मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के साथ मिलकर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें सैकड़ो लोगों ने योग किया।

योग कक्षा आरंभ करने से पहले लोगों ने एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का योग दिवस पर संबोधन सुना। कार्यक्रम की आयोजक लक्ष्मी गुप्ता ने बताया कि वे पिछले ३ साल से लगातार योग दिवस पर सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन कर रही हैं। लेकिन इस बार मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने उनके संस्था को टी-शर्ट और आसान इत्यादि उपलब्ध करवाए हैं। रोहिणी सेक्टर ६ स्थित छोटू राम पार्क में एवरग्रीन योग सेवा ग्रुप की तरफ से छोटे बच्चों के लिए ४५ दिन का योग शिविर चल रहा है। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अतुल सिंघल ने कहा कि ऋग्वेद में उल्लेखित प्राचीन आध्यात्मिक योग पद्धति को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलने के पश्चात आम जनमानस में इसके प्रति जागरूकता आई है, जिसका श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है।

# बीएसएफ ने योग दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। ११वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, बीएसएफ ने निजामुद्दीन स्थित बीएसएफ सुविधा में कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के अनुसार एक विशाल योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएफ के महा. निदेशक दलजीत सिंह चौधरी शामिल हुए और जवानों तथा उनके परिवारों के साथ इस सत्र में भाग लिया। बीएसएफ के महानिदेशक के नेतृत्व में ४०० से अधिक सीमा कर्मियों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ सुबह के योग संगम कार्यक्रम में भाग लिया, जिसका आयोजन इस वर्ष की थीम ष्एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगष के अनुसार किया गया था। इस सत्र का संचालन प्रशिक्षित बीएसएफ योग प्रशिक्षकों के एक समूह द्वारा सावधानीपूर्वक किया गया। इस सत्र का उद्देश्य योग के माध्यम से मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस बनाए रखने का संदेश फैलाना था।

योग ने सीमा सुरक्षा बल के जवानों की मानसिक और शारीरिक मजबूती बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई है, जिससे उन्हें कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कुशलतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में मदद मिलती है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन फ्रंटियर मुख्यालय, सेक्टर मुख्यालय, बटालियन मुख्यालय, प्रशिक्षण संस्थानों और सीमा चौकियों सहित सभी बीएसएफ स्थानों पर किया गया।

# लापता दो किशोरियों को दिल्ली व बिहार से तलाशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत दो किशोरियों को उनके परिजनों से मिलवाया है। जिनको तलाशने के लिये दिल्ली पुलिस ने बीस हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते मंगलवार को समयपुर बादली से लापता किशोरी को एसीपी अरुण चौहान की देखरेख में इंस्पेक्टर मुकेश के निर्देशन में पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी और फील्ड इंटेलिजेंस के आधार पर सरोज अस्पताल, सेक्टर-१९, रोहिणी के पास से सकुशल तलाशकर परिजनों से मिलवाया,जो शराब के नशे में अपने पिता द्वारा डांटे जाने के बाद गुस्से में घर से चली गई थी। वहीं दो मार्च से अलीपुर इलाके से लापता किशोरी को एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर गौतम मलिक के निर्देशन में पुलिस टीम ने दिल्ली और बिहार में विभिन्न स्थानों छापेमारी करके किशोरी को समस्तीपुर के धनोह गांव से सकुशल बरामद कर लिया।

# योग से विश्व में शांति, एकता व भाईचारे का संदेश फैला: ओम बिरला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लाल किला मैदान में आज एक विशाल सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' विषय पर आयोजित यह मेगा कार्यक्रम आयुष मंत्रालय के साथ मिलकर, तथा मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सहयोग से संपन्न हुआ। सर्व प्रथम, विशाखापट्ट नम से माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने अधिक से अधिक लोगों को स्वस्थ यौगिक क्रिया एवं स्वच्छ जीवन शैली अपनाने की अपील की। उसके बाद, योग के कॉमन प्रोटोकॉल के अनुसार लाल किला मैदान में लोगों को योगासन एवं प्राणायाम एक्ससर्साइज कराया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी ने कहा कि मन की शांति के साथ जीवन में कार्य कुशलता




और जिंदगी के समग्र विकास के लिए योग व्यक्ति की दिनचर्या का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा सिखाया जा रहा राजयोग लोगों के तनाव, अवसाद और चिंताओं को दूर कर मन को शक्ति देने का कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा दुनिया के अंतिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति के जीवन के अंदर परिवर्तन लाने में संस्था ने काम किया है, इसी तरीके से समाज में अवसाद तनाव दूर कर शांति को लाने का काम कर रही है। ओम शांति का संदेश जब दुनिया के अंदर जाएगा तो लोगों के व्यक्तित्व विकास, सर्वांगीण स्वास्थ और कार्य कुशलता भी बढ़ेगी। ११वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारी संगठन विश्व की सबसे बड़ी बहनों द्वारा संचालित संस्था है, जो भारत के अध्यात्म और योग परंपरा का पूरे विश्व में प्रचार, प्रसार कर रही हैं। बिड़ला जी ने आगे कहा कि शारीरिक योग से अधिक प्रभावशाली है मानसिक, बौद्धिक व आत्मिक योग, जिसे सहज राजयोग कहते हैं, और जिससे चिंता, अशांति, तनाव व अवसाद जैसी नकारात्मक स्थिति समाप्त हो जाती है और मानव सच्ची शांति, प्रसन्नता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है, तथा मानव कार्य व व्यवहार कुशलता से परिपूर्ण होता है। ब्रह्माकुमारी संस्था के महासचिव राजयोगी बृजमोहन ने अपने वीडियो मैसेज में कहा कि समय की पुकार है योगी जीवन।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# मोदीनगर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया शातिर अभियुक्त

## बदमाश के पैर में लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** थाना मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ के दौरान चेन स्नेचिंग की घटना कारित करने वाला अभियुक्त घायल अवस्था में गिरफ्तार,कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस, 02 जिन्दा कारतूस, 01 स्कूटी एवं लूटी गई चेन से प्राप्त 25000/- बरामद किये हैं। कार्यवाहक एसीपी ने बताया कि शुक्रवार को करीब रात 11:45 बजे थाना मोदीनगर पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा अपराध की रोकथाम हेतु बुदाना पर चेकिंग की जा रही थी तभी दो स्कूटी सवार व्यक्ति बुदाना की तरफ से आए जिन्हें चेकिंग हेतु पुलिस द्वारा रोकने का इशारा किया किंतु वह पुलिस को देखकर बुदाना के जंगल की तरफ भागने लगे जिसका पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया व रो. कने का इशारा किया गया परंतु उनके द्वारा स्कूटी को तेजी से मोड कर भागते हुए एक राउंड फायरिंग की गई तभी उनकी स्कूटी फिसल कर गिर गई।

जिन्हें शक होने पर पुलिस टीम द्वारा पकड़ने का प्रयास किया गया तो उन्होंने अपने आप को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया टीम द्वारा अपना बचाव करते हुये आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में फायर किया जिसमें एक अभियुक्त के पैर मे गोली लगी जिससे अभियुक्त घायल होकर नीचे गिर गया व अन्य व्यक्ति मौके का फायदा उठाकर जंगल के रास्ते भाग गया। घायल व्यक्ति से नाम व पता पूछने पर उसने अपना नाम शोएब पुत्र साजिद निवासी खैर नगर मेरठ थाना दिल्ली गेट मेरठ बताया उसकी तलाशी ली गई तो उसकी एक जेब से दो जिंदा कारतूस व दूसरी जेब से 25000 बरामद हुए 25000 के बारे में उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि यह पैसे अभी कुछ दिन पहले 4 तारीख को हमने हरमुख पुरी से एक महिला की चेन लूटी थी। अपने दोस्त समीर के साथ मिलकर यह पैसे उस चेन को बेचकर मिले हैं। जिसके कब्जे से 01 अवैध पिस्टल 0.32 बोर, 02 खोखा कारतूस, 02 जिंदा कारतूस व 01 स्कूटी बरामद हुई।

अभियुक्त शोएब पर विभिन्न जनपदों में लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट के 32 मुकदमे पंजीकृत है। घायल अभियुक्त को इलाज हेतु अस्पताल भेज दिया गया है। नये थाना प्रभारी के आते ही एक सप्ताह के अंदर एक शातिर अभियुक्त को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने से कम से कम यह तो तय है कि मोदीनगर थाना क्षेत्र में आएदिन होने वाली चौन छिनैती की घटनाओं पर अंकुश लगेगा व बदमाश के गोली लगने से अन्य अपराधियों के मन में भी भय व्याप्त होगा, जिससे कुछ तो अपराधों में कमी अवश्य ही आयेगी।



### आईटीएस कॉलेज में योग दिवस का आयोजन

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में रहे उपस्थित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस कॉलेज मोहन नगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, आई.टी.एस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर पी चड्ढा, आई.टी.एस ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, सांसद, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं विधायकगण, आई.टी.एस के निदेशकगण, उपप्राचार्या, जनपद समाजसेवी एवं के साथ साथ वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे आईटीएस ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और योग की महत्वता के विषय में चर्चा की और इसे सभी के लिए आवश्यक बताया। मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सम्बोधन मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, भारत की इस सन्दर्भ मे उपलब्धि एवं योग की महत्वता के विषय पर चर्चा की एवं आईटीएस द्वारा कराये जा रहे प्रयासों की सराहना की और कॉलेज मैनेजमेंट का धन्यवाद किया करते हुए कहा एक जिम्मेदार शिक्षक संसथान होने के आईटीएस का सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्रियाकलापों के प्रति सपर्पण शेष संस्थानों के लिए एक प्रेरणा होगी। इस आयोजन में सस्न्था के प्रांगण में 02 अलग अलग स्थानों पर 1000 से अधिक लोगों ने भाग लिया एवं योग एवं ध्यान की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया और साथ साथ उसको करते हुए भरपूर आनंद भी लिया। कार्यक्रम के समापन पर आईटीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर पी चड्ढा ने कहा की संस्था सदा से देश और समाज के उत्थान के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता रहता है और आगे भी इसी तरह प्रयासरत रहेगा ृइसी के साथ डॉ. आर पी चड्ढा ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं सभी आगंत. ुकों का विशेष आभार व्यक्त करते हुए वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा उनका अभिनन्दन किया और स्मृति चिन्ह प्रदान किये।



## मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करता है योग: डॉ. एससी अग्रवाल



**मोदीनगर।** स्थानीय डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदी नगर में ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को बहुत ही भव्यता से एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की भावना के साथ मनाया गया। भारतीय योग संस्थान मोदीनगर के जिलाध्यक्ष नरेश कुमार शर्मा एवं जिला मंत्री बी के गुप्ता के निर्देशन में छात्रों, एन सी सी कैडेट्स एवं गणमान्य व्यक्तियों ने योग की बारीकियों को सीखा तथा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्रधानाचार्य सतीश चन्द अग्रवाल ने तथा संचालन योगाचार्य बी के गुप्ता एवं कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने संयुक्त रूप से किया । कार्यक्रम के उपरांत कॉलेज प्रधानाचार्य ने सभी योग आचार्यों का विद्यालय के छात्रों को योग की महत्ता एवं लाभ की जानकारी देने के लिए लिए धन्यवाद दिया तथा उन्हें विद्यालय के शिक्षकों के साथ सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों, एन सी सी कैडेट्स, शिक्षकों, 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर से पी आइ स्टाफ, शहर के गणमान्य व्यक्तियों, योग साधकों सहित लगभग 400 लोगों ने योग कर सभी को योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

## एसआरएम में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'हरित योग' के रूप में आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली-एनसीआर परिसर, मोदीनगर गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) में 21 जून को प्रातः 6:00 बजे मुख्य मैदान में 'हरित योग' कार्यक्रम के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया। 'हरित योग' का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वास्थ्य, सामंजस्य और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। इस आयोजन ने स्वस्थ जीवनशैली और हरित वातावरण के महत्व को विशेष रूप से रेखांकित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। तत्पश्चात डॉ. नवीन अहलावत (डीन - विज्ञान एवं मानविकी) ने 'हरित योग के माध्यम से समरसता' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके पश्चात सोनिया पाल (सहायक प्रोफेसर - योग) के निर्देशन में सामूहिक योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग सत्र के उपरांत सभी प्रतिभागियों ने 'समग्र स्वास्थ्य की शपथ' ली।



इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा "सेरेनिटी इन मोशन" शीर्षक से एक मनमोहक योग प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। इस अवसर पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की।

कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। संपूर्ण आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा। प्रतिभागियों ने इसे स्वास्थ्य, शांति एवं पर्यावरण चेतना से परिपूर्ण एक अद्वितीय अनुभव बताया। इस कार्यक्रम को एसआरएमआईएसटी दिल्ली-एनसीआर के निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन, डॉ. आर. पी. महापात्रा (डीन), डॉ. नवीन अहलावत (डीन - विज्ञान एवं मानविकी), डॉ. धौम्या भट्ट (डीन - आईक्यूएसी) तथा डॉ. गीता भवानी (डीन - अनुसंधान) के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस अवसर पर संस्थान के छात्र, शिक्षकगण एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने इस वैश्विक स्वास्थ्य एवं शांति के उत्सव में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## आईटीएस कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस वर्ष का विषय एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग था। यह दिवस प्रतिवर्ष योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और इसके शारीरिक व मानसिक लाभों को प्रसारित करने के उद्देष्य से मनाया जाता है। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सूर्या नमस्कार, भुजंगासन, ताड़ासन, गरूड़ासन, उत्कटासन जैसे विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने गहरी और धीमी श्वास तकनीकों के माध्यम से ध्यान साधना की, जिससे रक्त प्रवाह बढ़ाने, मांसपेशियों को सशक्त बनाने और मानसिक शांति प्राप्त करने में मदद मिली। इस योग शिविर में डेन्टल, फिजियोथेरेपी एवं फार्मेसी कॉलेजों के सभी फैकल्टी एवं छात्र-छात्राओं ने बढ-चढ़कर भाग लिया।शिविर का उद्देश्य प्रतिभागियों को योग के शारी. रिक मानसिक व आध्यात्मिक लाभों से अवगत कराना था।

यह संदेश दिया गया कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि एक जीवन शैली है जो तन-मन को स्वस्थ रखती है। इस अवसर पर आईटीएस डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी, आईटीएस इन्सटीटयूट ऑफ हेल्थ एण्ड एलाइड साइंसेज के प्रधानाचार्य, डॉ एम थंगराज एवं आईटीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक, डॉ एस सादिश सहित सभी फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहें।

### योग को बनाए नित्य की दिनचर्या का हिस्सा

# सकारात्मक बदलाव के लिए शुरुआत करें- आज से, अभी से: अतुल वत्स



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विश्व योग दिवस के मौके पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा भी आयोजन रखा गया। प्राधिकरण के द्वारा विकसित मधुबन बापू धाम योजना के गोल चक्कर पार्क के अलावा प्राधिकरण कार्यालय परिसर में आयोजन रखा गया। प्राधिकरण कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा कि इंसान मौजूदा में इतनी अधिक भाग दौड वाली जिंदगी में व्यस्त हो गया है कि वह खुद के शरीर के प्रति भी अनभिज्ञ हो गया है। समय समय पर चिकित्सा क्षेत्र में अध्ययन के बाद जारी रिपोर्ट पर ही गौर करें तो इंसान के शरीर में बीमारियों के प्रवेश का मुख्य कारण केवल इंसान के द्वारा खुद के शरीर पर ध्यान नहीं दिया जाना है।

मौजूदा समय मे सबसे बडी आवश्यकता योग को नित्य की दिनचर्या का हिस्सा बनाना है। इसके लिए विश्व योग दिवस आदि के आयोजन का इंतजार नहीं किया जाना चाहिए। योग अनुशासित जीवन शैली अपनाने का माध्यम है इससे न केवल मानसिक शांति प्राप्त होती है बल्कि स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

इस दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने जीडीए स्टाफ को भी नित्य की जीवन शैली का हिस्सा बनाने पर बल दिया। आयोजन के दौरान योगाचार्यों के द्वारा योग अभ्यास संचालित किए गए। इस दौरान जीडीए सचिव, वित्त नियंत्रक एवं प्राधिकरण के दूसरे अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया।

## पतंजलि मोदीनगर में मनाया गया योग दिवस

**मोदीनगर।** भारतीय सनातन संस्कृति का गौरव दिवस जो पूरे विश्व में योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जिसका श्रेय हमारे ऋषि व मुनि व योगी तपस्वियों से लेकर वर्तमान के योग ऋषि परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज व अन्य योगी आत्मा व योग संगठन के जमीनी कार्यकर्ता एवं अति महत्वपूर्ण हमारे वर्तमान के प्रधानमंत्री को जाता है। इसी उपलक्ष्य में पतंजलि वैलनेस सेंटर मोदीनगर के योग भवन में 400 व्यक्तियों की दिव्य उपस्थिति में बहुत धूमधाम से योग दिवस मनाया गया। जिसके लिए पतंजलि वैलनेस के सेवा प्रमुख पूज्य स्वामी आरोग्य देव के द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल का प्रदर्शन मंच से किया और 60+ उम्र के व्यक्ति द्वारा योग का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में हमारे मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय रामकिशोर अग्रवाल पूर्व राज्य मंत्री, डॉ. बबली गुर्जर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, डॉ. पवन सिंघल वरिष्ठ भाजपा नेता, प्रमोद शर्मा वकील, सुरमेश शर्मा पूर्व प्रधान, श्रीमती दयावती देवी भूमि दानदाता।

## डीजेजेएस ने योगा डे विलक्षण योग और ध्यान साधना शिविर के साथ मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) - गाजियाबाद शाखा ने इंटरनेशनल योगा डे 2025 को बड़े उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ मनाया। इस साल की थीम थी 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हैल्थ' जो हमारे व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पृथ्वी की सेहत को जोड़ता है। अनेक लाभार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिनमें छात्र, प्रोफेशनल, गृहिणियां और बुजुर्ग भी शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत ओम चेंटिंग और वॉर्म-अप एक्सरसाइज से हुई, इसके बाद प्रशिक्षित योगाचार्य मनीष पाल की अगुवाई में निम्नलिखित योगासन और प्राणायाम की कक्षाएं हुई: प्रतिभागियों ने अनुलोम विलोम प्राणायाम का अभ्यास किया, जो श्वसन तंत्र को मजबूत बनाने और मानसिक शांति प्रदान करता है। इसके पश्चात् सूर्य नमस्कार प्राणायाम का अभ्यास हुआ जो संपूर्ण शरीर की ऊर्जा बढ़ाता है।

कपालभाति प्राणायाम के माध्यम से पेट की चर्बी कम करने और पाचन तंत्र सुधारने का तरीका सिखाया गया। उष्ट्रासन के अभ्यास से रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाने की तकनीक प्रदान की गई। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि हम ध्यान और योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएंगे। सभी ने योग को अपनी रोजाना की जिंदगी में अपनाने और दूसरों तक इसके फायदे पहुंचाने का वादा किया। आधुनिक जीवनशैली में मानसिक एकाग्रता बढ़ाने के लिए मोबाइल ध्यान की विशेष तकनीक सिखाई गई।

शोल्डर स्ट्रेचिंग के अभ्यास से कंधों और गर्दन के तनाव को दूर करने की विधि बताई गई। ताड़ासन के माध्यम से संपूर्ण शरीर की मजबूती प्राप्त करने का तरीका दिखाया गया। मकरासन का अभ्यास तनाव मुक्ति और गहरी विश्राम के लिए कराया गया। उत्तानपादासन से पेट की मांसपेशियों को मजबूत बनाने की तकनीक सिखाई गई। नाड़ी शोधन प्राणायाम के अभ्यास से नर्वस सिस्टम को संतुलित करने की विधि प्रदान की गई और अंत में वज्रासन के माध्यम से पाचन क्रिया सुधारने का तरीका बताया गया। कार्यक्रम में इसके अलावा होलिस्टिक हेल्थ और पोषण पर बातचीत, बीमारी विशेष योग अभ्यास का प्रदर्शन, योग के इतिहास, विज्ञान और आध्यात्मिक महत्व की एक छोटी प्रदर्शनी और व्यावहारिक ध्यान तकनीकों का अभ्यास भी शामिल था। कार्यक्रम की विशेष उपस्थिति में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्याएं साध्वी श्वेता भारती, साध्वी वासुधा भारती, साध्वी वंदना भारती एवं साध्वी ज्योति भारती भी उपस्थित रहीं। साध्वी श्वेता भारती ने आध्यात्मिक संबोधन करते हुए सभी को योग का महत्व बताया, ध्यान के गहरे अर्थ को भी समझाया और सभी प्रतिभागियों को इसे नियमित रूप से जीवन का अभिन्न भाग बनाने की प्रेरणा दी।

## उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया योग दिवस

**साहिबाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह, हर्षोल्लास और सामूहिक ऊर्जा के साथ मनाया गया। यह दिन स्वास्थ्य, संतुलन और आंत. रिक शांति का प्रतीक है। कार्यक्रम मुख्यातिथि के रूप में पार्षद मनोज गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन योग गुरु सुनील गुप्ता द्वारा किया गया, जो लगातार पिछले 4 वर्षों से निःस्वार्थ भाव से योगाभ्यास करा रहे हैं। योग सत्र में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने न केवल योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में पार्षद मनोज गोयल के द्वारा तीन घोषणाएँ कीं गई जो सभी निवासियों के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक रही।सोसाइटी के सामने एक नई और उत्तम सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा, जिसके लिए वे प्रयासरत हैं। सोसाइटी में एक ओपन जिम की स्थापना की जाएगी, जिसका प्रस्ताव सरकार को प्रेषित किया जा चुका है। उन्होंने यह भी निवेदन किया कि निवासी वर्तमान में अपना हाउस टैक्स जमा न करें, क्योंकि वे हाउस टैक्स में अत्यधिक वृद्धि का विरोध कर रहे हैं और इस संबंध में सरकार को पत्र भी लिखा गया है।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी मेंबअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य हेतु योग रही, जो वैश्विक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संतुलन की ओर एक सकारात्मक संदेश देती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के सभी निद. ेशकगण, विभागाध्यक्षगण, शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य एवं छात्रगण की उपस्थिति ने इस आयोजन को और अधिक प्रभावशाली एवं जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित योगाचार्य आचार्य डॉ. यश पराशर, अध्यक्ष - राष्ट्रीय योग भारती एवं ख्यातिप्राप्त आध्यात्मिक योग गुरु ने योग सत्र का संचालन किया। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायामों और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया।



इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शीर्ष पदाधिकारीगण कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल, प्रो-कुलाधिपति नितिन अग्रवाल, कुलपति डॉ. प्रसंजीत कुमार, प्रो-वाइस चां. सलर पियूष श्रीवास्तव भी गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि योग आत्मिक और शारीरिक संतुलन का आधार है। ऐसे आयोजन हमारे मूल मूल्यों और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। कुलपति डॉ. प्रसंजीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ष्योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य नहीं, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन का भी माध्यम है, और उन्होंने सभी से इसे जीवन की दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया। प्रो-वाइस चांसलर पियूष श्रीवास्तव' ने अपने संबोधन में कहा कि ष्योग दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि सतत स्वस्थ जीवन की ओर एक प्रेरणा है।

कार्यक्रम का प्रभावी संच. ालन एवं समन्वय प्रो. संदीप सिंह, मुख्य अनुशासन अधिकारी , एस0डी0जी0आई0 ग्लोबल यूनिवर्सिटी एवं डॉ. अवधेश पी. सिंह, निदेशक ख्र स्कूल ऑफ एजुकेशन' द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को जलपान कराया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय समुदाय को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

## राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने किया योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश पंडित अशोक भारतीय, भाजपा नेता व प्रदेश महामंत्री सौरभ यादव आदि पदाधिकारीयो ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग प्रणाम किया तथा देशवासियों से केवल 21 जून एक दिन कोई योग ना करके बल्कि साल में पूरे 365 दिन योग करके स्वस्थ रहने का आह्वान किया जिससे सैकड़ों बीमारियों से छुटकारा मिल सके आदमी स्वस्थ निरोगी रह सके।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मोदीनगर ( गाजियाबाद )।

**पत्रांकः- 433/न0पा0परि0मो0/ई-टेण्डर/2025** **दिनांक 21 जून, 2025**

**- : अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना:-**

नगर पालिका परिषद मोदीनगर जनपद गाजियाबाद द्वारा अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पं० दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान संख्या-37/पेयजल योजना/15वां वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले निर्माण/विकास कार्यों हेतु पुनः ई-निविदा दिनांक 28.06.2025 को दोपहर 02.00 बजे तक ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्ते तथा विस्तृत विवरण ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद मोदीनगर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद मोदीनगर**

# कर्मचारी रोलिंग मशीन में गिरा, मौके पर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हर्ष विहार के मंडोली औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्टरी में काम करने के दौरान कर्मचारी फिसलकर रोलिंग मशीन में गिर गया, जिससे उसका गला कट गया। कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी शिनाख्त लोनी गाजियाबाद निवासी विकास (३०) के रूप में हुई है।

पुलिस ने लापरवाही से हुई मौत का मामला दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। मूलत: शाहजहांपुर यूपी निवासी विकास परिवार के साथ लोनी गाजियाबाद के राहुल गार्डन में रहता था। वह मंडोली औद्योगिक क्षेत्र स्थित मेटल काटने वाली एक फैक्टरी में काम करता था। उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि हर्ष विहार थाना पुलिस को मंडोली औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक फैक्टरी में हादसे की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि कर्मचारी विकास की मौत हो चुकी है। सीसीटीवी कैमरे की जांच और चश्मदीदों से पूछताछ में पता चला कि काम करने के दौरान विकास फिसलकर रोलिंग मशीन में गिर गया जिससे उसका गला कट गया। पुलिस ने घटना की जानकारी उसकी पत्नी संगीता को दी। संगीता ने माह की गर्भवती है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वह बदहवास हो गई है। पुलिस ने विकास के पिता प्रवेश को भी इसकी जानकारी दे दी है। जांच में पता चला कि विकास इसी साल फरवरी से फैक्टरी में काम कर रहा था। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि फैक्टरी में काम करने के दौरान कर्मचारियों को सुरक्षा के उपकरण मुहैया किए जा रहे थे या नहीं।

# दिल्ली में कर पाएंगे हॉट एयर बैलून की सवारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी के लोग जल्द ही हॉट एयर बैलून की सवारी का आनंद ले सकेंगे। उसमें बैठ कर ऊपर से दिल्ली को निहार सकेंगे। यह लोगों के लिए नया अनुभव होगा। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चार स्थानों पर यह सुविधा देने जा रहा है। इसके लिए यह सुविधा देने वाली एजेंसी से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। डीडीए ने शर्त रखी है कि इसका शुल्क किफायती होना चाहिए। डीडीए के अधिकारियों की मानें तो यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कामनवेल्थ गेम्स विलेज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, असिता और बांसेरा में हाट एयर बैलून की सवारी की सुविधा मिलेगी। इसे निजी एजेंसी के जरिये संचालित किया जाएगा। उससे शुरुआती करार तीन वर्ष के लिए होगा।

यह प्रविधान भी रखा जाएगा कि सेवा ठीक रही तो नौ वर्ष तक करार को बढ़ाया जा सकता है। डीडीए ने स्पष्ट किया है कि जो एजेंसी इसके लिए आवेदन करेगी, उसके पास इस क्षेत्र का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। ताकि उसे हाट एयर बैलून सवारी से जुड़े सुरक्षा मानकों के बारे में अच्छी तरह मालूम हो।चारों जगह लोकेशन चिह्नितडीडीए के मुताबिक, यमुना विहार स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में फुटबाल और हाकी ग्राउंड के पास हाट एयर बैलून के लिए जगह चिह्नित की गई है। कामनवेल्थ गेम्स विलेज स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में क्रिकेट ग्राउंड के पास यह बैलून लगाया जाएगा।

इसी तरह बांसेरा में एक और असिता में दो स्थानों पर हाट एयर बैलून लगाने का विकल्प चिह्नित किया गया है। ध्यान रखा गया है कि इसके आसपास बिजली की हाईटेंशन लाइन न हो। हाट एयर बैलून सवारी कराने वाली एजेंसी को आय में से डीडीए को हिस्सा देना होगा। इस शर्त के साथ ही एजेंसी को ठेका दिया जाएगा।

# मौसम ने ली करवट कई इलाकों में हुई बारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शनिवार को दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। दिल्ली के कई हिस्सों, विशेष रूप से दक्षिणी और पश्चिमी दिल्ली में दोपहर बाद हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारिश के कारण तापमान में २-३ डिग्री की गिरावट देखी गई, जिससे उमस भरी गर्मी से परेशान दिल्लीवासियों को कुछ राहत मिली। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक हल्की बारिश और आंधी की संभावना जताई है। साथ ही येलो अलर्ट भी जारी किया है। मानसून एक्सप्रेस के अगले दो से तीन दिन में दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। दक्षिण-पश्चिम मानसून बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के शेष हिस्सों, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, उतराखंड के अधिकांश हिस्सों, हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों और लद्दाख के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

ऐसे में यह पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों और दिल्ली के शेष हिस्सों में आगे बढ़ सकता है। इस तरह से मानसून अपने तय समय से पहले दिल्ली में दस्तक दे देगा। दिल्ली में तीन दिन का बारिश व आंधी का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

# मुख्यमंत्री ने यमुना किनारे किया योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अन्य लोगों के साथ पर योगाभ्यास करती नजर आईं।

रेखा गुप्ता ने सोनिया विहार में यमुना किनारे योग कार्यक्रम में शिरकत की। ११वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीएम रेखा ने कहा कि मुझे मेरा कर्तव्य बोध याद आया। जिस तरह यमुना यहां दिख रही है इसी तरह अन्य हिस्सों में दिखे, इससे अधिक जल उसमें होना चाहिए। सीएम ने अपने एक्स हेंडल पर पोस्ट साझा कर लिखा कि आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजधानी के ११ स्थलों पर आयोजित भव्य योग उत्सव में आपकी उत्साहपूर्ण सहभागिता ने यह सिद्ध किया कि जब सरकार और समाज एक साथ चलते हैं, तो संस्कृति जन-जन का संकल्प बन जाती है। उन्होंने आगे लिखा कि दिल्ली के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सेवाभावी संगठनों और समर्पित योग साधकों को विशेष धन्यवाद, जिनके सहयोग और भागीदारी से यह आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक बना।

## कड़कड़डूमा कोर्ट में न्यायाधीशों ने किया योग

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली कड़कड़डूमा कोर्ट सभाकार तीसरा माला में अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस के शुभ अवसर पर डीएलएसए की ओर से योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तीनों जिलों के न्यायधीशो, अधिवक्ता, कोर्ट स्टॉप व अन्य लोग भी शामिल थे। इस मौके पर अनुभवी गुरुओं ने सभी उपस्थित लोगों को स्वस्थ रहने के गुण सिखाए। यह योगा सुबह ९ बजे से ११ बजे तक चलता रहा। गायत्री विशिष्ट, विनोद कुमार शर्मा व संजय वशिष्ठ ने बताया कि निरोग रहना है तो योगा सेहत के लिए बहुत जरूरी है। योगा का नेतृत्व डीएलएसए के सचिव न्यायाधीश कपिल गुप्ता, संकल्प कपूर सहित तीनों जिला के सचिव कर रहे थे।



दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता सोनिया विहार में योग करने पहुंची, उनके साथ दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा और सांसद मनोज तिवारी भी मौजूद रहे। फोटो: भूपेश गुप्ता

# मन को शांत रखने की साधना योग: डा. पंकज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ।।वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के खास मौके पर दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य, परिवहन एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने आज दीन दयाल उपाध्याय पार्क, डीडीयू मार्ग,में आयोजित योग दिवस समारोह में शामिल होकर सैकड़ों लोगों के साथ योगाभ्यास किया। योगाभ्यास के दौरान स्थानीय नागरिकों के साथ स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कई अधिकारी भी मौजूद रहे।

योग दिवस समारोह का आयोजन आयुष निदेशालय और दिल्ली सरकार के आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि "योग केवल शारीरिक व्यायाम का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन को ऊर्जावान बनाने और मन को शांत रखने की एक सशक्त साधना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से जब से योग को वैश्विक मंच पर मान्यता मिली है, इसकी लो. कप्रियता पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ी है। अगर दिल्ली का हर नागरिक अपने दैनिक जीवन में रोजाना योग को अपना ले, तो यह जीवनशैली से जुड़ी कई तरह की बीमारियों को काफी हद तक कम कर सकता है।

# दो बच्चों समेत चार बांग्लादेशियों को पकड़ा

**नई दिल्ली।** साउथ वेस्ट जिले की ऑपरेशन सेल ने जिले में रहने वाले चार बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है। मोहम्मद रोहन (२१), सुहेल अहमद (३१), अबू कैस (३२) और मोहम्मद जुबराज (३७) भारत में वीजा खत्म होने के बावजूद महिपालपुर इलाके में घूम रहे थे ओर दिल्ली में अवैध रूप से रहने के लिए होटलों का इस्तेमाल कर रहे थे।

चारों से पूछताछ करने पर पता चला कि इलाज के लिए भारत का वीजा लिया था और पुर्तगाल का वीजा प्राप्त किया था। दिल्ली में रहने के दौरान वे कई होटलों में रुके थे। चारों कहां कहां पर रहे और किस किसके संपर्क में थे। वहीं मध्य जिला की नॉरकोटिक्स सेल और चांदनी महल पुलिस ने चूड़ी वालान,चांदनी महल इलाके में किराये के मकान पर रहने वाले आधा दर्जन बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है।

# शाहदरा जिला भाजपा ने किए योग पर कई कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल योग डे के अवसर पर भाजपा शाहदरा जिला में 18 मंडलों में विभिन्न जगहों पर ११वां अंत. राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह से मनाया गया। इसी क्रम में बाहुबली डीडीए पार्क में प्रात:काल सामूहिक योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दीपक मदन लाल गाबा, जिला संयोजक गुंजन गुप्ता , जिला सहसंयोजक राकेश गहलोत, चमन भारद्वाज एवं जिला भाभाजपा प्रवक्ता एडवोकेट भारत गौड़ के बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों भाग लिया और सामूहिक रूप से योग किया। इस अवसर पर भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा ने कहा कि जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस न केवल एक दिन का उत्सव है। डिप्रेशन, एंजायटी और अनिद्रा जैसी समस्याओं में योग आज चिकित्सा का सहायक उपाय बन चुका है। भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता एडवोकेट भारत गौड़ ने कहा कि विश्वभर में योग को जो मान्यता और लोकप्रियता मिली है, उसके पीछे भारतवर्ष के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी का प्रेरक नेतृत्व है। 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए गए उनके ऐतिहासिक संबोधन के परिणाम स्वरूप 177 देशों के समर्थन से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया, यह भारत की वैचारिक शक्ति की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है।



पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र आहूजा ने कहा आज जरूरत है कि हम सिर्फ योग दिवस पर नहीं, बल्कि प्रतिदिन योग को अपने जीवन में उतारें। क्योंकि जब तन स्वस्थ होगा, मन शांत होगा, तब ही समाज और राष्ट्र भी समृद्ध होंगे।योग करें, निरोग रहें, यही भारत का संदेश है, यही मोदी युग का संकल्प है। इस कार्यक्रम में भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा, संदीप मल्होत्रा ( भाई श्री हर्ष मल्होत्रा)जिला प्रभारी डा अनिल गुप्ता, सह प्रभारी कृष्ण शर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र आहूजा, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, विधायक अभय वर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, संजय गोयल, डॉ अनिल गोयल, सुशील तिवारी,योग दिवस जिला संयोजक गुंजन गुप्ता, सह संयोजक राकेश गहलोत व चमन भारद्वाज, महेंद्र जैन सहित हजारों की संख्या में स्थानीय लोगों और सभी पार्षद व मण्डल अध्यक्ष अपने अपने वॉर्ड में शामिल हुए।

# दस हजार रुपये का इनामी तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजस्थान के सवाई माधोपुर में ५६ लाख रुपये के ५६७ किलोग्राम गांजा की बरामदगी के मामले में राजस्थान पुलिस को वांछित व दस हजार रुपये के इनामी ड्रग्स तस्कर संजीस कुमार शाह को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरा. पी ड्रग माफिया धर्मवीर उर्फ पल्ला का सहयोगी है। राजस्थान में मामले में आरोपी ने वाहन में पौधों की आड़ में ड्रग्स छुपाकर रखी हुई थी। वारदात में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार की एक पुख्ता जानकारी के बाद एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर गौतम मलिक के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी को उत्तम नगर मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि आरोपी संजीव कुमार शाह राजमुंदरी, आंध्र प्रदेश से दिल्ली में अवैध गांजा सप्लाई करने लगा था। अपनी अवैध गतिविधियों को छिपाने के लिए उसने दिल्ली/एनसीआर में कैब चलाना शुरू कर दिया। साल २०२२ में उसे नूंह पुलिस ने एक मामले में गिरफ्तार किया था, जिसमें ३१३ किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया था।



डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में।।वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर योग कार्यक्रम में दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह योग करते हुए।

# महापौर ने निगम विद्यालय के बच्चों के साथ किया योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने आज डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में ।।वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह, स्थायी समिति अध्यक्ष, सत्या शर्मा, मध्य जोन अध्यक्ष योगिता सिंह, निगम आयुक्त अश्वनी कुमार, अतिरिक्त आयुक्त और क्षेत्रीय उपायुक्त उपस्थित थे। अपने सम्बोधन में, महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि ध्योग हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह भारतीय संस्कृति की अमूल्य विरासत है, जो शरीर, मन और आत्मा में संत. लन लाती है। सभी को नियमित रूप से योग करना चाहिए। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि लोग दैनिक जीवन में योग अभ्यास को शामिल करके अधिक कुशलता और ऊर्जा के साथ काम कर सकते हैं। उन्होंने योग और स्वस्थ जीवन के संदेश को आम जनता तक पहुंचाने में दिल्ली नगर निगम की पहल की सराहना की।

दिल्ली नगर निगम स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि ध्अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें याद दिलाता है कि स्वस्थ जीवनशैली के लिए एक सरल, प्रभावी और वैज्ञानिक मार्ग हमारी सांस्कृतिक जड़ों में निहित है।

निगम द्वारा आयोजित इस योग कार्यक्रम में भाग लेकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। सत्या शर्मा ने सभी नागरिकों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और एक स्वस्थ भारत में योगदान देने की अपील की। दिल्ली नगर निगम सेंट्रल जोन समिति अध्यक्ष सुश्री योगिता सिंह ने मोटापे और अन्य जीवनशैली संबंधी बीमारियों जैसी स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने में योग के महत्व पर जोर दिया। योगिता सिंह ने कहा कि ध्योग के अलावा, हमें जीवनशैली संबंधी बीमारियों को रोकने के लिए अपने भोजन को बनाने के लिए १० प्रतिशत कम तेल का उपयोग करने के हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को जीवन में उतारना चाहिए।

दिल्ली नगर निगम आयुक्त अश्वनी कुमार ने निगम अधिकारियों और कर्मचारियों से अपने जीवन में योग को अपनाने और नियमित रूप से इसका अभ्यास करके अपने शरीर और मन को स्वस्थ बनाने का आग्रह किया। आयुक्त अश्विनी कुमार महोदय ने राष्ट्र के समग्र कल्याण में स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन की आवश्यकता पर जोर दिया।

# विधानसभा अध्यक्ष ने लोधी गार्डन में योग दिवस समारोह में लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित लोधी गार्डन में आयोजित एक विशेष योग सत्र में भाग लिया।

यह सत्र आयुष मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य, आत्मचिंतन और एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। इस अवसर पर गुप्ता ने आम लोगों को भारत की इस प्राचीन विरासत के वैश्विक उत्सव पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग ऋषियों का ऐसा अमूल्य उपहार है, जो सम्पूर्ण स्वास्थ्य और संतुलित जीवन के माध्यम से मानवता को सशक्त करता है।योग के विशेष सत्र में भाग लेने वाले लोगो को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक अनुशासित जीवनशैली है, जो आंतरिक जागरूकता को विकसित करती है और शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करती है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और सराहना प्राप्त हुई है, जिससे यह वैश्विक कल्याण का आंदोलन बन गया है।

विधानसभा अध्यक्ष ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे योग को अपनाकर एक अधिक स्वस्थ और जागरूक जीवन की ओर अग्रसर हों। इस अवसर पर गुप्ता ने सभी से आग्रह किया कि इस योग दिवस पर एक संकल्प लें- "योग करें, स्वस्थ रहें, जागरूक रहें।"

# महिला बूटलेकर को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस की एएटीएस स्टाफ ने महिला बूटलेकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर कुल २२.५ कार्टन शराब के ११२५ क्वार्टर बरामद किए है।

दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि शराब और प्रति. बंधित पदार्थों की बिक्री और आपूर्ति के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन श्कवच ८.०श् के तहत, एएटीएस, की टीम ने तकनीकी निगरानी और मैनुअल सूचना के विश्लेषण के माध्यम से शराब/ प्रतिबंधित पदार्थों की आपूर्ति में लिप्त लोगों के बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र की। एकत्र की गई जानकारी को मैनुअल सूचना प्रणाली के माध्यम से और भी परिष्कृत किया गया।इसी बीच एएसआई देशराज को संगम विहारमें एक घर में शराब के भंडारण के बारे में एक विश्वसनीय सूचना मिली।

इस सूचना के मिलते ही एसीपी ऑपरेशन अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर उमेश यादव के नेतृत्व में टीम ने खुफिया जानकारी की विश्वसनीयता की पुष्टि करने के बाद, संगम विहार,के एक घर पर मुखबिर की निशानदेही पर, सछापा मारकर महिला बूटलेकर (१९) को पकड़ लिया।

## यमुना की सफाई को तैयार होगा 45 बिंदुओं वाला एक्शन प्लान

**नई दिल्ली।** यमुना को साफ व अविरल बनाना दिल्ली सरकार ४५ बिंदुओं पर आधारित एक्शन प्लान पर काम किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यमुना को प्रदूषणमुक्त करने के साथ ही इसके पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं इसकी निगरानी कर रहे हैं। नदी में गिरने वाले गंदे पानी को रोकने के लिए, दिसंबर २०२७ तक पूरी दिल्ली में सीवर लाइन बिछाने का लक्ष्य रखा गया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में जल मंत्री प्रवेश वर्मा और दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें दिल्ली जल बोर्ड की वित्तीय प्रबंधन, जल आपूर्ति व सीवरेज प्रणाली और यमुना नदी की सफाई पर विस्तृत चर्चा हुई।

# जुलाई से दिल्ली लेकर न आएं उम्र पूरी कर चुके वाहन, हो जाएंगे जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आगामी एक जुलाई से उम्र पूरी कर चुके किसी भी राज्य में पंजीकृत वाहन (ईओएल) को दिल्ली में ईंधन नहीं दिया जाएगा। इतना ही नहीं, इन वाहनों को जब्त कर स्क्रैप के लिए भेजा जाएगा। डीजल वाहनों के लिए १० वर्ष और पेट्रोल वाहनों की १५ वर्ष उम्र निर्धारित की गई है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शुक्रवार को यह आदेश जारी किया। आयोग ने अप्रैल में ही पेट्रोल पंपों को इस आशय के निर्देश दे दिए थे। इसके अनुपालन के लिए दिल्ली के ५२० पेट्रोल पंपों में से ५०० पर ऑटोमेटेड नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) कैमरे लगाए जा चुके हैं, और शेष पर ३० जून तक काम पूरा कर लिया जाएगा। ये कैमरे १० साल (डीजल) और १५ साल (पेट्रोल) पुराने वाहनों की पहचान करेंगे। ट्रैफिक और परिवहन विभाग के अधिकारियों से युक्त कमांड सेंटर और प्रवर्तन टीमों को भी अलर्ट किया जाएगा, जो वाहनों को जब्त करेंगी।

इस व्यवस्था को एक नवंबर से गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और सोनीपत जैसे उच्च वाहन घनत्व वाले जिलों में लागू किया जाएगा। इन जिलों में एएनपीआर कैमरे लगाने का कार्य ३१ अक्टूबर तक पूरा होगा। एनसीआर के शेष जिलों में कैमरे लगाने के लिए ३१ मार्च, २०२६ तक का समय दिया गया है, जबकि ईओएल वाहनों के लिए ईंधन देने से मनाही १ अप्रैल, २०२६ से लागू होगी। सीएक्यूएम के सदस्य (तकनीकी) वीरेंद्र शर्मा ने प्रेस वार्ता में कहा कि केवल दिल्ली में पंजीकृत ईओएल वाहनों की पहचान नहीं की जाएगी, बल्कि एनसीआर के बाहर पंजीकृत वाहन भी शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि भारत में कहीं भी पंजीकृत ईओएल बसों का पता लगाया जाएगा। १०० प्रवर्तन टीमें गठित की गई हैं, जो कानून के उल्लंघन करने वाले ईंधन स्टेशनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगी। दिल्ली में ६२ लाख ईओएल वाहन हैं, जिनमें से ४१ लाख दोपहिया हैं। एनसीआर में ईओएल वाहनों की संख्या लगभग ४४ लाख है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 30/2025
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। क्र.सं. 1. कार्य का विवरण : 1. समंई/लाइन/इज्जतनगर के अन्तर्गत कासगंज-भोजीपुरा अनुभाग के मध्य ट्रैक पर सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिए मेटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग लगाने का प्रावधान। 2. समंई/लाइन/इज्जतनगर के अन्तर्गत भोजीपुरा-लालकुआँ अनुभाग के मध्य ट्रैक पर सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिए मेटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग लगाने का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 9,32,31,990.77, बयाना राशि रूपयों में : रू. 6,16,200/-. निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह। 1. ई-निविदा दिनांक 11.07.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकते है। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखें।
मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू - 128
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# एसपीआरसी डिग्री कॉलेज में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय ऋषि परंपरा के बाहर योग को न केवल भारत में बल्कि दुनिया में प्रतिष्ठित करने का कार्य भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। पूरा देश में अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह 15 जून 2025से लेकर 21 जून 2025 योग सप्ताह कार्यक्रम संचालित किए गए।

शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा आँध्र प्रदेश में समुद्र तट पर किए गए योगाभ्यास एवं उद्बोधन का सीधा प्रसारण सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योगशाला में उपस्थित1500 लोंगो के जन समूह ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन को विस्तार पूर्वक से सुना



और देखा व अपने जीवन में नित्य प्रतिदिन योग करने का प्रण किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री, संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास उत्तर प्रदेश सरकार, जनपद प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी, सांसद डा.राजकुमार सागवान व योग दिवस के लिए शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी खाद रसद आयुक्त भूपेंद्र एस चौधरी, जिला. धिकारी अस्मिता लाल ने धन्वंतरि की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कॉलेज परिसर में सभी के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया और सभी को प्रतिदिन योग करने के लिये प्रेरित किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि योग करने से मन, बुद्धि और आत्मा तीनों का समन्वय होता है। योग हमें जोड़ता है योग हमें अपार ऊर्जा देता योग करने से और हमारी दिनचर्या में शान्ति और सुकून रहता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने योग को सम्पूर्ण विश्व में स्थापित किया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के संदेश को आगे बढ़ाने का संदेश दिया कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में योग करना चाहिए यह योग से स्वस्थ शरीर रहता स्वस्थ मस्तिष्क रहता है और सकारात्मक सोच मिलती है आज जनपद के विभिन्न ब्लॉक, ग्राम व तहसीलों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। योग प्रशिक्षक हर्ष भारद्वाज द्वारा किया गया जिसमें सभी ने योग अभ्यास किया। आयुष विभाग में जिला प्रशासन के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व पकंज वर्मा, अपर जिला. धिकारी न्यायिक शिवनारायण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, अधिशासी अधिकारी केके भड़ाना, जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, एसडीएम अविनाश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने किया योगासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलेज में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें कॉलेज के शिक्षकों छात्र-छात्राओं अभिभावकों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष ध्यान आकर्षित करते हुए योगासन किया प्राप्त कालीन समय में कॉलेज परिषद के मुख्य प्रांगण में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसका शुभारंभ योग नोडल अधिकारी डा.अनंत कुमार ने किया ऐतिहासिक शारीरिक मानसिक एवं सामाजिक महत्व के बारे में विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई योगाभ्यास सत्र में सूर्य नमस्कार प्राणायाम वर्जासन भुजंगासन त्रिकोणासन एन अन्य मुद्राओं में अभ्यास कराया गया। इस मौके पर कॉलेज के शिक्षक संघ सचिव डा.अनुपम तिवारी कार्यक्रम अधिकारी डा.इंदु व मुकेश कुमार डा.देवेश कुमार गुप्ता रवित कुमार गुलवीर प्रधान संजीव नितिन अभय सांगवान आदि मौजूदरहे।

## विकलांग उपकरण जारी करने की मांग को लेकर दिया धरना

**बडौत।** तहसील में पहुंचकर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में विकलांग पेंशन बनवाने, विकलांगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने विकलांगों को विकलांग उपकरण जारी करने की मांग को लेकर धरना दिया गया। धरने का नेतृत्व करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी मास्टर पहलाद सिंह आर्य ने कहा कि विकलांग लोगों को उनकी समस्याओं को देखते हुए उनको सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने मौके पर ही समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को धरना स्तर पर बुलाया और उनकी सभी मांगों से उन्हें अवगत कराया। इस संबंध में उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को ज्ञापन ज्ञापन भी सौंपा सोमपाल सिंह बडौली अध्यक्ष विकलांग एसोसिएशन ओमवीर सिंह विकास कुमार पवन कुमार शैलेंद्र कुमार सुभाष चंद्र रामकुमार आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार किया

**स्वार।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शुक्रवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी विजय को गिरफ्तार किया।

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में पांच मासूम बच्चों समेत दस घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर शनिवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में पांच मासूम बच्चों समेत दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्रथमीक उपचार के बाद सभी घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया है। बाइक पर सात लोग, सामने से आई मौत मवीकला गांव के रहने वाले महताब अपने परिवार के साथ जलालाबाद से मवीकला गांव लौट रहा था। बाइक पर चार बच्चे समेत कुल सात लोग सवार थे। जैसे ही वे सरुरपुर गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महताब की पत्नी शबाना, भाई मोमीन, छह महीने का हर्ष, आयत, इनाया, और अर्श घायल हो गए। सभी को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर हालत देखते हुए सभी को हायर सेंटर भेज दिया गया। कलेक्ट्रेट के पास कार की चपेट में आया परिवार दूसरी घटना में बिजनौर निवासी गुलजार अपनी पत्नी और बेटे के साथ लोनी से खामपुर किसी पारिवारिक कार्यक्रम में जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक कलेक्ट्रेट के पास पहुंची, एक तेज़ कार चालक ने बाइक को साइड से टक्कर मार दी। इस हादसे में गुलजार, उसकी पत्नी और बालक तीनों घायल हो गए।

## तीन युवकों ने दिव्यांग युवक पर फायरिंग की

**बडौत।** कोतवाली क्षेत्र के बामनौली गांव में गांजा न मिलने से नाराज तीन युवकों ने दिव्यांग युवक पर फायरिंग कर दी। इस दौरान तीन बाइक सवार युवक कृष्ण के मकान पर पहुंचे। उन्होंने कृष्ण के भाई शोदान से गांजा मांगा। मना करने पर युवक शोदान से भिड़ गए। शोर सुनकर कृष्ण का बेटा कूमन और देवेंद्र की बेटी लोकेश भी मौके पर आ गए। एक युवक ने तमंचा निकालकर गोली मारने की धमकी दी। छीना-झपटी में तमंचे से गोली चल गई, लेकिन दिव्यांग युवक कुमन बच गया। युवकों ने लोकेश के हाथ और शोदान के पैरों पर तमंचे की बट से वार किया।

## एक नजर

### पांच साल के मासूम को साथ लेकर यमुना नदी के तेज बहाव में बाइक लेकर उतर दंपति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हरियाणा से बागपत आ रहे एक दंपती 5 साल के मासूम को साथ लेकर दंपती यमुना नदी के तेज बहाव में बाइक लेकर उतर गया। पानी के बीच बाइक चलाते हुए इनका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के मुताबिक, घटना बागपत जिले की है, जहां दंपती ने नदी के बहते पानी के बीच बाइक चलाने की कोशिश की, लेकिन कुछ दूर चलने के बाद बाइक अचानक बंद हो गई। इसके बाद पति-पत्नी बाइक को खींचते हुए किसी तरह नदी से बाहर निकले। स्थानीय लोगों ने जब यह खतरनाक स्टंट देखा, तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मगर तब तक दंपती मौके से फरार हो चुके थे। पुलिस अब वायरल वीडियो के आधार पर उनकी तलाश कर रही है। बागपत पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस हरकत के लिए संबंधित व्यक्ति पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर दंपती ने इतना बड़ा जोखिम क्यों उठाया? 5 साल के मासूम बच्चे की जान दांव पर लगाकर इस तरह का स्टंट करना किसी भी लिहाज से समझदारी नहीं मानी जा सकती। पुलिस वीडियो की जांच कर रही है और आस-पास के गांवों से जानकारी जुटाई जा रही है कि बाइक चालक कौन था और उसका मकसद क्या था। इस घटना ने न सिर्फ स्थानीय लोगों को सकते में डाल दिया है, बल्कि सोशल मीडिया पर भी इसकी कड़ी निंदा हो रही है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या लाइक और व्यूज के चक्कर में लोग अब बच्चों की जान तक खतरे में डालने लगे हैं।

## एल्पाईन पब्लिक स्कूल में मनाया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** एल्पाईन पब्लिक स्कूल लूम्ब में शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। समारोह के प्रसार में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। योग दिवस में अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारम्भ विद्यालय प्रबन्धिका पंकज, प्रबन्धक मनोज कुमार तथा प्रधानाचार्य अनुज कुमार सक्सेना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन करके किया। योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार ने योग के विषय में जानकारी साझा की तथा मानव जीवन में योग से होने वाले लाभों तथा व्यक्ति के रोजमर्रा की जिन्दगी में योगाभ्यास करने और उसके स्वास्थ्य व मानसिक लाभों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षक नें बताया कि व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर



योगाभ्यास का सकारात्मक प्रभाव पडता है। प्रतिदिन योगासन, कपालभाति, प्राणायाम, ध्यान, संकल्प और ध्यान का प्रभाव मानव के शरीर पर लम्बे समय तक कायम रहता है। हमारे जीवन में स्वस्थ शरीर और दिमाग के लिए काम के तनाव को कम करने के लिए निरन्तर अभ्यास से लाभ होता है। योगाभ्यास से अपने शरीर को अभ्यस्त बनाएं। योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार ने अभ्यास सत्र के दौरान सभी को प्रतिदिन 24 घण्टों में केवल 24 मिनट स्वयं के लिए निकालकर योग करने को प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात् योगाभ्यास किया गया। अभ्यास के दौरान कपालभाति, सूर्य नमस्कार, वज्रासन, भुजंगासन, मकरासन आदि का अभ्यास कराया गया।

## तालाब की गलत पैमाईश को लेकर की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** साकंलपुठी गांव में तालाब की गलत पैमाईश को लेकर लोगो ने समाधान दिवस पर शिकायत दर्ज करा दोबारा पैमाईश करानें की मांग की है।

साकंलपुठी निवासी प्रमोद ने समाधान दिवस पर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि भू जल योजना के अन्तर्गत गांव के तालाब की खुदाई लेखपाल व अन्य अधिका. रियों के पैमाईश के बाद शुरु करायी गयी लेकिन पैमाईश सही नही की गयी है। वही जो पेड़ तालाब किनारे खड़े थे उन्हें भी दबंगों ने उखाड़ कर अपने कब्जे मे ले रखा है। पीड़ित ने तालाब की दोबारा पैमाईश कराने की मांग की है।

## शिक्षका ने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नांगल गांव के प्राइमरी स्कूल की शिक्षका मंजू भारती ने योगाभ्यास करते हुए योग के महत्व को रेखांकित किया।

शिक्षिका ने इस अवसर पर युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि आज के समय में जहां खानपान असंतुलित होता जा रहा है, पर्यावरण प्रदूषित हो चुका है और जीवनशैली अनियमित हो गई है।

## टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन पर लगाया मिलीभगत का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मामला बागपत विकास भवन सभागार से जुड़ा है जहां 18 जून को किसान दिवस का आयोजन किया गया था। इस किसान दिवस में अधिकारी किसानों की समस्याएं सुन रहे थे तभी भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष नरेश पाल ने किसान यूनियन पर टिप्पणी करना शुरू किया और किसान दिवस में जमकर हंगामा हुआ जिसके बाद नरेश पाल की तहरीर के आधार पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के दो पदाधिकारी नामजद सहित 12 अज्ञात कार्यकर्ताओं पर कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया। जिस पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं में भारी रोष देखने को मिला। आज एक विशेष मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें आगे की रणनीति पर विचार किया गया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं की दी गई तहरीर पर पुलिस ने आज भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष नरेश पाल और तीन अज्ञात पर मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने मुकदमे की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष ने प्रशासन पर मिली भगत का आरोप लगाते हुए उनके कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी पर मुकदमे दर्ज करने का आरोप लगाया है। वह उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री पर भी टिप्पणी करते हुए कहा के प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कई तरह की यूनियन किसानों के नाम पर खड़ी कर दी हैं जो अब किसानों का उत्पीड़न कर रही हैं। वह उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन को होश में आकर काम करना चाहिए अगर किसानों का कहीं पर भी उत्पीड़न होता तो वह आंदोलन करेंगे।

## विवादित पोस्ट करने वाले युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** थाना क्षेत्र में एक युवक को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ विवादित पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। शेखपुरा गांव निवासी मोहम्मद जरीफ ने अपने ट्विटर अकाउंट से मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की थी। स्थानीय लोगों को जब इस पोस्ट की जानकारी मिली, तो उन्होंने बिनौली थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बिनौली थाना प्रभारी शिवदत्त ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पुलिस ने सख्त चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय अपर आयुक्त गरिमा सिंह ने तहसीलो संपूर्ण समाधान दिवस में जन सामान्य की शिकायत सुनी जिसमें तीनों तहसीलों में 58शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें से मौके पर 15 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शिकायतों का समय अवधि के अंतर्गत गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के जिलाधिक. ारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश



सरकार एवं शासन गंभीर है। जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण संभव हो इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को भी संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा निस्तारण के दौरान उपस्थित रखा जाए ताकि सभी शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता परक रूप से सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, एसडीएम निकेत वर्मा, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी खेकड़ा हरिलाल पटेल सहित आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा ने लाक्षागृह पर आयोजित किया योग दिवस कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरनावा।** बरनावा स्थित लाक्षागृह में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कुलप्रकाश मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन और छात्र शामिल हुए। कुलप्रकाश ने बताया कि योग देश की आत्मा और ऋषि परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। कहा अगर सभी को स्वस्थ रहना है तो प्रतिदिन योग करें। इस दौरान योगाचार्य अजय सुधीर त्यागी, वीरेंद्र उज्जवल सुशील, राजीव, दीपक, अनिल आदि मौजूद रहे।

# योग का अर्थ है परमात्मा से जुड़ने की आध्यात्मिक साधना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सूर्य नमस्कार के साथ मनाया गया। छपरौली में चौधरी चरण सिंह राजकीय महाविद्यालय में योग दिवस पर दो भीम सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर ने शारीरिक शिक्षा के द्वारा छात्र-छात्राओं को सूर्य नमस्कार कर साथी विभिन्न प्रकार के योगा. सन सिखाएं। डायरेक्टर दिनेश शर्मा ने बताया कि अगर एक पंक्ति में योग को परिभाषित किया जाए तो योग का अर्थ है परमात्मा से जुड़ने की आध्यात्मिक साधना योग साधना शिविर में शिविर संचालक श्री1008 महामंडलेश्वर आचार्य कृष्ण विश्रुतपाणी ने भी योग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि योग कोई नया चलन नहीं है। हजारों साल पुरानी एक आध्यात्मिक और शारीरिक विधा है जिसकी जेड भारत में गहराई तक फैली हुई है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पालिका परिषद गांधी पार्क में भी योग दिवस मनाया गया। शिविर में मुख्य रूप से शिक्षक राजीव जैन दस्तावेज लेखक पूर्व सभासद राकेश विश्वकर्मा पूर्ण सभासद आचार्य नरेंद्र पिंकी चौधरी मीनाक्षी सिसोदिया पूर्व सभासद ललित जैन आदि मौजूद रहे। इसके अलावा बडौत तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा विद्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर योग दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिनेश कुमार शर्मा पूर्व ए सी पी दिल्ली पुलिस। डी जी सी भूपेंद्र वशिष्ठ एवं प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर विनीत शर्मा संगम लाल कुशवाहा मनमोहन जिंदल आदि मौजूद रहे।

## योग दिवस के बारे में जनता को किया जागरूक

**छपरौली।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पंचायत छपरौली मे योग दिवस कार्यक्रम जीरो वेस्ट इवेंट के रूप मे मनाया गया। योग दिवस के बारे मे जनता को जन जागरूक किया गया। योग दिवस के उपरान्त कर्मचारियो को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम मे सीमा राघव अधिशासी अधिकारी, तहजूब लिपिक, विशाल कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर, नरेश कुमार, वंश, सचिन, राहुल खोखर, विकास, हरेन्द्र शर्मा, उमेश, महेश कुमार आदि रहे।

# नोएडा में 200 स्थानों पर किया गया योग

## प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह बोले- योग वास्तव में शारीरिक प्रक्रिया के साथ एक साधना




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में स्टेडियम के अलावा पूरे शहर में करीब 200 स्थानों पर 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। नोएडा स्टेडियम में प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह और डीएम मनीष वर्मा ने योग किया।

इस अवसर पर योग प्रशिक्षकों द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया गया और योग के लाभों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें योग के लिए प्रेरित करना था।

प्रदेश मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने योग कर देश वासियों को फिट रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग आज के समय में एक साधना के रूप में स्थापित हो चुका है। योग एक शारीरिक क्रिया तो है ही लेकिन वास्तव में योग एक साधना है। जो योगी साधना के तहत योग करता है वो अपने मन को एकाग्र करने में सफल होता है और पॉजिटिव सोच के साथ देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। वहीं डीएम मनीष वर्मा ने कहा कि योग जीवन शैली का एक हिस्सा बन चुका है। आज हर सेक्टर, सोसाइटी , पार्क में योग का आयोजन किया गया । जिसमें बड़ी संख्या में लोग हिस्सा ले रहे है।

नोएडा में सबसे बड़े स्तर पर नोएडा स्टेडियम और सेक्टर-33ए नोएडा हॉट के पास शिवालिक पार्क में योग का आयोजन किया गया। इसके अलावा जिले में दो सौ से अधिक स्थानों पर योग किया गया। इसके अलावा नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने भी इंदिरा गांधी कलाकेंद्र में योग किया।

वहीं आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह मंडल के अंतर्गत नोएडा के सेक्टर 92 स्थित बायो डायवर्ट सिटी पार्क में योगाभ्यास कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नवाब सिंह नागर ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक दिवस हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता और सांस्कृतिक चेतना का परिणाम है, जिन्होंने पूरे विश्व को योग से जोड़ा। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि आंतरिक शांति, स्वास्थ्य और आत्मबल का मार्ग है एवं आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम भी है, संकल्प लें कि इसे अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएँगे।

**जैन मुनि के सानिध्य में योग:** सेक्टर-33ए नोएडा हॉट के पास शिवालिक पार्क सुबह पांच बजे से सात बजे तक योग किया गया। यहां पर अर्ह ध्यान योग, आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 1008 पार्श्व नाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 50, नोएडा एवं विश्व जैन संगठन द्वारा, अर्ह योग प्रणेता परम पूज्य 108 मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज के मंगल सान्निध्य में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में 'योग संगम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेक्टर-55 और सेक्टर-62 में भी योग किया गया।

**सामुदायिक केंद्र में कार्यक्रम होगा:** सेक्टर-34 के आरडब्ल्यूए महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि फेडरेशन आफ आरडब्ल्यूए के सहयोग से पतंजलि योगपीठ हरिद्वार और भारतीय योग संस्था द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। सेक्टर के सामुदायिक केंद्र सवा छह बजे से साढ़े सात बजे तक योग किया गया। उन्होंने योग के साथ लोगों को खुश रहने और हंसने से होने वाले लाभों के बारे में बताया गया।

# कूड़े का उचित प्रबंधन करने वाले बीडब्ल्यूजी पर प्राधिकरण ने की सख्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा को स्वच्छता के शिखर पर पहुंचाने के लिए प्राधिकरण ने मुहिम शुरू कर दी है। सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण ने बल्क वेस्ट जेनरेटरों (बीडब्ल्यूजी) के यहां कूड़े का प्रबंधन जांचने के लिए आठ टीमों का गठन किया है। ये टीमें मौके पर जाकर जांच करेंगी और खामी पाए जाने पर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 के मुताबिक कार्रवाई भी करेंगी। प्राधिकरण ने शनिवार से ही इसकी शुरुआत कर दी है।

दरअसल, हरियाली और स्वच्छता ग्रेटर नोएडा की खास पहचान है। इसको बरकरार रखने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण हर संभव प्रयास कर रहा है। सीईओ एनजी रवि कुमार की पहल पर ग्रेटर नोएडा से निकलने वाले हर तरह के कूड़े के प्रबंधन पर लगातार काम हो रहा है। सीईओ के निर्देश पर एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 8 टीमें बनाई हैं। इन टीमों ने शनिवार से निरीक्षण का कार्य शुरू कर दिया है। पहली टीम ने प्राधिकरण के सलाहकार पीपी सिंह की अगुवाई में वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह व अन्य ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-4 स्थित गौड़संस हाईटेक इंफ्रास्ट्रक्चर में बल्क वेस्ट के प्रबंधन का जायजा लिया गया। यहां सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 के रूल्स का पालन होता पाया गया। दूसरी टीम ने सलाहकार आरके जायसवाल के नेतृत्व में सन्नी यादव व अन्य ने अम्रपाली लेजर वैली, सेक्टर टेकजोन -4 का जायजा लिया।

यहां कूड़े का प्रबंधन उचित नहीं पाया गया, जिसके चलते पेनल्टी लगाई गई। सलाहकार मोहम्मद फुरकान अली के नेतृत्व में तीसरी टीम ने वरिष्ठ प्रबंधक चरण सिंह के साथ एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर ईकोटेक-2 का निरीक्षण किया। यहां भी कूड़े का प्रबंध उचित मिला। सलाहकार श्रीपाल भाटी के नेतृत्व में चौथी टीम ने मैनेजर विवेक किशोर सिंह के साथ नॉलेज पार्क-3 स्थित शारदा विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। यहां कूड़े का उचित प्रबंध न मिलने पर 52000 की पेनल्टी लगाई गई। सलाहकार विमल कुमार के नेतृत्व में पांचवी टीम ने मैनेजर संध्या सिंह के साथ सेक्टर-27, आरईपी स्थित एआर लैंडक्राफ्ट का निरीक्षण किया। यहां भी कूड़े का उचित प्रबंध न मिलने पर 30,200 की पेनल्टी लगाई गई। सलाहकार राजीव दीक्षित के नेतृत्व में छठी टीम ने मैनेजर दिव्या चौधरी के साथ हल्दीराम स्नैक्स, सेक्टर ईकोटेक-11 का निरीक्षण किया। फिलहाल इसका निर्माण कार्य चल रहा है। सलाहकार एसके जैन के नेतृत्व में मैनेजर लव शंकर भारती के साथ सातवीं टीम ने सेक्टर म्यू वन स्थित गोल्डन जीएई इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट का निरीक्षण किया। यहां भी निर्माण कार्य चल रहा है। इसी तरह सलाहकार रामाधीश पांडे के नेतृत्व में आठवीं टीम ने सेक्टर ईकोटेक वन स्थित होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड का निरीक्षण किया। यहां परिसर के बाहर किसी तरीका वेस्ट नहीं मिला। प्राधिकरण की तरफ से बल्क वेस्ट जेनरेट करने वालों के यहां कूड़े का प्रबंधन जांचने का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने सभी बल्क वेस्ट जेनरेटरों से अपील की है कि कूड़े का उचित प्रबंधन खुद से करें। ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। अन्यथा प्राधिकरण की टीमें लगातार निरीक्षण करेंगी।

# छह चौकी प्रभारी निलंबित, चार को नोटिस

- **दो महीने में अपराध को रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की थी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस कमिश्नर ने मई और जून में अपराध नियंत्रण के लिए किए गए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पाया कि कुछ थाना और चौकी प्रभारियों ने अपराध रोकने के लिए अच्छा काम किया है। जबकि कुछ थानों और चौकियों में अपराध को रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। कमिश्नर ने इसे काम में लापरवाही माना। उन्होंने 6 चौकी प्रभारियों को निलंबित करते हुए उनके खिलाफ विभागीय एक्शन लेने के निर्देश दिए।

थाना प्रभारी दनकौर, रबूपुरा, नॉलेज पार्क, प्रभारी ईकोटेक-3 को कार्यों में सुधार लाने के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए उनको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं प्रभारी निरीक्षक थाना एक्सप्रेस-वे राघवेन्द्र सिंह नए रिक्रयूटमेंट को ट्रेनी के लिए आरटीसी से अटैच किया गया। इसके अलावा विपिन कुमार थानाध्यक्ष नॉलेज पार्क को मुख्यालय से अटैच किया गया। इस मौके पर सीपी ने जुआ, अवैध शराब, मादक द्रव्यों की बिक्री व तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए।

**अवैध खनन पर कड़ी करने के निर्देश:** खनन पर नियंत्रण रखने व ट्रकों में ओवर लोडिंग की जांच करने को कहा गया। इसके लिए अपर पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था को संबंधित अधिकारियों से समन्वय करके अवैध खनन के खिलाफ एक सप्ताह का अभियान चलाने के निर्देश दिए। विभिन्न कार्यालयों में स्थानान्तरण नीति के अनुसार नियुक्ति अवधि पूर्ण कर चुके अधिकारी व कर्मी की सूची बनाकर अपर पुलिस आयुक्त, मुख्यालय को 15 दिवस में समायोजन करने के लिए कहा गया।

**कावड़ यात्रा की करे तैयारी:** कावड़ यात्रा को लेकर तैयारी तेज करने के लिए कहा गया। कावड़ रास्तों पर सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा के लिहाज से अराजक तत्वों की पहचान और आसपास के क्षेत्र में भी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

## कस्टोडियन पर पांच लाख चोरी का आरोप

**नोएडा।** शहर के बैंकों के एटीएम में कैश रिफिल करने वाली हितैची कैश रिफिल के एक कस्टोडियन ने अपने साथी कर्मचारी के साथ मिलकर पांच लाख रुपए चोरी कर लिए। पैसों का मिलान करने पर कैश गड़बड़ी मिली। सीसीटीवी में कैश चोरी करते हुए कस्टोडियन दिखाई दिया। जिसके बाद थाना फेज-1 पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस ने कस्टोडियन और उसके साथी को हिरासत में लिया।

थाना फेज-1 प्रभारी अमित मान ने बताया कि मामले की जांच जारी है। कंपनी से और सीसीटीवी फुटेज मांगे गए है। उन्होंने बताया कि गोल चक्कर पुलिस चौकी के सामने सेक्टर-2 में हितैची कैश मैनेजमेंट कंपनी का आफिस है। जहां से नोएडा के विभिन्न बैंकों के एटीएम में कैश रिफिल होने के लिए कैश वैन व कर्मचारी जाते है। कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक कंपनी का कस्टोडियन राघव आकाश 24 लाख रुपए लेकर उसे एटीएम में रिफिल करने के लिए कैश वैन से गए थे।

**वैन में लगे सीसीटीवी में दिखा:** शाम को जब वापस आए तो हिसाब किताब में पांच लाख रुपए की गड़बड़ी मिली। इस बारे में पूछा तो कोई सटीक जानकारी नहीं मिली।

# निवेश के नाम पर ठगी, चार गिरफ्तार

## एक करोड़ की ठगी में एक, बाकी ने 33.92 लाख का किया था फ्रॉड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पहले मामले में एक करोड़ की ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की नाम राजेंद्र शर्मा निवासी हरिद्वार हुई है। इसके खाते में ठगी के 5.5 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे। आरोपी के खाते को एनसीआरपी पोर्टल पर चेक किया गया। जिसमें कुल 13 शिकायत मिली। इन शिकायतों में हरियाणा से 5 , दिल्ली से 2 , उप्र से 1 , महाराष्ट्र से 3 , राजस्थान से एक और पश्चिम बंगाल से एक है। इन स्थानों के पीड़ितों का पैसा भी इसी खाते में ट्रांसफर किया गया था।

डीसीपी प्रीति यादव ने बताया कि 07 अप्रैल 2025 को सेक्टर-77 निवासी पीड़ित ने शिकायत की थी कि शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट कर लाभ कमाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने उनसे एक करोड़ रुपए ट्रांसफर करवा लिए। जब उन्होंने पैसा वापस मांगा तो उनको वाट्सएप ग्रुप से बाहर कर दिया गया । साथ उनसे संपर्क तोड़ दिया गया। पैसा निकालने के लिए उनसे ज्यादा रकम की डिमांड की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर निजी बैंक में खाता खुलवाया गया। इस खाते में साढ़े पांच लाख रुपए ट्रांसफर कराए गए। जिसको ठग ने खुद बैंक से अन्य साथियों के खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। खाते को सर्विलांस पर लगाने के बाद आरोपी की जानकारी मिली। जिसे नोएडा से ही गिरफ्तार किया गया। इसके अन्य साथियों की तलाश के लिए टीम दबिश दे रही है।

**केस-दो:** वहीं दूसरे मामले में इन्वेस्टमेंट कर लाभ कमाने का झांसा देकर 33 लाख 92 हजार 161 रुपये की ठगी करने वाले 03 ठगों को गिरफ्तार किया। ये ठगी एक जून 2024 को की गई थी। इनके नाम महेंद्र, दिनेश, विकास विश्नोई को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 03 एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद किये गये है। इस मामले में पीड़ित के 18 लाख रुपए वापस कराए गए। जबकि 4.20 लाख रुपए एक कंपनी के बैंक खाते में ट्रांसफर हुए। ये तीनों उसकी कंपनी के प्रोपराइटर, मीडिएटरी एवं 01 अन्य सहयोगी है। डीसीपी ने बताया कि दिनेश द्वारा साइबर धोखाधडी से संबंधित धनराशि को ट्रांसफर करवाकर उसे श्डायल्यूटश करने के लिये एक कंपनी खोली गई। जिसमें दिनेश स्वयं प्रोपराइटर है। महेन्द्र मेन्डेट (सिग्नेचर अथॉरटी) है। विकास इन दोनों का सहयोगी व धोखाधडी से संबंधित धनराशि को सेटल करता था। बैंक खाते को एनसीआरपी पोर्टल पर चौक करने पर कुल 11 शिकायत (कर्नाटक-04, महाराष्ट्र-03, तमिलनाडु-02 उत्तर प्रदेश-01,पश्चिम बंगाल-01) मिली।

## एक नजर

### हथियार के बल पर बाजार में तोड़फोड़

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र की मार्किट में हथियार के बल पर तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। इस हमले में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि बीती रात को राम खिलाड़ी ने कमल, अनुज, अनिल, चिंटू तथा कुछ अज्ञात लोगों को नामित करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार 18 जून की रात को वह अपनी मार्केट में खड़े थे, तभी दंबग वहां पहुंच गए। इन लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उसकी मार्केट में तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर इन लोगों ने पीड़ित व मार्केट में मौजूद अन्य लोगों के साथ मारपीट करते हुए तोड़फोड़ की। साथ ही वहां मौजूद लोगों के साथ गाली-गलौज की। राड से वार कर पीड़ित का सिर भी फोड़ दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### फरार चल रहा 25 हजार का गैंगस्टर गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** फेज-3 थाने की पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे 25 हजार के इनामी गैंगस्टर को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गिरोह बनाकर चार पहिया वाहनों की चोरी करके अवैध संपत्ति एकत्र करता है। एसीपी वर्णिका सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष थाने में गैंगस्टर ऐक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज किया गया था। इसमें मध्य प्रदेश के जिला मुरैना के गांव पीपरखेड़ा निवासी दिनेश उर्फ मुलायम उर्फ राजा फरार चल रहा था। टीम लगातार पकड़ने का प्रयास कर रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली टीम को 25 हजार रुपये के इनाम की घोषणा अधिकारियों ने की थी। शनिवार को टीम ने सहारा कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी अपने गैंग के अन्य साथियों के साथ मिलकर एक संगठित अंतरराज्जीय गिरोह बनाकर चार पहिया वाहन चोरी करके अवैध संपत्ति एकत्र करता है। गिरोह के अन्य साथियों के खिलाफ पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है।

### रजिस्ट्री नहीं होने से परेशान निवासियों ने दिया धरना

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित महागुण मंत्रा दो के निवासियों ने शनिवार को नोएडा स्थित बिल्डर कार्यालय पर प्रदर्शन किया। गंगा और गायत्री टावर के 50 से अधिक खरीदारों ने बिल्डर के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि अब बहानेबाजी नहीं चलेगी। तारीख पर तारीख देने के बाद भी निवासियों की रजिस्ट्री की प्रकिया शुरु नहीं हो पाई है। कई सालों से निवासियों को अपने घर का इंतजार है। निवासी शशांक ने बताया कि जिलाधिकारी कार्यालय ग्रेटर नोएडा में महागुण मंत्रा 2 प्रोजेक्ट की रजिस्ट्री में देरी के संबंध में बैठक हुई थी। अधिकारियों ने बिल्डर को स्पष्ट रूप से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण का बकाया चुकाने और महागुन मंत्रा 2 की रजिस्ट्री शुरू करने का आदेश दिया था। उसके बाद भी अब तक कुछ नहीं हुआ है। केवल भरोसे पर भरोसा दिया जा रहा है। निवासियों ने कहा कि यदि जल्द से जल्द रजिस्ट्री की शुरुआत नहीं हुई तो सोसाइटी के लोग बच्चों और महिलाओं के साथ बिल्डर के कार्यालय के बाहर ही बैठ जाएंगे।

### ननुआ का राजपुर में बिजली कटौती

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के ननुआ का राजपुर गांव में बिजली आपूर्ति पिछले 7 दिनों से बाधित है। गांव के दो ट्रांसफॉर्मर 15 जून को जल गए। खराब ट्रांसफॉर्मर अभी भी पोल पर लगे हुए हैं। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड को कई बार शिकायत की गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## कार का शीशा तोड़कर बैग चोरी

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के नवादा गांव के समीप मंदिर के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़कर बैग चोरी कर लिया गया। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आशीष सिद्धू की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित आशीष सिद्धू ने बताया कि वह सिग्मा-4 स्थित एक सोसाइटी में परिवार के साथ रहते थे। वह मंगलवार को नवादा गांव के समीप एक मंदिर में पूजा पाठ करने के लिए आए थे। उन्होंने अपनी कार मंदिर के बाहर खड़ी की थी। पूजा करने के बाद वह वापस आए तो कार की पीछे की खिड़की का शीशा टूटा था।

# नोएडा की पुनर्विकास नीति, 10 लाख लोगों को फायदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में जर्जर हो चुकी हाइराइज और लो राइज इमारतों को दोबारा से भव्य रूप दिया जाएगा। नोएडा में 30 साल पुरानी इमारतों में रहने वाले करीब 10 लाख से ज्यादा लोगों को फायदा होगा। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने पुनर्विकास नीति लागू की है। इस नीति को प्राधिकरण ने 218वीं बोर्ड में सहमति बनी। जिसमें आंशिक संशोधन के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। इसके प्रारूप को समझना आवश्यक है।

प्राधिकरण ने बताया कि नोएडा की स्थापना उप्र औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम 1976 की धारा-3 के तहत किया गया। यहां बहुमंजिला इमारतों का निर्माण साल 1981 से शुरू हुआ। यहां लीज पर बिल्डरों को जमीन आवंटित की गई। यहां अपार्टमेंट बने जिसे सबलीज के जरिए बायर्स को दिया गया। इसके अलावा प्राधिकरण ने भी कम आय वर्ग के लिए लो राइज ग्रुप हाउसिंग बनाए। जिसे भी लीज पर पात्र लोगों को बेचा गया। ऐसे जर्जर हो रहे भवन अत्यधिक बारिश और लो इंटेंसिटी के भूकंप से प्रभावित हो सकते है। इन्ही इमारतों को गिराकर लिविंग स्टैंडर्ड में सुधार कर दोबारा से भव्य रूप में बनाया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण रि डेवलपमेंट पॉलिसी लेकर आया है। बता दे इससे नोएडा में 100 ग्रुप हाउसिंग और 500 लो राइज सोसायटियों का उद्धार होगा। इनमें रहने वाले लोगों को काफी लाभ हो सकता है। इमारतों को भव्य रूप देते समय भविष्य में इनका फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) भी बढ़ेगा।

**पॉलिसी के तहत किन इमारतों का होगा पुनर्विकास:** ऐसे हाइराइज इमारत जो स्ट्रक्चरल रूप से असुरक्षित घोषित की गई है या 30 साल से अधिक पुरानी है।

संरचनात्मक रुप से असुरक्षित घोषित किए जाने के लिए आईआई/एनआईटी या इसके समकक्ष संस्थान द्वारा इमारत को जर्जर घोषित किया गया हो।

पुनर्विकास के लिए इमारत के लीज होल्ड निवासियों में कम से कम 70 प्रतिशत सहमति आवश्यक। डेवपलर द्वारा प्राधिकरण से मानत्रिच पास कराना होगा। यहां बनाए जाने वाली अतिरिक्त यूनिट को बेचने के लिए रेरा से रजिस्ट्रेशन कराना होगा। निर्माण पूरा होने पर अधिभोग प्रमाण पत्र लेना होगा।

**डेवलपर का चयन कैसे होगा:** नोएडा में तीन प्रकार की ग्रुप हाउसिंग परियोजनाएं है। इसमें पहली प्राधिकरण द्वारा निर्मित ग्रुप हाउसिंग परियोजना दूसरी को-आपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी जिनको प्राधिकरण ने निर्माण के लिए भूखंड आवंटित किए। इसमें इंप्लाए हाउसिंग शामिल है और तीसरी प्राइवेट बिल्डर द्वारा बनाई गई सोसाइटी है। प्राधिकरण द्वारा निर्मित योजनाओं में डेवलेपर का चयन बिडिंग प्रक्रिया के लिए किया जाएगा। ये प्राधिकरण या एओए के स्तर से होगी।

# जिला अस्पताल में सफाई कर्मी ने मांगी रिश्वत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के जिला अस्पताल से भ्रष्टाचार की शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां एक सफाईकर्मी ने मरीज के परिजन से ऑपरेशन के नाम पर 8 हजार रुपए रिश्वत ले ली। सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए आए लोगों से इस तरह खुलेआम उगाही न केवल स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल रही है, बल्कि सिस्टम की लापरवाही पर भी सवाल खड़े कर रही है।

सेक्टर-39 में स्थित जिला अस्पताल है। यहां अशोक नामक व्यक्ति को हर्निया की सर्जरी के लिए भर्ती कराया गया था। पीड़ित की बेटी ने आरोप लगाया कि ऑपरेशन करवाने के लिए सफाईकर्मी अनिल कुमार ने उनसे 8 हजार रुपए की मांग की। मजबूरी वश परिजनों ने रकम अनिल को कैश में सौंप दी। लेकिन मामले की भनक लगते ही अस्पताल में तैनात डॉक्टर अशद ने अनिल को रंगे हाथों पकड़ लिया।

**मारपीट का लगाया आरोप:** आरोपी सफाईकर्मी अनिल ने खुद डॉक्टर अशद पर मारपीट का आरोप लगा दिया। जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन हरकत में आया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# अवैध जगह कूड़ा फेंकते पकड़ा

## जेसीबी के मालिक पर एक लाख का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से कूड़ा फेंकने वालों पर कड़ी कार्रवाई की है। ग्रेनो वेस्ट स्थित राइज पुलिस चौकी से चार मूर्ति रोड पर अवैध तरीके से कूड़ा फेंक रहे लोगों को प्राधिकरण की टीम ने पकड़ लिया। उनसे ट्रैक्टर-ट्राली जब्त कर ली और जेसीबी मालिक पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की पहल पर शहर को स्वच्छ बनाने के लिए प्राधिकरण की तरफ से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई भी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम फील्ड में नियमित रूप से निरीक्षण भी कर रही है। शनिवार को प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक आरके भारती ने सूचना मिलने पर राइस पुलिस चौकी से चार मूर्ति चौक रोड के किनारे अवैध खुद सेंटर का चाचा लेने पहुंचे। इस दौरान मौके पर कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्राली में कूड़ा भरकर जेसीबी से गिराते हुए दिखे। जिस पर महाप्रबंधक ने स्वास्थ्य विभाग की टीम की मदद से ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर लिया। ट्रैक्टर-ट्राली के मालिक पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। ट्रैक्टर -ट्राली को स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर को सौंप दिया है। जेसीबी को भी जब्त कर जेसीबी के मालिक पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

# तीनों तहसीलों में 143 शिकायतें हुई दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद की तीनों तहसीलों में आज तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 143 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 09 शिकायतों का समाधान मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा द्वारा दादरी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, कृषि विभाग, उद्योग विभाग एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दादरी द्वारा लगाए गए दिव्यांग एवं स्वास्थ्य स्टोलों का निरीक्षण करते हुए जन सामान्य से वार्ता की।

उन्होंने जनसामान्य वार्ता करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी नए आवेदनों का सत्यापन पूरी पारदर्शिता एवं गंभीरता से किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय से प्राप्त हो, यह शासन की प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दादरी तहसील में कुल 102 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 08 का समाधान मौके पर किया गया।

जिलाधिकारी ने तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए शासन गंभीर है। अत: अधिकारी निस्तारण में कोताही न बरतें और प्राथमिकता के साथ प्रत्येक शिकायत का मौके पर जांच कर पोर्टल पर समयबद्ध फीड कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश एवं संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सेक्टर में सीवर ओवरफ्लो की समस्या से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर पी-3 में सीवर ओवरफ्लो की समस्या बढ़ती जा रही है, जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है। आरोप है कि समस्या के समाधान के लिए कई बार प्राधिकरण से भी शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। सेक्टर में रहने वाले आदित्य भाटी ने बताया कि लगातार घरों के सामने सीवर ओवरफ्लो की समस्या बढ़ती जा रही है। हालत अधिक खराब है। घरों के सामने सीवर का गंदा पानी भर गया है, जिसके कारण लोगों का घर से निकलना और अंदर आना मुश्किल हो गया है। गंदे पानी से होते हुए लोगों को आना जाना पड़ रहा है, जिससे उनके कपड़े भी खराब हो जाते हैं। वहीं, गंदे पानी के कारण संक्रमित बीमारियां फैलने का भी खतरा बना हुआ है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# योग दिवस के अवसर पर जीएस में किया योगाभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जीएस आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल, पिलखुवा के प्रांगण में एक भव्य योग संगम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग के माध्यम से एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम संयोजक डा. घनश्याम वत्स ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योग संगम में 1000 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न योग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया।





कार्यक्रम में पिलखुवा के स्थानीय निवासियों और बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों की उपस्थिति ने भी आयोजन की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि नरेश तोमर ने योग को स्वस्थ समाज के लिए आवश्यक बताया, वहीं कार्यक्रम अध्यक्ष मान. सिंह गोस्वामी ने भी अपने विचार रखे। विशिष्ट अतिथियों में वरुण शर्मा और अधिवक्ता भोपाल सिंह शिशोदिया शामिल थे। मुख्य वक्ता डा. अतुल सरोकते, योग वक्ता अरुण पांडे, योग विशेषज्ञ जयदेव और योगाचार्य किशन सिंगाड़िया ने योग के महत्व और लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डिप्टी डायरेक्टर मनोज सिसोदिया, महाविद्यालय की प्राचार्या डा. भावना सिंह, मेडिकल सुप्रिटेंडेंट डा. प्रवीण गोयल, डा. गुंजन सबरवाल सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, सुबा.ध सिसोदिया, केपी सिंह और अनेक गांवों के ग्राम प्रधानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, उपस्थित अतिथियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और सजगता का संदेश दिया, जो स्वस्थ जीवन शैली के लिए एक अभिन्न अंग है। यह आयोजन योग और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए एक स्वस्थ और जागरूक समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# ट्यूबवेल में नहाते समय करंट लगने से किशोर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव अचपल गढ़ी में 16 वर्षीय किशोर की ट्यूबवेल में नहाते समय करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर के शव को कब्ज़े में लें लिया और पोस्टमार्टम को भेज जांच में जुट गई है।



जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय किशोर कपिल, जो मारवाड़ इंटर कॉलेज में कक्षा 10 का छात्र था, अपने परिवार में चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था। उसके पिता, रामकरण कोरी, ईंट-भट्टे पर मजदूरी करके परिवार का गुजारा करते हैं। शनिवार को कपिल गांव के ब्रहमसिंह के ट्यूबवेल पर नहाने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही उसने पानी में पैर रखा, उसे बिजली का तेज झटका लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत शोर मचाकर उसके परिवार को सूचित किया। कपिल को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पूरे गांव और परिवार में मातम छा गया है। पिलखुवा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ट्यूबवेल के पानी में करंट उतरने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# शराब ठेके पर युवकों ने की मारपीट, चार गिरफ्तार

**हापुड़।** थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव सिखेड़ा स्थित कंपोजिट शराब के ठेके पर बाइक सवार युवकों ने जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान लाठी-डंडों से लैस दबंगों ने गाली-गलौज भी किया। मौके पर मौजूद सेल्समैन ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। शराब ठेके के सेल्समैन ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि चार से पांच युवक बाइक पर सवार होकर आए और ठेके पर गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो तो उन्होंने रोड निकालकर हमला कर दिया। इस दौरान सेल्समैन ने किसी तरह ठेके के अंदर जाल में ताला लगाकर खुद को बचाया और इस पूरी घटना को अपने मोबाइल में कैद कर लिया।



जानकारी के अनुसार यह घटना शुक्रवार शाम की है, जब कुछ युवक लाठी-डंडे लेकर ठेके पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। सेल्समैन के विरोध करने पर आरोपियों ने ठेके के जाल पर लाठी-डंडे बरसाने शुरू कर दिए और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। थाना सिंभावली पुलिस में संबंधित मामले में कार्रवाई करते हुए सेल्समैन के साथ लाठी डंडों से मारपीट करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस ने कार से लाखों की चोरी करने वाले को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र के पक्का बाग पर खड़ी कार से हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक चोर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने चोर के कब्ज़े से 1,70,000 रूपये की नगदी और चोरी किए गए अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि थाना क्षेत्र के पक्का बाग पर खड़ी कार से हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चित्तोली रोड पर मास्टर कॉन्वेंट स्कूल के पास से एक चोर कपिल शर्मा पुत्र महेश चंद्र शर्मा निवासी ग्राम नान, थाना हाफिजपुर, जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया गया है। चोर के कब्ज़े से 1,70,000 रूपये की नगदी और चोरी किए गए अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं। इन दस्तावेजों में नौ चेक बुक, पांच पास बुक, एक एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड, एक निर्वाचन पहचान पत्र, एक पैन कार्ड, एक आरसी और बीस स्टाम्प पेपर शामिल हैं। इसके साथ ही, चोरी की घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद कर ली है। पुलिस इस मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही कर रही है।

## एक नजर

### ट्रेन के चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड़ रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची आरपीएफ और जीआरपी पुलिस की टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची आरपीएफ और जीआरपी पुलिस ने शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस के मुताबिक व्यक्ति की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस शव की शिनाख्त करने के प्रयास कर रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत 25 जून को करेंगी जनसुनवाई व निरीक्षण

**शाह टाइम्सी संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत 25 जून, 2025 को हापुड़ का दौरा करेंगी। इस दौरान वह महिलाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर जनसुनवाई करेंगी और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण भी करेंगी।

जनसुनवाई कार्यक्रम 25 जून, 2025 को सुबह 11:00 बजे मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस, हापुड़ में प्रस्तावित है। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लोक कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी। जनसुनवाई के बाद अहलावत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बालिका/महिला गृह और आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण करेंगी। विभाग ने सभी से निवेदन किया है कि महिला संबंधी प्रकरणों की जनसुनवाई में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

### स्वस्थ्य व निरोगी जीवन के लिए योग सबसे उपयुक्त माध्यम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर क्षेत्र में जगह जगह योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास करते हुए स्वस्थ्य और निरोगी जीवन के लिए बेहद आवश्यक बताते हुए योग को अपनी दिनचर्या का प्रमुख अंग बनाए जाने का संकल्प भी लिया गया।

11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को गढ़, ब्रजघाट, बहादुरगढ़ क्षेत्र में जगह जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसमाज से जुड़े लोगों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। महिला, बच्चों समेत सभी आयु वर्ग से जुड़े लोगों ने बड़े जोश और खरा.ेश के साथ प्रतिभाग करते हुए योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। मुख्य कार्यक्रम गढ़ में कमलावती मदन लाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और शाहपुर रोड पर स्थित देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल के परिसर में आयोजित हुए। जिनमें भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ समेत उनसे जुड़े विभिन्न संगठनों के सैकड़ों कार्यकताओं ने भारत का अमृतकाल के तहत सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल अभियान से जुड़ीं उपलब्धियां भी गिनाईं। मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए क्षेत्रीय विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया और विशिष्ट अतिथि एसडीएम अंकित कुमार वर्मा ने कहा कि योगासन भारत की गौरवमई प्राचीन चिकित्सा पद्धति से जुड़ा हुआ है, जिसका महत्व इस आधुनिक मशीनी दौर में काफी अधिक हो गया है। क्योंकि अगर बीमारियों से बचकर स्वस्थ्य जीवनज जीना है तो फिर योग को अपनी दिनचर्या का अहम हिस्सा बनाया जाना बेहद जरूरी है। पूर्व चेयरमैन रामौतार राजोरा ने कहा कि प्राचीन योग चिकित्सा पद्धति का महत्व इस दौर में बेहद अधिक हो गया है। भाजपा जिला मंत्री पिंकी त्यागी, पूर्व सभासद विजय शर्मा, ओमप्रकाश पहलवान, हरीश पुरुषोत्तम, धनवंत जैन, प्रिंसिपल ज्ञानेंद्र चौहान, स्कूल प्रबंधक राजेंद्र सिंह, दिनेश गर्ग, दीपक शर्मा, रिंकू शुक्ला समेत सैकड़ों ने योगाभ्यास किया। अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस के उपलक्ष्य में सर्किल के थाना गढ़, बहादुरगढ़, सिंभावली के साथ ही ब्रजघाट चौकी में योगाभ्यास किया गया। इंस्पेक्टर नीरज कुमार, मनोज बालियान और एसओ सुमित तोमर ने पुलिस कर्मियों समेत होमगार्ड जवानों को योगाभ्यास किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने योग को अपनी दिनचर्या का अहम हिस्सा बनाकर नियमित तौर पर योगाभ्यास करने का संकल्प भी लिया।

# सागर कुमार को बनाया एबीवीपी जिला संगठन मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एक बार फिर हापुड़ जिले के सागर कुमार को जिला संगठन मंत्री के रूप में नियुक्त किया है। यह घोषणा 14 से 18 जून 2025 तक आईआईटी सहारनपुर परिसर में आयोजित मेरठ प्रांत अभ्यास वर्ग के दौरान की गई। सागर कुमार पहले भी इस पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके पिछले कार्यकाल में एबीवीपी हापुड़ ने संगठन विस्तार, छात्र हितों की रक्षा और राष्ट्रवादी विचारधारा को फैलाने में महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल की थीं। उनकी सक्रियता, नेतृत्व क्षमता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए एबीवीपी के शीर्ष नेतृत्व ने उन पर फिर से भरोसा जताया है।



मेरठ प्रांत के इस चार दिवसीय अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन जैसे ही सागर कुमार के नाम की घोषणा हुई, पूरे हापुड़ जिले के कार्यकर्ताओं में हर्ष और उल्लास की लहर दौड़ पड़ी। कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और युवाओं ने उन्हें सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से बधाई देना शुरू कर दिया है।

# पुलिस ने चोरी का खुलासा कर आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने थाना क्षेत्र के मौहल्ला राजीव नगर में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का सामान, जिसमें एक कुकर और एक कढ़ाई भी शामिल है, बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस ने हनी पुत्र ओमराज को ठण्डी सड़क कस्बा गढ़ से गिरफ्तार किया। जिसके कब्ज़े से एक कुकर, एक पावर बैंक, एक चार्जर अडॉप्टर, एक कढ़ाई बरामद की है। उन्होंने बताया कि चोर को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# योग दिवस पर ब्रजघाट में नमामि गंगे टीम ने किया योगाभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, नमामि गंगे अभियान की टीम ने ब्रजघाट, गढ़मुक्तेश्वर में पवित्र मां गंगा के तट पर एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्राचीन और पावन गंगा किनारे योग करते हुए, टीम ने पर्यावरण संरक्षण और शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में नमामि गंगे टीम के कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे, जिनमें विधानसभा संयोजक ऋतिक त्यागी, विकास शर्मा, अनीता चौधरी, अलका नाम, करण कुमार, ईश्वर कुमार, पवन चौधरी, और अनुज त्यागी सहित अन्य सदस्य शामिल थे। सभी ने मिलकर गंगा स्वच्छता और जनजागरूकता का संदेश देते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया।



टीम ने यह महत्वपूर्ण संदेश भी दिया कि योग केवल शारीरिक लचीलेपन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आंतरिक शांति, प्रकृति से जुड़ाव और सामाजिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। मां गंगा के तट पर योग करके यह संदेश जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास किया गया कि स्वस्थ जीवन के लिए योग और स्वच्छ गंगा दोनों अनिवार्य हैं।

# ट्रक का टायर फटने से चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के पिलर नंबर 108 के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब गढ़ से मसूरी की ओर जा रहा एक पिकअप वाहन तेज रफ्तार में आगे चल रहे एक ट्रक से जा टकराया।

जानकारी के अनुसार, ट्रक का पिछला टायर अचानक फट गया, जिससे पिकअप अनियंत्रित हो गया और सीधे ट्रक में जा घुसा। इस दुर्घटना में पिकअप चालक, मसूरी निवासी शाह अली, के सिर में गंभीर चोटें आईं और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसा होते ही मौके पर राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शाह अली के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और उनके परिजनों को घटना की जानकारी दी। दुर्घटना के कारण कुछ देर के लिए हाइवे पर जाम लग गया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। हालांकि, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यातायात व्यवस्था को जल्द ही सुचारु करा दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया गया है और ट्रक ड्राइवर के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि वे इस मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के 18 विद्यार्थियों को एक्सिस बैंक में मिला प्लेसमेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में अंतिम वर्ष के बीबीए, बीकॉम और एमबीए के छात्रों के लिए आज एक्सिस बैंक द्वारा एक सफल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में कुल 18 विद्यार्थियों को लगभग 4 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर BDE बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव के पद पर चयनित किया गया।

एक्सिस बैंक के एचआर सूर्यांश सिंह ने इस अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हमें इस प्लेसमेंट ड्राइव में 18 विद्यार्थियों को चयनित करने में बेहद खुशी हुई है। विद्यार्थियों ने साक्षात्कार के दौरान अपनी क्षमता और उत्साह वास्तव में प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा, हमें बहुत खुशी है कि हमारे संस्थान के छात्रों को एक्सिस बैंक के भीतर भूमिकाओं की पेशकश की गई है। यह युवा प्रतिभा की पहचान करने और उसे पोषित करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संस्थान के सचिव डा. रोहन सिंघल ने चयनित हुए सभी 18 छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल ने भी छात्रों के इस शानदार प्लेसमेंट पर अपनी खुशी जाहिर की।



# कांग्रेस ने की संगठन सृजन अभियान की ब्लॉक स्तरीय बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने गढ़मुक्तेश्वर के ग्राम खिलवाई में संगठन सृजन अभियान के तहत एक ब्लॉक स्तरीय बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना, हर बूथ पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना और आगामी चुनावों में प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल कर उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाना है।



राकेश त्यागी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में जल्द ही जिला पंचायत, ग्राम पंचायत और विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसके लिए कांग्रेस ने अभी से कमर कस ली है। इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता हर विधानसभा सीट पर संगठन सृजन अभियान चलाकर निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को फिर से सक्रिय कर रहे हैं। बैठक में जिला कोऑर्डिनेटर अवनीश काजला ने कहा कि पार्टी इस बार चुनावों को लेकर बेहद गंभीर है और लोगों से जुड़ी समस्याओं को मजबूती से उठाएगी। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसान, युवा, महिलाएं महंगाई और सुरक्षा से परेशान हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर किल रही है और जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। पूर्व प्रदेश सचिव डा. शोएब ने भी भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि किसान और नौजवान परेशान हैं। उन्होंने किसानों को उनकी फसल का उचित मुआवजा न मिलने और आवारा पशुओं की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने याद दिलाया कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, जो पूरा नहीं हुआ। बैठक के बाद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ब्रजघाट पहुँचे और माँ गंगा की आरती में शामिल हुए। उन्होंने केंद्र और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने की कामना की, साथ ही राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री बनने की भी कामना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ही एकमात्र ऐसे नेता हैं जो लोगों की आवाज को सड़क और संसद में पूरी मजबूती से उठा रहे हैं। राकेश त्यागी ने आगामी चुनाव में जनपद हापुड़ की तीनों विधानसभा सीटें जिताने का आश्वासन दिया। इस बैठक और आरती में सैय्यद अयाजुद्दीन, डा. फहीम, लाल बहादुर, मुजाहिद हुसैन, हर्षवर्धन अग्रवाल, त्रिनेत्र गोयल सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सीसीटीएन रैंकिंग में हापुड़ व बुलंदशहर ने टॉप 10 में बनाई जगह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ रेंज ने सीसीटीएन रैंकिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मजबूत स्थिति साबित की है। रेंज के दो प्रमुख जिले, हापुड़ और बुलंदशहर, प्रदेश के 75 जिलों में से टॉप 10 की सूची में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। यह उपलब्धि 16 महत्वपूर्ण पैरामीटर्स पर खरा उतरने के बाद हासिल हुई है।

मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि मुख्यालय पुलिस तकनीकी सेवाएं, यूपी लखनऊ द्वारा हर महीने जनपदों की CCTNS रैंकिंग जारी की जाती है। इस रैंकिंग के लिए डेटा सिंक, शिकायत का निस्तारण, और गिरफ्तार/गुमशुदा व्यक्तियों की फीडिंग जैसे 16 प्रमुख पैरामीटर्स निर्धारित किए गए हैं। मई 2025 के आंकड़ों के अनुसार जारी की गई रैंकिंग में, हापुड़ को तीसरा स्थान और बुलंदशहर को नौवां स्थान प्राप्त हुआ है। डीआईजी ने बताया कि गत माह उन्होंने रेंज के सभी जनपदों की सीसीटीएनएस की समीक्षा की थी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे, जिसके परिणामस्वरूप इन दोनों जनपदों की टीमों ने बेहतरीन कार्य किया। जहां हापुड़ और बुलंदशहर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वहीं जनपद मेरठ का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है। हालांकि, जनपद बागपत की रैंक में गिरावट दर्ज की गई है, क्योंकि वे एक पैरामीटर पर शत प्रतिशत फीडिंग नहीं कर पाए। डीआईजी ने बागपत की समीक्षा कर सुधार के लिए सख्त हिदायत दी है। डीआईजी कला. निधि नैथानी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर और पुलिस अधीक्षक हापुड़ की CCTNS रैंकिंग में उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रशंसा की। उन्होंने परिक्षेत्र के चारों जनपदों को भविष्य में भी पूर्ण मनोयोग से मुख्यालय द्वारा सीसीटीएनएस रैंकिंग के लिए चयनित पैरामीटर्स पर शत प्रतिशत फीडिंग करने और तकनीकी मुख्यालय के निर्देशानुसार निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह प्रदर्शन पुलिस बल की कार्यप्रणाली में सुधार और तकनीकी दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



# सरकार की प्राथमिकता सुरक्षा और विकासः धर्मपाल सिंह

**प्रभारी मंत्री ने सर्किट हाउस में की समीक्षा बैठक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सर्किट हाऊस में मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन विभाग उत्तर प्रदेश प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था के मुख्य बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक आहूत की गई।

बैठक में मंत्री ने बिन्दुवार समीक्षा करते हुए कहा कि विकास और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है, इसी के अनुरूप अधिकारी कार्य करें। उन्होंने कहा कि श्रम आधारित उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए। उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर लेते हुए कार्यवाही की जाए, ऐसे उद्योगों को चिन्हित करें जिसमें रोजगार के और बेहतर अवसर आमजनमानस को उपलब्ध कराए जा सकते हैं। बरसात के दृष्टिगत निर्देशित किया गया कि शहर हो या गांव स्वच्छता एवं



साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, जलभराव किसी भी स्थिति में न हो। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में फॉगिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव नियमित रूप से किया जाए। गोवंश को सुरक्षित रखने तथा संचारी रोग के संबंध में पशुपालन विभाग द्वारा प्राथमिकता पर कार्यवाही की जाए। मंत्री ने कहा कि पशुपालन विभाग के अंतर्गत मुर्गी, बकरी, गाय इत्यादि पशुओं के पालन के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाएं विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। मंत्री ने कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्र की निगरानी एवं आवश्यक तैयारियों को दुरूस्त रखा जाए। स्थानीय नदियों व तालाब को पुनर्जीवित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए।

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्युत विभाग की समस्याओं से अवगत कराया गया, जिस पर मंत्री ने निर्देशित किया कि आमजनमानस की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें, विद्युत सप्लाई रोस्टर के अनुसार निर्बाध रूप से उपलब्ध रहें। इस अवसर पर सांसद अरूण गो. विल, महापौर हरिकान्त आहलूवालिया, विधायक कैंट अमित अग्रवाल, एमएलसी धर्मेन्द्र भारद्वाज, एमएलसी अश्वनी त्यागी, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तौगी, जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह, एसएसपी विपिन ताडा, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, सीडीओ नूपुर गोयल आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय लोगों ने महिला पर अपने जाल में फंसाने का लगाया आरोप

## मुकदमे में फैसला करने के नाम पर मांगती है लोगों से पैसे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के शौकीन गार्डन के लोगों ने एसएसपी से शिकायत करते हुए वहां की रहने वाली शनाया के खिलाफ एक प्रार्थना पत्र कप्तान को सौंपा है जिसमें नईमुद्दीन का कहना था कि यह महिला क्षेत्र में गलत कार्य करती है बेगुनाह लोगों को अपने जाल में फंसाती है और उनसे रुपए एटती है जो रुपए देने से मना करता है उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है नईमुद्दीन को भी इसने छेड़छाड़ के एक मुकदमे में फंसाया है और अब मुकदमे में फैसला करने का दबाव बना रही है जिसकी एवज में इस महिला ने रूपयों की मांग की है उन्होंने कहा कि इससे पूरी बस्ती परेशान है। लोगों ने इस महिला पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं लोगों का कहना है कि उन्हे कप्तान ऑफिस से आश्वासन मिला है।

# दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ दो आरोपियों ने घर में ले जाकर बलात्कार किया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को 24 घंटे में ही दबोच लिया। जानी थाना क्षेत्र के गांव पाचली निवासी नरेंद्र ने बताया की शुक्रवार की दोपहर को वह



अपने घर पर नहीं था दो व्यक्ति आये और उसकी बेटी को बाइक पर बैठा कर ले गए और एक बंद मकान में बारी बारी से दुष्कर्म किया। जब आरोपियों की हवस पूरी हो गई तो युवती को धमकी देकर चले गए। किसी तरह बंधन मुक्त होकर लड़की अपने घर पहुंची और परिवार वालों को सारी घटना बताई। परिवार वाले जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार राठौर से सारी घटना को अवगत कराया तभी थाना प्रभारी ने पीड़ित पिता की तहरीर पर दो व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान बाफर रजवाहे के पास से दो आरोपियों को दबोच लिया। आरोपियों की पहचान सोहित पुत्र बबलू, सत्यम पुत्र महेंद्र निवासी कलंजरी के रूप में हुई। आरोपियों को चालान कर जेल भेज दिया।

# बढ़ती उम्र में नियमित योग आपके शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है: महेन्द्र रस्तौगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित जगदीश पुरम में वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति ने योग शिक्षक विमल कांत कौशिक के सानिध्य में योगाभ्यास किया। समिति अध्यक्ष महेन्द्र कुमार रस्तौगी ने वर्तमान में भागदौड़ भरी जीवन शैली में स्वस्थ रहने के लिए योग को प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनिवार्य बताया, विशेष कर बढ़ती उम्र में नियमित योग ही एक ऐसी प्रक्रिया है, जो आपके शरीर को उर्जा प्रदान करती है। इस अवसर पर प्रसुन रस्तोगी, एसएस त्यागी, एसके अरोड़ा, चक्रधर मनोड़ी, श्रीपाल, सोमपाल सिंह, सत्यपाल, रामवीर सिंह, महेश मिश्रा, सुरेन्द्र पाल सिंह, जयवीर सिंह, सुधीर गुप्ता, मदन पाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# योग शरीर, मन और आत्मा का सामंजस्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 11वें इंटरनेशनल योगा दिवस के अवसर पर दौराला मंडल के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स अकैडमी सिवाया में आयोजित योग शिविर में सम्मिलित हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संगीत सोम, विशिष्ट अतिथि इंद्रपाल बजरंगी, दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी, गन्ना समिति चेयरमैन भूपेंद्र अहलावत, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश पाल, जिला मंत्री नितिन शर्मा, संध्या त्यागी, दुल्हेड़ा चौहान प्रधान बाल किशोर, पूर्व प्रधान जितेंद्र विहान मंडल महामंत्री रवि पूनिया, रामवीर सिंह, अनिल चौहान, फौजी सत्येंद्र सिवाच, राहुल विहान, विपिन विहान, सचिन विहान, संदीप विहान, मनीष सिवाच, अमित गुप्ता, गौतम सिवाच, प्रदीप शर्मा मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरसी गुप्ता ने नियमित योग करने के बताए लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम है एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग।

कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज में संचालित सभी पाठयक्रमों के विद्यार्थीयों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के लिए महाविद्यालय के संकाय सदस्य, पैरा मेडिकल स्टाफ, कार्यालय स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं ने प्रसिद्ध योग गुरु मनीष गुप्ता और मेडिकल कॉलेज के फार्मेसी विभाग के आचार्य डॉ. प्रदीप यादव के नेतृत्व में सुबह छह बजे कॉलेज के परिसर के लॉन में एकत्रित होकर विभिन्न तरह के आसन, ध्यान व सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर हरीकांत अहलूवालिया की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों में जोश भर दिया। उन्होंने कहा कि योग के द्वारा हम अपने शरीर को निरोगी बना सकते है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरसी गुप्ता ने नियमित योग करने के लाभ बताते हुए बताया कि योग करने से अनेकों प्रकार की बीमारियो से जल्दी ठीक होने में मदद मिलती है। मेडिकल कॉलेज के उप प्राचार्य एवं अस्थि रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेश्वर टॉक ने प्रतिदिन योग को अपनी जीवनशैली में शामिल किए जाने के लिए प्रेरित किया। योग कार्यक्रम का आयोजन फिजियोलॉजी विभाग की आचार्य डॉ. ललिता चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि योगी बने, निरोगी बने। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के संकाय सदस्य, कर्मचारीगण, विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

# मेरठ कॉलेज प्रांगण में देखा गया पीएम मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का शनिवार को भव्य आयोजन आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन के द्वारा मेरठ कॉलेज मेरठ के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन विभाग उत्तर प्रदेश प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 1150 योगाभ्यासियों को योग प्रोटोकॉल के अनुसार आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों के द्वारा योग कराया गया। कार्यक्रम में आए जनप्रतिनिधियों, नोडल अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारियों, छात्र-छात्राओं एवं जनमानस ने सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम की मुख्य थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य रही। योग को सफल बनाने के लिए जन प्रति. निधियों, नोडल अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारियों, योग प्रशिक्षक, सहायक, छात्र छात्राओं तथा जनमानस द्वारा बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया।

मंत्री ने कहा कि योग से ही तन व मन स्वस्थ होता है, तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए योग बहुत आवश्यक है। आज सम्पूर्ण विश्व योग दिवस को पूरे उत्साह के साथ मना रहा है। प्रदेश सहित देश के कोने-कोने में योग दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। योग को वैश्विक स्वीकृति मिलना हम सभी भारत वासियों के लिए गौरवान्वित करने वाला है। योग हमारी भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता की धरोहर है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए। उन्होंने कहा कि करेंगे योग तो रहेंगे निरोग। इस अवसर पर सांसद अरुण गोविल, विधायक अमित अग्रवाल, धर्मेन्द्र भारद्वाज एमएलसी, मेयर हरिकांत अहलूवालिया, अश्वनी त्यागी सदस्य विधान परिषद, गौरव चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष, विवेक रस्तौगी महानगर अध्यक्ष, अमित कुमार घोष, प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन, उप्र शासन नोडल अधिकारी, डीएम डॉ. वीके सिंह, एसएसपी विपिन ताडा, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।


# मंत्री चौ. यशवीर के कैंप कार्यालय पर लोगों ने मनाया योग दिवस

## जानी स्थित फार्म हाउस पर योग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को यशवीर देंगें ट्रैक सूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जानी मंडल में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी यशवीर के कैंप कार्यालय पर योग दिवस कार्यक्रम के रूप में योग किया। योग शिक्षिका के रूप में प्रियांशी ने बहुत सुंदर तरीके से योग कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री चौधरी यशवीर रहे। जिन्होंने योग के बारे में बहुत सुंदर उद्घोष किया। योग को अपने जीवन में उतारने के लिए संकल्प दिलाया। मंत्री चौधरी यशवीर सिंह द्वारा शिक्षिका के रूप में योग कर रही प्रियांशी को मोमेंटो एवं पुरस्कृत राशि देकर सम्मानित किया व सभी प्रतिभागियों को ट्रैक सूट देने वादा का किया।

मंत्री चौ. यशवीर ने कहा कि योग हमारे जीवन को न सिर्फ स्वस्थ रखता है बल्कि योग जीवन की एक मजबूत आधारशिला है योग के माध्यम से हम बीमारियों से दूर रह सकते हैं और



अपने शरीर में छुपी बीमारियों से भी निजात पा सकते हैं और जब स्वस्थ शरीर के साथ हम काम करेंगे तो हर कार्य करने में अलग ही मजा आता है। कार्यक्रम में उपस्थित आयोजकर्ता युवा नेता संजय चौधरी कार्यक्रम संयोजक के रूप में ओबीसी मोर्चा की जिला अध्यक्ष आयुष चपराना, मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी, जिला मंत्री ब्रजवीर सैनी, जिला उपाध्यक्ष काजू शर्मा वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुनेश बफर, महामंत्री मनोज फौजी की जितेंद्र चपराना मंडल में उपाध्यक्ष कृष्णपाल वाल्मीकि, राहुल भूप गढ़ी, अनुज जाटव, सुशील आडवाणी, बंटी विश्वकर्मा, नरेंद्र घाट मंडलमंत्री, प्रदीप शर्मा डालूहेड़ा, सहदेव जाटव, राहुल भोरी मंडल में कोषाध्यक्ष, विनोद दीमकिया, निशांत किठोली बूथ अध्यक्ष, उरेंद्र भगवान गढ़ी, राहुल शर्मा, अशोक जानी, शिवम शर्मा जानी, बिट्टू ऊर्फ पवन सिसोला खुर्द, अतेंद्र मल्लापुर कृष्ण पांच. ली, शिवम कुशवाहा पांचली, राजाराम जाटव जानी कला, रविंद्र ढडरा, कृष्ण पाल ढ़डरा, निशांत किठोली पूर्व मंडल उपाध्यक्ष, अमन सिंह कश्यप पूर्व ब्लाक प्रमुख, योगेंद्र उरेंद्र प्रधान, चांद वीर, सेंसर पाल प्रधान, डालूहेड़ा सेक्टर संयोजक, रवि जाटव, शिवम मल्लापुर, ऋतिक सिसोला खुर्द, हिमांशु सिसोला खुर्द नेत्रपाल सिसोला खुर्द उपस्थित रहे।

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य रखी गई योग की थीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** शनिवार शासन के निर्देशानुसार योग सप्ताह (15 जून 2025 से 21 जून 2025 तक) एवं 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस'' के अवसर पर पैंठ मैदान सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष योग की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी गयी है।

इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम को जीरो वेस्ट इवेंट व जीरो प्लास्टिक इवेंट के रूप में भी मनाया गया। जिसका शुभारम्भ चेयरमैन अशोक कुमार सैनी व ईओ सचिन पंवार ने किया। विपिन शास्त्री द्वारा योग कार्यक्रम में उपस्थित समस्त गणमान्य व्यक्तियों, निकाय कर्मियों को सूर्य नमस्कार एवं योग के विभिन्न आसन, प्राणायाम, व्यायाम का अभ्यास कराया गया। इस मौके पर चेयरमैन ने केन्द्र व प्रदेश सरकार का गुणगान किया। अशोक सैनी ने बताया कि योग हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने



में मदद करता है। योग दिवस के अवसर पर चेयरमैन अशोक सैनी ने सभी नगर वासियों व देशवासियों को शुभ कामनाऐं दी एवं सबके अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामना की और बताया कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है। योग से वैश्विक स्तर पर हमारी प्राचीन संस्कृति का प्रचार-प्रसार हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन विवेक कुमार सैनी ने किया। इस अवसर पर प्रदीप कुमार विश्नोई, कुसुमलता सभासद, मुकेश सैनी सभासद, सोहनवीर सैनी सभासद, रविन्द्र सैनी, मनोज कुमार, डॉ. प्रमोद सैनी, अजय शर्मा, मनोज जाटव, योगेन्द्र गुर्जर, यशपाल विश्नोई, राजू भारती, कुशल सैनी, रणधीर फौजी, हरद्वारी सिंह, राहुल सैनी, ब्रजपाल सैनी व निकाय कर्मचारी रहे।

# गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में कराया योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जीटीबी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया, जैसे ताड़ासन, वज्रा. सन, भुजंगासन और प्राणायाम। कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेंद्र सिंह ने योग को विद्यार्थियों के दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर बल दिया और सभी को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। सभी प्रतिभागियों को ऊर्जा, एकाग्रता और सकारात्मकता का अनुभव कराया।

# डीएवी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्री नगर स्तिथ डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों तथा अध्यापकों ने मिलकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया। योग की क्रियाओं को योगाचार्य द्वारा पूर्ण कराया गया। बताया कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से दृढ़ता प्राप्त करने का प्राचीन तरीका है। योग भारतवर्ष की धरोहर है। विद्यार्थियों ने विभिन्न आसनों तथा व्यायाम के विभिन्न क्रियाओं को करते हुए शारीरिक व मानसिक स्वस्थता के विषय में ज्ञान अर्जित किया। स्वस्थता जीवन का मूल आधार है, उसके लिए योग दिनचर्या का हिस्सा बने, यह अति आवश्यक है। विद्यार्थियों ने पूर्ण अनुशासन में रहते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को पूर्णता प्रदान की। डॉ. अल्पना शर्मा क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी स्कूल यूपी जोन ए ने अपने संदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा कहा कि योग जीवन मूल्यों का वास्तविक मार्गदर्शन कराता है।

# सनातनी हिंदू वाहिनी के जिलाध्यक्ष ने मंत्री धर्मपाल सिंह को किया आमंत्रित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** धीरखेड़ा स्थित गोशाला की देखरेख कर रहे सनातनी हिंदू वाहिनी ने जिलाध्यक्ष निष्कर्ष उर्फ निशू त्यागी ने शनिवार को सर्किट हाऊस में मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन विभाग उत्तर प्रदेश/प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह से मिले। उन्होंने कहा कि धीरखेड़ा में बनी गोशाला में पशुओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। पशुओं के खाने पीने के अलावा उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जा रहा है। समय-समय पर पशु चिकित्सकों से परामर्श लेकर बीमार पशुओं की दवाई आदि को समय पर दिया जा रहा है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि आगे भी गोशाला को ऐसे ही चलाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने मंत्री धर्मपाल सिंह से मिलकर धीरखेड़ा आने का न्यौता दिया। मंत्री से मिलने वालों में संजय नाथ सिंह, भीम सिंह, आदित्य त्यागी व आशू त्यागी मौजूद रहे।

# ध्यान से ज्ञान और योग से निरोग ही स्वस्थ जीवन शैली का मंत्र है: पंडित आदेश फौजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय मतदाता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आदेश फौजी ने सिवालखास विधानसभा की नगर पंचायत करनावल में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित योग प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया तथा प्रशिक्षण में उपस्थित लोगों के साथ अनुलोम-विलोम प्राणायाम और सूर्य नमस्कार किया।

कार्यक्रम में भामस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आदेश फौजी ने कहा ध्यान से ज्ञान योग से निरोग ही स्वस्थ जीवन शैली का मूल मंत्र है योग भारतीय सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है योग भारत की ऋषि परंपरा का एक ऐसा मंत्र है जो स्वस्थ काया के




साथ हम सबको स्वस्थ मस्तिष्क भी प्रदान करता है मन, शरीर, मस्तिष्क में एकात्मकता लाने वाला योग विश्वभर में लोगों की दिनचर्या का अंग बन चुका है। योग न केवल भारतीय संस्कृति की प्राचीन धरोहर है बल्कि यह आत्मिक संतुलन, मान. सिक शांति और शारीरिक सुदृढता का अद्वितीय मार्ग भी है। भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर योग पूरी दुनिया को भारत द्वारा दी गई एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 से अपने अथक प्रयासों से पूरी दुनिया में पहुंचाने का अद्वितीय एवं स्वागत योग्य कार्य किया है। आज योग पूरे विश्व के लोगों की जीवन शैली बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग को अपनी जीवन शैली का अमूल्य हिस्सा बनाने का संकल्प करें और स्वस्थ समाज व समृद्ध भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इस दौरान चेयरमैन लोकेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष आदेश कसाना, महामंत्री गौतम चौधरी, अजय शास्त्री, मंडल उपाध्यक्ष राकेश भारद्वाज, दीपक गुप्ता, सहदेव सिंह, प्रमोद गिरी, उदयवीर कश्यप आदि सैकड़ों योग प्रेमी उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत हर्रा के कार्यालय में किया योग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में नगर पंचायत हर्रा जनपद मेरठ के कार्यालय परिसर में प्रदीप कुमार के द्वारा वार्ड सभासदगण, ब्रांड एम्बेसडर, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्य, सभी कर्मचारियों को योग कराया गया। अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा यह बताया गया की समस्त नागरिकों को स्वस्थ रहने के लिए योग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्ड 10 के सभासद मोहम्मद, वार्ड 12 के सभासद मोहम्मद रिहान, गंगाराम पासवान, अरशद एसबीएम प्रभारी, देशात शर्मा विशाल कुमार, अबरार, आसिफ फजलुर रहमान, मोहम्मद नदीम आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

# नीरज ने पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीता

**● नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88.16 मीटर का थ्रो किया और जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ दिया**



**पेरिस, वार्ता।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88-16 मीटर का थ्रो किया और जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया। नीरज ने बताया कि वह डायमंड लीग में 90 मीटर के पार फेंकने की को. शिश में थे, लेकिन रन-अप तेज हो जाने के कारण वह अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख पाए। उन्होने ओलंपिक्स डॉट काम से कहा कि मैं आज 90 मीटर से ज्यादा की उम्मीद कर रहा था, लेकिन रन-अप बहुत तेज था और मैं कंट्रोल नहीं कर सका। फिर भी डायमंड लीग जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि काफी समय बाद खिताब हासिल हुआ है। इससे पहले नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90-23 मीटर का थ्रो कर न केवल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंकी थी, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा था। हालांकि उस प्रतियोगिता में जूलियन वेबर ने 91-06 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर उन्हें दूसरे स्थान पर धकेल दिया था। नीरज इस सीजन में चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जान जेलेजनी के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। जेलेजनी ने अपने करियर में 90 मीटर की दूरी 50 से अधिक बार पार की है और 1996 में 98.48 मीटर का भाला फेंक विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जो आज भी कायम है। नीरज ने कहा कि हम तकनीकों पर काम कर रहे हैं और उनके साथ ट्रेनिंग करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। अगर मैं जान के साथ ट्रेनिंग कर रहा हूं, तो 90 मीटर पार करना जरूरी है। उन्होंने यह कई बार कर दिखाया है। पूर्व कोच क्लाउस बार्टोनेट्ज के साथ नीरज ने छह बार 89 मीटर के करीब थ्रो किया था, लेकिन 90 मीटर का आंकड़ा नहीं छू पाए थे। अब जब उनसे पूछा गया कि क्या जान जेलेजनी का वर्ल्ड रिकॉर्ड उनके निशाने पर है, तो नीरज ने मुस्कराते हुए कहा कि पहले मुझे उनके कुछ छोटे रिकॉर्ड तोड़ने होंगे। पेरिस का स्टेडियम रिकॉर्ड 91. 40 मीटर भी उनके नाम है।

मैंने आज महसूस किया कि थ्रो अच्छा था, लेकिन उन्हें पीछे छोड़ना वाकई मुश्किल है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि वो 98 मीटर फेंक चुके हैं और 90 मीटर से ऊपर तो न जाने कितनी बार। शायद जब मैं 95 मीटर तक पहुंच जाऊं, तब कुछ कहने लायक बनूं। अभी के लिए मुझे बस मेहनत करते रहना है। इस सीजन में नीरज चोपड़ा की तैयारी का खास मकसद वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप है, जो सितंबर में टोक्यो में होगी। यही स्टेडियम है जहां नीरज ने 2021 ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा कि इस साल का सबसे बड़ा लक्ष्य वर्ल्ड चैंपियनशिप है। टोक्यो का स्टेडियम मेरे लिए खास है क्योंकि वहीं मैंने ओलंपिक गोल्ड जीता था। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। पिछली बार 2023 में बुडापेस्ट में नीरज चोपड़ा ने भारत के लिए पहली बार इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि मेरा लक्ष्य गोल्ड है।

# प्रज्ञानंदा एफआईडीई लाइव चेस रेटिंग में गुकेश से आगे रूटॉप

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेस ग्रैंड मास्टर रमेश बाबू प्रज्ञानंदा एफआईडीई लाइव चेस रेटिंग में टॉप-5 में पहुंच गए हैं। उन्होंने वर्ल्ड चैंपियन भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश से आगे निकल गए हैं। गुकेश छठे स्थान पर हैं। प्रज्ञानंदा का लाइव चेस रेटिंग 2777.2 तक पहुंच गया, जो गुकेश के 2776.6 से थोड़ा आगे है। प्रज्ञानंदा इस समय उज्बेकिस्तान शतरंज महासंघ की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित उजचेस कप मास्टर्स में हिस्सा ले रहे हैं।

पहले राउंड में ड्रा के बाद,प्रज्ञानंदा ने दूसरे राउंड में शानदार वापसी की और उज्बेकिस्तान के शम्सिद्दीन वोखिदोव को सफेद मोहरों से हराया। वह वर्तमान में 1.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से टाप पर हैं। एफआईडरई लाइव चेस रेटिंग में टाप-10 में तीन भारतीय एफआईडरई लाइव चेस रेटिंग में टाप-10 में तीन भारतीय रह गए हैं। इससे पहले पिछली बार जारी रेटिंग में टॉप-10 में चार भारतीय थे। जिनमें प्रज्ञानंदा, गुकेश, अर्जुन व अरविंद चिदंबरम शामिल थे। अरविंद ने आर्मेनिया में आयोजित 6वें स्टीफन अवाग्यान मेमोरियल में खिताब जीता था। 20 जून को जारी रेटिंग में अर्जुन और अरविंद चिंतबरम को नुकसान हुआ है। अर्जुन तीसरे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनका रेटिंग 2780.7 रह गया है। वहीं, अरविंद टॉप-10 से बाहर हो कर 15 पर पहुंच गए हैं।

**खेल विशेष**

## इंग्लैंड के गेंदबाजी के फैसले पर दो दिग्गज भिड़े

**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लीड्स के हेडिंग्ल में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। अब इसकी खूब आलोचना हो रही है। इंग्लैंड से जुड़े दो दिग्गज ही आपस में भिड़ गए हैं। इंग्लिश टीम के पूर्व कप्तान माइकल वान और मौजूदा इंग्लैंड टीम के गेंदबाजी सलाहकार टिम साउदी का इस मामले को लेकर बयान सामना आया है। वान ने पहले गेंदबाजी के फैसले की आलोचना की है, तो वहीं साउदी ने फैसले का बचाव किया है। पूर्व कप्तान माइकल वान हेडिंग्ले के सूखे विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के इंग्लैंड के फैसले से हैरान हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा इंग्लैंड टीम का मजबूत पक्ष निश्चित रूप से उसकी बल्लेबाजी है, गेंदबाजी नहीं। वान ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा, श्मैं पुराने जमाने का परंपरावादी हूं। यहां लीड्स में जब धूप खिली हो और मौसम शुष्क हो, तो आप बल्लेबाजी करते हैं। इंग्लैंड की मौजूदा टीम का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। उसकी गेंदबाजी में इस समय अनुभव की कमी है। स्टोक्स को स्पष्ट रूप से अपनी अंदरूनी भावना का अहसास था और कभी-कभी यह कारगर भी रहा। स्टोक्स के 2022 में कप्तान और ब्रेंडन के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड ने ज्यादातर टेस्ट में पहले फील्डिंग करना पसंद किया है। स्टोक्स का निर्णय इस मैदान के हालिया रिकार्ड से भी प्रभावित हो सकता है, जहां पिछले छह टेस्ट मैचों में पहले फील्डिंग करने वाली टीम ने मैच जीता है, लेकिन वान इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आपको हमेशा उसी क्षण अपने निर्णय लेने होते हैं, न कि उन बातों के आधार पर जो आपने वर्षों पहले या अन्य समय में किए थे। अतीत के फैसलों का मौजूदा स्थिति में लिए गए फैसलों पर कोई असर नहीं पड़ता।

# शतक से दौरे की शुरुआत यादगार क्षण: जायसवाल

**● यशस्वी ने गंभीर के नेतृत्व में टीम के माहौल और तैयारी को दिया श्रेय**



**लीड्स, वार्ता।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड में अपने पहले टेस्ट शतक को भारतीय क्रिकेट में एक नए युग का हिस्सा बताया और हेडिंग्ले में यादगार प्रदर्शन के लिए गौतम गंभीर के नेतृत्व में टीम के माहौल, नेतृत्व और तैयारी को श्रेय दिया। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड में पदार्पण शतक लगाने वाले जायसवाल ने कहा कि इस तरह से दौरे की शुरुआत करना एक विशेष क्षण था। उन्होने कप्तान शुभमन गिल के साथ सौहार्द की प्रशंसा की, जिन्होंने भी शतक बनाया। दिन के खेल की समाप्ति पर जायसवाल ने कहा कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने, कड़ी मेहनत करने और देश के लिए प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं। टीम का माहौल शानदार रहा है। हमें अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आज़ादी दी गई है और इससे वाकई मदद मिली है। अपनी तैयारी के बारे में जायसवाल ने बताया कि गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में बेंगलुरु में इंडिया ए के लिए खेलना बहुत महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा कि हमारे पास कुछ गहन सत्र और बहुत सारी तकनीकी चर्चायें थीं। गौतम सर बहुत सहायक थे। मुझे कड़ी मेहनत करने में मज़ा आया और इससे मुझे यहां आने का आत्मविश्वास मिला। पारी के दौरान ऐंठन का अनुभव करने के बावजूद, जायसवाल ने कहा कि वह स्थिति को संभालने और गेंदबाजी चुनौतियों के अनुकूल होने पर केंद्रित रहे। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान ऐसे क्षण भी आये जब मुझे धीमा होना पड़ा, फ़ील्ड प्लेसमेंट का आकलन करना पड़ा और उसके अनुसार खेलना पड़ा। टीम की ज़रूरतों के हिसाब से बल्लेबाज़ी करना महत्वपूर्ण था। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों में शतक बनाने पर विचार करते हुए, बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि मैं जहां भी जाता हूँ और जब भी खेलता हूँ, मेरा लक्ष्य हमेशा बड़ा स्कोर बनाना होता है। मुझे शतक बनाने में मज़ा आता है और मुझे वह एहसास बहुत पसंद है। बेशक, कुछ पल बहुत खास होते हैं। इंग्लैंड में डेब्यू शतक, खासकर जब हमारे कप्तान शुभमन ने भी शतक बनाया। यह इसे और भी यादगार बना देता है। किसी भी चीज़ का पहला प्रदर्शन हमेशा खास होता है और भारतीय क्रिकेट के लिए ऐसे मंच पर ऐसा करना कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा याद रखूँगा। उन्होंने कहा कि हम सत्र दर सत्र खेलना चाहते थे, ढीली गेंदों को दंडित करना चाहते थे और स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाना चाहते थे। हमने वास्तव में एक साथ बल्लेबाजी का आनंद लिया। जायसवाल ने कहा कि मैंने बस खुद को सर्वश्रेष्ठ मौका देने की कोशिश की। मैंने अपने खेल और मान. सिकता पर ध्यान केंद्रित किया। प्रारूप से ज्यादा तैयारी मायने रखती थी। हमें खेल का लुत्फ़ उठाने और खुलकर खेलने के लिए कहा गया है। ड्रेसिंग रूम से मिलने वाला यह आत्मविश्वास बहुत मदद करता है।

# भारत की युवा ब्रिगेड ने पहले दिन इंग्लैंड को किया निराश: टिम साउथी

**● कहा: जायसवाल के साहस और कप्तान शुभमन के सयंम ने इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया**

**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड टीम के तेज गेंदबाजी सलाहकार टिम साउथी ने कहा कि टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला कप्तान बेन स्टोक्स ने परिस्थितियों को देख कर लिया था मगर भारत की युवा ब्रिगेड ने अपने प्रतिभाशाली प्रदर्शन से उनके गेंदबाजों को अब तक निराश किया है।

मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में साउथी ने शुक्रवार को कहा कि इंग्लैंड को उम्मीद थी कि खेल के पहले सत्र में पिच गेंदबाजों को मदद करेगी और शुरुआती विकेट निकाल कर मेहमान टीम पर दवाब बनाया जा सकता है मगर यशस्वी जायसवाल के साहस और कप्तान शुभमन गिल के संयम ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। गौरतलब है कि हेडिंग्ले की सूखी पिच पर भारत ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट खोकर 359 रन बनाये थे जिसमें यशस्वी जायसवाल (101) और शुभमन गिल (127 नाबाद) के शानदार शतक शामिल है। उधर, इंग्लैंड के पूर्व



कप्तान माइकल वॉन ने मौजूदा कप्तान बेन स्टोक्स के पहले क्षेत्ररक्षण के फैसले पर हैरानगी जतायी है। उन्होने कहा कि लीड्स में मौसम शुष्क था और धूप खिली हुयी थी। ऐसी परिस्थितियों बल्लेबाजी के अनुकूल होती हैं। वैसे भी इंग्लैंड का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। साउथी ने कहा कि जब आप पिच का आकलन करते हैं तो उसी के आधार पर फैसला करते हैं। यह जरूरी नहीं है कि हर बार आपका फैसला सही

# काले मोजे में मैदान पर उतरे शुभमन गिल

**● भारतीय कप्तान की यह चूक उन पर पड़ सकती है भारी, आईसीसी उठा सकता है सख्त कदम**

**लीड्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में शुरू हुए टेस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल काले मोजे में मैदान पर उतरे, जो कि आईसीसी के नियमों का उल्लंघन है। गिल ने शुक्रवार को लीड्स के पहले दिन शानदार बल्लेबाजी की थी और टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ा। वह 127 रन बनाकर नाबाद हैं। बतौर कप्तान टेस्ट डेब्यू पर शतक लगाने वाले वह छठे भारतीय बने। यह एशिया के बाहर भी उनका पहला शतक रहा। गिल के अलावा ऋषभ पंत 65 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि यशस्वी जायसवाल 101 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, साई सुदर्शन खाता नहीं खोल सके, जबकि केएल राहुल ने 42 रन की पारी खेली। अपनी कप्तानी में शानदार शुरुआत के बावजूद, गिल को आईसीसी के कपड़ों के नियमों के उल्लंघन के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। संभावित उल्लंघन उनके पहले दिन की पारी के दौरान काले मोजे पहनने के कारण हो सकता है। आईसीसी के वस्त्र और उपकरण नियमों के खंड 19.45 के मुताबिक, खिलाड़ियों को केवल सफेद, क्रीम या हल्के ग्रे रंगों के मोजे पहनने की अनुमति है। यह नियम मई 2023 में लागू हुआ था। वनडे में भी इन्हीं तीन रंगों की अनुमति है।

## भारत के खिलाफ 5वें टेस्ट तक फिट हो पाएंगे मार्क वुड

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के चोटिल तेज गेंदबाज मार्क वुड को उम्मीद है कि वह भारत के खिलाफ 31 जुलाई से ओवल में खेले जाने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले फिट होकर चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। वुड फिलहाल घुटने की सर्जरी के बाद 'रिहैबिलिटेशन' की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को इस वर्ष की शुरुआत में चौंपियंस ट्राफी के दौरान बाएं घुटने में चोट लगी थी और मार्च में उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। वुड ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा कि रिहैब अच्छा चल रहा है। मैंने अभी हल्की गेंदबाजी शुरू की है, इसलिए मैं अब वापसी की राह पर हूं। मुझे अब भी इस सीरीज में खेलने की उम्मीद है, इसलिए मैं उन खिलाड़ियों पर नजर रख रहा हूं जिनसे मेरा सामना हो सकता है।

**लीड्स में टीम इंडिया के प्रदर्शन से तेंदुलकर बेहद खुश**

# मुझे 2002 के हेडिंग्ले टेस्ट की याद आ गई: सचिन



**● टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ**

**लीड्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में खेले जा रहे टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ, क्योंकि कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 127) और यशस्वी जायसवाल (101) ने सुखी पिच पर शतक लगाए, जिससे भारत ने शुक्रवार को पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

इसके अलावा उपकप्तान ऋषभ पंत (नाबाद 65) ने अर्धशतक लगाया, जबकि केएल राहुल ने 42 रन की पारी खेली। भारत की बल्लेबाजी देखकर महान सचिन तेंदुलकर भी बेहद खुश हुए। उन्होंने इस युवा और नए टीम इंडिया की तारीफ की है। सचिन ने कहा कि उन्हें भारत की बल्लेबाजी देखकर 2002 के हेडिंग्ले टेस्ट की याद आ गई। साथ ही उन्होंने सवाल भी पूछा कि उस टेस्ट की तरह मौजूदा मुकाबले में भारत का तीसरा शतकवीर कौन होगा? इस पर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का भी मजेदार जवाब आया और उन्होंने कहा कि इस बार तीन नहीं चार शतक लगेंगे। दरअसल, भारत की बल्लेबाजी देखकर सचिन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया कि केएल राहुल और यशस्वी जायसवार द्वारा रखी गई ठोस नींव ने भारत को पहले दिन अच्छा स्कोर बनाने में सक्षम बनाया। यशस्वी और शुभमन गिल को उनके शानदार शतकों के लिए बधाई। ऋषभ पंत का योगदान टीम के लिए उतना ही महत्वपूर्ण था। भारत की बल्लेबाजी ने मुझे 2002 में हेडिंग्ले टेस्ट की याद दिला दी, जब राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली और मैंने पहली पारी में शतक बनाए थे और हम टेस्ट जीत गए थे। यशस्वी और शुभमन ने अपना काम कर दिया है। इस बार तीसरा शतक कौन लगाएगा?श इस पर गांगुली ने जवाब दिया और लिखा, शहाय चौंप! इस बार तीन नहीं चार शतक हो सकते हैं। सतह बल्लेबाजी के लिए अच्छी है। अब पंत और शायद करुण शतक लगा सकते हैं। 2002 में पहले दिन की सतह इससे थोड़ी अलग थी। इस कमेंट पर सचिन ने फिर जवाब दिया और फिंगर्स क्रास्ड का इमोजी बनाया। वहीं, भारत के दिग्गज आलराउंडर युवराज सिंह ने भी गिल की तारीफ की। युवी ने लिखा कि कुछ चीजें आपके सितारों में साफ लिखी होती हैं। टेस्ट कप्तान के तौर पर पहले शतक और वह भी विदेशी धरती पर... इसके लिए गिल को बधाई।

**तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी**

# भारत के 471 रन, इंग्लैंड एक विकेट पर 89 रन

**● गिल ने 147, पंत ने 134 और यशस्वी जायसवाल ने 101 रन की शतकीय पारियां खेली**

**लीड्स, वार्ता।** भारत तेंदुलकर-एंडरसन ट्राफी के पहले टेस्ट की पहली पारी में 471 रन पर आलआउट हो गया है। इंग्लैंड ने पहली पारी में एक विकेट पर 89 रन बना लिए हैं। बेन डकेट और ओली पोप नाबाद हैं। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके हैं।

जैक क्राली 4 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने करुण नायर के हाथों कैच कराया। हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को भारतीय टीम ने 359/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया और आखिरी 7 विकेट 112 रन बनाने में गंवाए। कप्तान शुभमन गिल ने 147, ऋषभ पंत ने 134 और यशस्वी जायसवाल ने 101 रन की शतकीय पारियां खेलीं। केएल राहुल ने 42 रन का योगदान दिया। 23 साल बाद ऐसा हुआ है, जब इस मैदान पर तीन भारतीय बैटर्स ने एक पारी में शतक लगाए हैं। इससे पहले, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने 2003 में शतक लगाया था।

इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स और जोश टंग ने 4-4 विकेट झटके। ब्रायडन कार्स और शोएब बशीर को एक-एक विकेट मिला। 15वें ओवर में ओली पाप को अंपायर्स काल पर आउट होने से बचे। सिराज की बाल पाप के पैड पर लगी, लेकिन फील्ड अंपायर ने अपील नकार दी। यहां भारतीय कप्तान गिल ने डीआरएस लिया। रिप्ले से पता चला कि बाल स्टंप के ऊपरी हिस्से पर लगने वाली थी, लेकिन पाप अंपायर काल के कारण आउट होने से बचे। ओली पाप ने 12वां ओवर डाल रहे प्रसिद्ध कृष्णा की बाल पर लगातार दो चौके मारे। उन्होंने 5वीं और छठी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। इसी ओवर में बेन डकेट और ओली पाप ने दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की। 7वें ओवर में बेन डकेट को दूसरा जीवनदान मिला।

बुमराह के ओवर की आखिरी बाल पर रवींद्र जडेजा से बैकवर्ड पाइंट्स पर डकेट का कैच ड्राप हुआ। इससे पहले 5वां ओवर डाल रहे बुमराह की 5वीं बाल यशस्वी जायसवाल से कैच ड्राप हो गया था। बेन डकेट और ओली पाप की जोड़ी इंग्लैंड को दबाव से निकालने की कोशिश कर रही है।

# वोंद्रोसोवा बर्लिन ओपन के फाइनल में

**● मार्केटा ने बेलारूस की एरिना सबालेंका को 6-2, 6-4 से हराया**



**बर्लिन, वार्ता।** छठी वरीयता प्राप्त चेक खिलाड़ी मार्केटा वोंद्रौसोवा ने शनिवार को बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारुस की एरिना सबालेंका को 6-2, 6-4 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

स्टेफी ग्राफ स्टेडियम में वोंद्रौसोवा ने शुरु से आक्रामक रवैया अख्तियार किया और पहलला सेट आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में 27 वर्षीय सबालेंका ने वापसी का प्रयास किया मगर वोंद्रौसोवा के आगे उनकी नहीं चली और उन्होने आत्मसमर्पण कर दिया। इससे पहले सबालेंका ने शुक्रवार को एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया था। वोंद्रौसोवा ने अब तक दो एकल खिताब अपने नाम किये जीते हैं, जिसमें 2023 विंबलडन चैंपियनशिप भी शामिल है। वह लवबलडन महिला एकल खिताब जीतने वाली पहली गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। वह 2019 फ्रेंच ओपन में उपविजेता भी रही और 2020 टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता है।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपिनशिप के शुभंकर 'विराज' का हुआ अनावरण

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और अभिनेत्री सांसद कंगना रनौत ने विश्व पैराएथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया। यहां आयोजित एक समारोह में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड एंबेसडर कंगना रनौत ने 27 सितंबर से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होने वाले इस टूर्नामेंट के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया गया। इस अवसर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन केवल भारत की खेल शक्ति का प्रतीक नहीं है, बल्कि पैरा खिलाड़ियों के अदम्य साहस, जज्बे और जुझारूपन का महोत्सव है। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में पीएम के नेतृत्व में खेल जगत में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। विशेषकर पैरा खिलाड़ियों को दी गई विश्वस्तरीय सुविधाओं और सम्मान ने भारत को पैरा गेम्स में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

## ऑपरेशन सिंधु



नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से लाए गए भारतीय नागरिक दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे।

# शहबाज सरकार पर फूटा जनता का गुस्सा

## ट्रम्प के लिए नोबेल की सिफारिश करने पर भू-राजनीतिक विशेषज्ञों को चौंकाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। इस कदम ने न केवल भू-राजनीतिक विशेषज्ञों को चौंका दिया है, बल्कि खुद पाकिस्तान के लोग और नेता भी इससे हैरान हैं।

कई पाकिस्तानी सामाजिक कार्यकर्ताओं और लेखकों ने सरकार के इस फैसले की आलोचना की है। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रम्प ने गाजा में हो रहे 'नरसंहार' और ईरान पर इजरायल के हमले का समर्थन किया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एक्सश पर इस फैसले की आलोचना हो रही है। पाकिस्तान ने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए इसलिए नामित किया है, क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान 'निर्णायक कूटनीतिक दखल' दिया। हालांकि, भारत पहले ही कई बार स्पष्ट कर चुका है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय जो संघर्षविराम हुआ, वह दोनों देशों के बीच सीधे संवाद से हुआ था-न कि किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से। पत्रकार और लेखक जाहिद हुसैन ने कहा कि यह निराशानजक है कि सरकार ने ऐसे व्यक्ति के लिए नोबेल पुरस्कार की सिफारिश की है, जिसने गाजा में नरसंहार करने वाले युद्ध का समर्थन किया था और ईरान पर आक्रमण करने की योजना बना रहा है। हुसैन ने एक्स पर कहा, ट्रम्प ने ईरान पर इस्राइल के हमले को उत्कृष्ट (एक्सीलेंट) बताया है और पाकिस्तान सरकार ने उनके लिए नोबेल शांति पुरस्कार की सिफारिश की है। पाकिस्तान सरकार का यह कदम बहुत निराशाजनक है। इस व्यक्ति ने गाजा में नरसंहार करने वाले युद्ध का समर्थन किया है और ईरान पर आक्रमण करने की योजना बना रहा है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की पूर्व प्रतिनिधि मलीहा लोधी ने कहा, नीति में चापलूसी की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। यह सरकार का दुर्भाग्यपूर्ण कदम है। यह निर्णय पाकिस्तान की जनता की भावना को नहीं दर्शाता। लोधी ने एक्स पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ट्रम्प की सिफारिश कर रही है। एक ऐसा व्यक्ति जिसने गाजा में इजरायल के नरसंहार वाले युद्ध का समर्थन किया है। यह कदम पाकिस्तानी आवाम के विचारों को नहीं दर्शाता है। पाकिस्तान की ओर से यह घोषणा तब की गई है, जब कुछ दिन पहले पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रम्प ने मेजबानी की। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने पहले कहा था कि ट्रम्प ने मुनीर को दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया है, क्योंकि सेना प्रमुख ने वादा किया है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध रोकने के लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए सिफारिश करेंगे। इस पर कई पाकिस्तानी कार्यकर्ताओं ने सरकार को कठपुतली बताया और कहा कि इस सरकार में बिल्कुल भी आत्म-सम्मान नहीं बचा है। एक कार्यकर्ता रिदा राशिद ने एक्स पर कहा, गाजा में नरसंहार ट्रम्प की वजह से चल रहा है।



**खुद पाक के लोग और नेता भी इससे हैरान डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा में हो रहे 'नरसंहार' और ईरान पर इजरायल के हमले का समर्थन किया था**

## मध्यस्थता के लिए अमेरिका पर भरोसा नहीं: अराग्ची

# इजरायल से शांति वार्ता पर ईरान की दो टूक

**तेहरान/जिनेवा।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने कहा है कि उनके देश को ये यकीन नहीं है कि वो इजरायल के साथ शांति वार्ता में मध्यस्थता करने के लिए अमेरिका पर भरोसा करे या नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की समझौता वार्ता ईरान पर इजरायली हमले को 'कवर' करने के लिए थी। अराग्ची ने एनबीसी न्यूज के साथ साक्षात्कार में अमेरिका पर 'कूटनीति के साथ विश्वासघात' करने का आरोप लगाया और कहा कि अमेरिकी अधिकारियों को 'समझौता वार्ता में समाधान निकले इसके प्रति अपना दृढ़ संकल्प दिखाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अमेरिका की समझौता वार्ता वास्तव में इजरायल द्वारा किए गए हमलों के समर्थन के लिए थी। 'हमें नहीं पता कि हम अब अमेरिका पर कैसे भरोसा कर सकते हैं।' इजरायल ने हाल ही में ईरान पर कई हवाई हमले किए जिसमें देश के सबसे बड़े परमाणु स्थल इस्फ़हान परमाणु अनुसंधान परिसर को निशाना बनाया गया। ईरानी अधिकारियों ने पुष्टि की कि कुछ बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई खतरनाक रिसाव नहीं हुआ। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कथित तौर पर ईरान के क़ोम प्रांत में एक आवासीय इमारत को भी निशाना बनाया, जिसके कारण दो नागरिकों की मौत हो गई, चार घायल हो गए और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा। अराग्ची 57 देशों के इस्लामिक सहयोग संगठन की शनिवार को होने वाली बैठक से पहले शुक्रवार रात तुर्की पहुंचे, जहां उन्होंने 'इजरायली आक्रामकता' की निंदा की।

उन्होंने इस्तांबुल में ईरानी मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह 'ईरानी लोगों की मासूम और नेक आवाज़ को सुनाने के लिए इस अवसर का पूरा उपयोग करेंगे।' अराग्चीने कहा कि उनकी तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और अन्य अधिकारियों से मिलने की भी योजना है।



**■ कहा: ईरान पर इजरायली हमले को कवर करने को थी ट्रम्प की समझौता वार्ता**

**■ ईरानी विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र की बैठक में इजरायली हमलों की निंदा की**

### ईरान में इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध

**तेहरान।** ईरान में कथित तौर पर इंटरनेट सेवाओं पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है और पूरा देश लगभग ऑफलाइन मोड में चला गया है। ईरान इंटरनेशनल ने ये खबर दी है। इंटरनेट सेवाओं पर नजर रखने वाले संगठन नेटब्लॉक्स के मुताबिक ईरान में राष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेट पर रोक लगा दी गई है। नेटब्लॉक्स ने शुक्रवार रात को रिपोर्ट में कहा कि ईरान 60 घंटों से ऑफ़लाइन है। आंकड़ों के मुताबिक इंटरनेट सेवाएं बंद होने से इजरायल के साथ युद्ध के दौरान राजनीतिक दृष्टिकोण जाहिर करने की आम जनता की क्षमता के साथ साथ उनके स्वतंत्र संवाद और सुरक्षा चेतावनी के पालन की संभावना कम होती है। रिपोर्ट की पुष्टि अन्य अंतर्राष्ट्रीय नेट निगरानी समूहों, जैसे कि आईओडीए ने भी की है। जिन्होंने कहा कि ईरान में नेट ट्रैफिक का स्तर एक सप्ताह पहले की तुलना में 97 फीसदी कम है। यह उपाय देश के क्रिप्टो एक्सचेंज पर हैकर्स द्वारा साइबर हमले के बाद किए गए हैं, जिसने ईरान के शेयरों को बुरी तरह प्रभावित किया है। ईरान के अधिकारियों ने पहले कहा था कि यदि आवश्यक हुआ तो इजरायल द्वारा उसके साइबरस्पेस पर हमलों के कारण आम जनता के लिए इंटरनेट तक पहुंच को प्रतिबंधित किया जा सकता है। 'इजरायल के मनोवैज्ञानिक युद्ध' से 'गलत सूचना' को रोकने के लिए वैश्विक नेटवर्क को पूरी तरह से बंद करने के उपायों पर भी विचार किया गया है।

वहीं ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने यहां संयुक्त राष्ट्र की बैठक में देश पर इजरायली हमलों की निंदा की।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 59वें सत्र में बोलते हुए अराघची ने कहा कि इजरायल ने ईरान के खिलाफ 'बिना उकसावे के आक्रमण' किया है। अराघची ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के अपने समकक्षों के साथ बैठक के लिए जिनेवा में हैं, जिसमें यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। अराघची ने यूएनएचआरसी की बैठक में अपने भाषण में बताया कि इजरायल 'फलस्तीन में भयानक नरसंहार' कर रहा है, और अब वह ईरान के खिलाफ आक्रमण कर रहा है। उन्होंने कहा कि इजरायल युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध कर रहा है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में होने के बावजूद ईरान की परमाणु सुविधाओं को भी निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे हमले न केवल अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि इनसे गंभीर रेडियोधर्मी रिसाव भी हो सकता है, जिसके पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

## ईरान के परमाणु हथियार बनाने की क्षमता का साक्ष्य नहीं: पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्पष्ट किया है कि उनके देश और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के पास ऐसे कोई सबूत नहीं है, जो उस आरोप का समर्थन करे कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम के जरिये हथियारों का निर्माण कर रहा है। पुतिन ने शनिवार को स्काई न्यूज अरेबिया के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि मुझे कहना है कि रूस के साथ-साथ आईएईए के पास भी इस बात का कोई सबूत नहीं है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की तैयारी कर रहा है। हमने इस बारे में इजरायली नेतृत्व को बार-बार सूचित किया है। गौरतलब है कि बुधवार को आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने भी कहा था कि संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था ने इस बात के कोई ठोस सबूत नहीं देखे हैं कि ईरान सक्रिय परमाणु हथियार कार्यक्रम चला रहा है। यूरेनियम संवर्धन हालांकि नागरिक उपयोग की आवश्यकता से कहीं अधिक बताया गया है। इजरायल और अमेरिका ने बार-बार कहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम हमेशा से हथियार बनाने के लिए ही रहा है।

## फलस्तीन समर्थक खलील को रिहा करे ट्रम्प प्रशासन: कोर्ट

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को आदेश किया कि वह फलस्तीनी समर्थक कार्यकर्ता और कोलम्बिया विश्वविद्यालय के स्नातक महमूद खलील को आव्रजन हिरासत से जमानत पर रिहा करें। ट्रम्प प्रशासन ने उन्हें न्यूयॉर्क शहर में उनके विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाले भवन से मार्च में हिरासत में लिया था और तीन महीनों तक लुइसियाना स्थित हिरासत केन्द्र में रखा था।

फलस्तीन के समर्थन में चले प्रदर्शन में उनकी भूमिका के लिए ट्रंप प्रशासन उन्हें निर्वासित करना चाहता था। अमेरिका में खलील इकलौता बड़ी हैसियत वाला प्रदर्शनकारी था जिसे हिरासत में लिया गया था। इस मामले की सुनवाई नेवार्क में संघीय जिला न्यायालय के न्यायाधीश माइकल फारबियार्ज़ ने की, जो दो घंटे तक चली। उन्होंने कहा कि ट्रम्प सरकार ने ऐसे व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जो वैध अमेरिकी निवासी है। उन पर न कभी हिंसा का आरोप है और न ही उनके देश छोड़कर भागने की संभावना है। जज ने कहा कि महमूद खलील के खिलाफ आव्रजन के आरोपों का इस्तेमाल उन्हें दंडित करने के लिए किया जा रहा है जो असंवैधानिक है। उन्होंने आदेश पर सात दिन की रोक लगाने का सरकार का अनुरोध खारिज कर दिया। न्यू जर्सी के मजिस्ट्रेट जज माइकल हैमर ने खलील की रिहाई की शर्त के रूप में उनका पासपोर्ट और यात्रा दस्तावेज सरकार को सौंपने का आदेश दिया। खलील को हिरासत में लिए जाने के बाद, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मार्च महीने में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर उसे 'विदेशी कट्टरपंथी और हमास समर्थक छात्र' बताया था और कहा था कि यह कई गिरफ्तारियों की शुरुआत है। इससे पहले, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि खलील को देश से निर्वासित किया जाना चाहिए। उन्होंने 1952 के आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम के एक कम उपयोग किए जाने वाले प्रावधान का उल्लेख किया, जो राज्य मंत्री को यह अधिकार देता है कि वह ऐसे व्यक्ति को देश से हटाने का आदेश दे, जिसकी गतिविधियां या उपस्थिति अमेरिकी विदेश नीति के लिए खतरा माना जाए। अभियोजकों ने कहा कि खलील को किसी अन्य कारण से हिरासत में रखा गया है।

**■ अमेरिका में खलील इकलौता बड़ी हैसियत वाला प्रदर्शनकारी था जिसे हिरासत में लिया गया था**

## ट्रम्प के एक फोन पर ही युद्ध समाप्त कर सकता है इजरायल

**तेहरान।** इजरायल के साथ तेज होते युद्ध के बीच में ईरान ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक फोन पर ही इजरायल युद्ध समाप्त कर सकता है। ईरान के एक अधिकारी ने मीडिया के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही।

दोनों देशों के बीच जारी युद्ध दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है। युद्ध को रोकने के लिए अब तक किए गए कूटनीतिक प्रयास विफल रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि ट्रम्प अगर इजरायल के नेताओं से आग्रह करेंगे तो यह युद्ध समाप्त हो जायेगा। उन्होंने कहा कि ईरान अमेरिका के साथ एक ही शर्त पर युद्धविराम पर विचार कर सकता है, अगर इजरायल हमले को रोक दे। यह टिप्पणी शुक्रवार को जिनेवा में तनाव कम करने के असफल प्रयास के बाद आई है, जहां वरिष्ठ यूरोपीय राजनयिकों ने ईरान के विदेश मंत्री से मुलाकात की थी। उधर न्यू जर्सी में ट्रम्प ने कहा था कि अगर कोई जीत रहा है तो अभी यह अनुरोध करना बहुत कठिन है। इस बीच, वाशिंगटन में खुफिया मतभेद उभर कर सामने आए, जिसमें ट्रम्प ने अपने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की उस बात का खंडन किया है।

## ट्रम्प की नाराजगी के बाद तुलसी गबार्ड ने दी सफाई

### ईरान पर मेरे बयान को मीडिया ने तोड़-मरोड़कर पेश किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया विभाग की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने कहा है कि ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु हथियार बना सकता है, अगर वह तय कर ले कि उसे इसे अंतिम रूप देना है। इसके साथ ही उन्होंने सफाई दी कि उनके पुराने बयान, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान फिलहाल परमाणु बम नहीं बना रहा, को मीडिया ने गलत संदर्भ में पेश किया है।

बता दें कि, इस बयान से कुछ दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गबार्ड की पुरानी रिपोर्ट को गलत करार दिया था। ट्रम्प ने कहा था कि अगर गबार्ड ऐसा कह रही हैं तो खुफिया एजेंसियां गलत हैं। न्यू जर्सी में राष्ट्रपति ट्रम्प से पत्रकारों ने तुलसी गबार्ड की मार्च में दिए गए बयान का जिक्र किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान फिलहाल सक्रिय रूप से परमाणु हथियार नहीं बना रहा। इस पर ट्रम्प ने सीधा जवाब दिया कि तो फिर हमारी खुफिया एजेंसियां गलत हैं। किसने ऐसा कहा? जब उन्हें बताया गया कि यह बयान तुलसी गबार्ड का था, तो ट्रम्प ने कहा कि वह गलत हैं। इसके बाद तुलसी गबार्ड ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि बेईमान मीडिया मेरी गवाही को जानबूझकर तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है और झूठी खबरें फैला रही है ताकि जनता को भ्रमित किया जा सके। उन्होंने ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि ईरान से खतरा नहीं है। उन्होंने आगे लिखा कि अमेरिका के पास खुफिया जानकारी है कि ईरान अब उस स्थिति में है कि वह कुछ ही हफ्तों से महीनों के भीतर परमाणु हथियार तैयार कर सकता है, अगर वह ऐसा करने का फैसला करता है। तुलसी गबार्ड ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने हमेशा साफ कहा है कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने दिया जाएगा और वह खुद भी इस रुख से पूरी तरह सहमत हैं। इसके साथ तुलसी गबार्ड ने अपने पुराने बयान का पूरा वीडियो भी साझा किया, ताकि लोगों को खुद सच्चाई देखने को मिले और यह समझ में आए कि मीडिया ने उनके बयान को कैसे गलत ढंग से पेश किया।



**■ ट्रम्प ने कहा था: अगर गबार्ड ऐसा कह रही हैं तो खुफिया एजेंसियां गलत हैं**

## चाड: झड़पों में 17 लोगों की मौत, 16 घायल

**याउंडे।** चाड के मेयो-केब्बी पश्चिम प्रांत (दक्षिण-पश्चिम) में स्थित ओरेगोमेल गांव में गुरुवार शाम को हुई झड़पों में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों और मीडिया ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मारे गए लोगों में से जयादातर महिलाएं और बच्चे थे, साथ ही उन्होंने बताया कि झड़पों में 16 अन्य घायल हो गए। हमलावर चाकू और डंडों से लैस थे। मेयो-केब्बी पश्चिम प्रांत में सरकार के जनरल डेलीगेट, अब्देलमनाने खताब ने गांव का दौरा करने के बाद प्रांत में डर को कम करने के उपायों की घोषणा की। मध्य अफ्रीकी देश में घातक झड़पों के बाद देश के राष्ट्रपति महामत इदरीस देबी इटनो द्वारा सुरक्षा पर एक आपातकालीन बैठक आयोजित करने के कुछ ही घंटों बाद झड़पें हुईं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, मई से अब तक देश में अंतर-सामुदायिक झड़पों में 50 से अधिक लोग मारे गए हैं।

## हांगकांग की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा अभी भी मौजूद: चीन

**हांगकांग।** हांगकांग के मामलों की देखरेख करने वाले चीन के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को कहा कि हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे अभी भी बरकरार हैं। हांगकांग में कुछ वर्ष पहले विरोध प्रदर्शनों की लहर देखी गई थी।

ये विरोध प्रदर्शन चीन द्वारा लागू किए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के खिलाफ हुए थे। जिसके बाद चीन ने विद्रोही नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की थी और कई को जेल में डाल दिया। हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू होने की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर हांगकांग में चीन के निदेशक जियो बाओलांग ने कहा कि अभी भी हांकांग में विरोध के स्वर बाकी हैं और ये नए रूपों में उभर सकते हैं। जिया बाओलांग ने कहा कि हांगकांग में बाहरी ताकतों ने अभी भी अपना हस्तक्षेप बंद नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हांगकांग अराजकता से व्यवस्था में बदल गया है। लेकिन अभी भी खतरे बरकरार हैं। बीजिंग और हांगकांग सरकारों ने 2019 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शहर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को आवश्यक माना। इसी कानून के तहत, अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली' अखबार के संस्थापक जिमी लाइ सहित कई प्रमुख लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं पर मुकदमा चलाया गया। दर्जनों नागरिक समाज समूह भंग किए गए। इस महीने, अधिकारियों ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है, जिसमें लोकतंत्र समर्थक युवा कार्यकर्ता जोशुआ वोंग पर दूसरी बार कानून के तहत आरोप लगाए गए हैं, जिन्हें पिछले साल ही एक मामले में सजा सुनाई गई थी।

**■ हांगकांग में कुछ वर्ष पहले विरोध प्रदर्शनों की लहर देखी गई थी**

## रूस के हमले में 425 यूक्रेनी सैनिक मारे गए

**मास्को।** रूस के केंद्रीय समूह की कार्रवाई में पिछले 24 घंटों में यूक्रेन के 425 सैनिक मारे गए और सात बख्तरबंद वाहन तथा तीन पिकअप ट्रक नष्ट हो गए।

समूह के प्रवक्ता अलेक्जेंडर सावचुक ने कहा कि केंद्र समूह की सेनाएं विशेष सैन्य अभियान के क्षेत्र में लड़ाकू मिशनों को जारी रखे हुए हैं। समूह की इकाइयों ने रूस-यूक्रेन की सीमा से जुड़े कुछ स्थानों पर भी कब्जा कर लिया है और क्रास्नोअर्मेइस्क, दिमित्रोव, नोवोसेर्गेयेवका तथा मुरावका क्षेत्रों में चार मशीनीकृत दो एयरबोर्न असॉल्ट और दो मरीन ब्रिगेड को नष्ट कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस हमले में लगभग 425 सैनिक, सात बख्तरबंद वाहन, तीन पिकअप ट्रक और एक तोपखाना को नष्ट कर दिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने संवाददाताओं को बताया कि सैनिकों के दक्षिणी समूह ने 190 यूक्रेनी सैनिकों, एक टैंक और दो गोदामों को नष्ट किया, जबकि पश्चिमी समूह ने 230 सैनिकों, दो हम्वी बख्तरबंद वाहन और दो स्टारलिंक सैटेलाइट संचार स्टेशनों को ध्वस्त कर दिया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक उत्तर समूह की सेनाओं ने 215 तक यूक्रेनी सैनिकों और तीन बख्तरबंद वाहनों को ढेर किया।

## टेस्ला ने शंघाई में ग्रिड-साइड-ऊर्जा भंडारण स्टेशन के निर्माण के लिए किया समझौता

**शंघाई।** अमेरिकी कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने अपने मेगापैक ऊर्जा भंडारण बैटरी का उपयोग करके शंघाई में ग्रिड-साइड ऊर्जा भंडारण स्टेशन के निर्माण के लिए चीनी भागीदारों के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किया।

चार अरब युआन (55.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के कुल निवेश वाले इस सौदे से टेस्ला को चीन के बढ़ते ऊर्जा भंडारण बाजार में विस्तार मिला, जिससे इसकी सुविधा को देश के विशाल पावर ग्रिड से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ, जो दुनिया में सबसे बड़ा है। टेस्ला, लिन-गैंग विशेष क्षेत्र की प्रशासनिक समिति, शंघाई के फेंगशियान जिले की सरकार और चाइना कांगफू इंटरनेशनल लीजिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा हस्ताक्षरित समझौते के अनुसार, ऊर्जा भंडारण स्टेशन शंघाई पायलट मुक्त व्यापार क्षेत्र के लिन-गैंग विशेष क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। यह टेस्ला का पहला ग्रिड-साइड ऊर्जा भंडारण स्टेशन होगा जो चीन के मुख्य भूमि पर बनाया जाएगा। टेस्ला चीन के ऊर्जा व्यवसाय के सामान्य प्रबंधक डोंग कुंन ने कहा कि जब यह स्टेशन शुरू होगा, तो यह विद्युत स्पॉट ट्रेडिंग में भाग लेगा, स्थानीय ग्रिड में पीक और ऑफ-पीक उर्जा मांग को संतुलित करने में मदद करेगा और ग्रिड की स्थिरता को बढ़ाएगा। इसके अलावा, टेस्ला चीन कांगफू के साथ सहयोग को बढ़ाने के लिए तैयार है ताकि शून्य-कार्बन ऊर्जा समाधान को वैश्विक स्तर पर लागू किया जा सके। इस साल फरवरी में, शंघाई में गिगाफैक्ट्री के बाद लिन-गैंग विशेष क्षेत्र में टेस्ला का नया मेगाफैक्ट्री मेगापैक बैटरी का उत्पादन शुरू कर दिया।

**■ टेस्ला को 2025 में ऊर्जा भंडारण तैनाती में साल-दर-साल 50 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान**



# छोरी 2 में दमदार अभिनय के लिए नुसरत को अवॉर्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा को हाल ही में उनकी फिल्म छोरी 2 में दमदार अभिनय के लिए ग्राउंड-ब्रेकिंग स्टार ऑफ द ईयर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। अवॉर्ड लेते वक्त नुसरत ने एक भावुक भाषण दिया, जो वहां मौजूद सभी लोगों के दिलों को छू गया। अपने करियर के सफर को याद करते हुए नुसरत ने कहा, अपने करियर की शुरुआत में मैं फिल्मों में मजाक का पात्र बनी रही, मुझे हमेशा चालाक, कंट्रोल करने वाली या चिड़चिड़ी लड़की के किरदार मिले, लेकिन आज मैं ऐसे किरदार के लिए अवॉर्ड ले रही हूं, जो एक लड़की की जिंदगी, उसके जीने के अधिकार और अपने लिए जिंदगी चुनने के हक की बात करता है। मैं यहां हूं, इस सफर पर, हर उस छोरी के लिए जो अपनी पहचान बनाना चाहती है। मेरे रोंगटे खड़े हो रहे हैं यह कहते हुए, क्योंकि यह सफर मेरे लिए भी खुद को साबित करने का एक जरिया रहा है। आज इसका अवॉर्ड मिलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। आप सबको अंदाजा नहीं है कि यह मेरे लिए कितना खास है। नुसरत ने जूरी, अपनी टीम, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर, को-स्टार्स और फिल्म इंडस्ट्री के सभी लोगों का दिल से धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस सफलता में उनका साथ दिया। अवार्ड के बाद बातचीत के दौरान जब उनसे पूछा गया कि



वो सबसे ज्यादा किससे डरती हैं, तो उन्होंने बड़ी सच्चाई के साथ जवाब दिया, भुला दिए जाने से। मैं नहीं जानती कि मैंने यह इतने बड़े मंच पर कैसे कह दिया। लेकिन यही बात मेरी फिल्मों के चुनाव में भी दिखती है। मैं ऐसी फिल्म में काम नहीं करना चाहती। जिसे देखने के बाद लोग मुझे भूल जाएं।

# थलापथी के जन्मदिन पर रिलीज होगी उनकी अंतिम फिल्म की झलक



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार थलापथी विजय के जन्मदिन पर उनकी अंतिम फिल्म जन नायकन की पहली झलक रिलीज होगी। थलापथी विजय की अंतिम फिल्म जन नायकन की बहुप्रतीक्षित पहली झलक 22 जून 2025 की आधी रात 12:00 बजे) यानी थलपथी विजय के जन्मदिन के पर रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्देशक एच. विनोथ हैं, और संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।

निर्माणकर्ता वेंकट के. नारायण के तहत केवीएन निर्माण संस्था फिल्म जन नायकन को एक शानदार विदाई समारोह बना रही है, उस सितारे के लिए, जिसने दशकों तक करोड़ों दिलों पर राज किया। हाल ही में जारी किए गए पोस्टर में विजय जी की झलक एक जलते हुए सिल्हूट (परछाई) में दिखती है। मुट्ठी आसमान की तरफ उठी हुई और पीछे है हजारों चाहने वालों की भीड़, एकदम क्रांति, विरासत और नेतृत्व की झलक। पोस्टर की टैगलाइन कहती है, एक शेर हमेशा शेर होता है और उसकी पहली दहाड़ आने ही वाली है। फिल्म जन नायकन 9 जनवरी 2026 को पोंगल उत्सव के मौके पर दुनिया भर में बड़े पर्दे पर दस्तक देगी।

# आमी डाकिनी में काम कर खुश हूं: हितेश

**मुंबई।** अभिनेता हितेश भारद्वाज का कहना है कि सोनी टीवी के आगामी शो आमी डाकिनी में काम करना उनके लिए रचनात्मक रूप से बेहद संतोषजनक रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बहुप्रतीक्षित शो आमी डाकिनी एक रहस्यमई और रोमांचक कहानी के साथ दर्शकों को बांधे रखने के लिए तैयार है।



कोलकाता की खूबसूरत पृष्ठभूमि में रचा गया यह शो, चैनल के प्रतिष्ठित हॉरर शो आहट के बाद एक बार फिर रोमांचक कहानी कहने की दिशा में वापसी कर रहा है। शो में हितेश भारद्वाज आयान की भूमिका निभा रहे हैं। हितेश भारद्वाज ने बताया कि आमी डाकिनी में काम करना रचनात्मक रूप से बेहद संतोषजनक रहा है। इसकी लेखनी, दृश्य संयोजन और भावनात्मक परतें इसे बहुत गहराई देती हैं। पूरी प्रक्रिया, लंबी नाइट शूट्स से लेकर टेक्स के बीच के शांत पलों तक हर चीज का मैंने आनंद लिया है। हितेश भारद्वाज ने बताया, मैं खुद को बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं। रांची और शीन न सिर्फ प्रतिभाशाली हैं, बल्कि जमीन से जुड़ी हुई भी हैं। हमारे बीच सेट पर बहुत सहजता है, जो भावनात्मक रूप से तीव्र दृश्यों में काफी मदद करती है।


हम एक-दूसरे को सुनते हैं, और यही सबसे बड़ा फर्क लाता है। यह शो सिर्फ कहानी नहीं, बल्कि मूड, खामोशी और भावनात्मक गति के बारे में है। यह आपको हर चीज को अंदर समेटने और नियंत्रित रूप से पेश करने के लिए मजबूर करता है। ऐसा प्रदर्शन पैक-अप के बाद भी आपके भीतर बना रहता है। हितेश भारद्वाज ने बताया आहट जैसे शो के मेकर्स के साथ काम करना बहुत आइकॉनिक अनुभव है। उन्होंने कहा, मैं आहट देखकर बड़ा हुआ हूं-उसमें एक रहस्यमय जादू था। अब उसी दुनिया का हिस्सा बनना एक चक्र पूरा होने जैसा लगता है। यह सिर्फ अभिनय नहीं, बल्कि एक ऐसी विरासत में योगदान देने जैसा है जिसे लोग आज भी याद करते हैं। आमी डाकिनी 23 जून से, हर सोमवार से शुक्रवार, रात 8 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर प्रसारित होगा।

# काजोल ने बताया बाजीगर की शूटिंग का अनोखा किस्सा

## एक्ट्रेस ने शाहरुख को कहा था खडूस, एसआरके बोले थे-कोई इसको चुप कराओ

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल और एक्टर शाहरुख खान ने पहली बार फिल्म बाजीगर में एक साथ काम किया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में काजोल ने बाजीगर के सेट पर शाहरुख के साथ अपनी पहली मुलाकात का किस्सा बताया। काजोल ने रेडियो नशा आफिशियल से बातचीत में बताया कि बाजीगर की शूटिंग 1 जनवरी को हो रही थी। उस वक्त वह साढ़े 17 साल की थीं। नए साल की रात को वह पार्टी नहीं करती थीं, इसलिए अच्छी नींद लेकर सेट पर पहुंची थीं। दूसरी तरफ, यूनिट के बाकी लोग पार्टी करके आए थे और नींद पूरी नहीं हुई थी। काजोल और शाहरुख की फिल्म बाजीगर 1993 में रिलीज हुई थी। काजोल ने बताया कि शाहरुख खान को नए साल के पहले दिन शूटिंग करना पसंद है। इसलिए सबको सेट पर आना पड़ा। काजोल सुबह 11.30 बजे तक फ्रेश और एक्टिव थीं। वह सेट पर मौजूद लोगों से बात कर रही थीं। मेकअप मैन, हेयर ड्रेसर और कैमरामैन से लगातार बात कर रही थीं। उनकी आवाज बिना माइक के भी दूर तक पहुंच रही थी। काजोल ने कहा कि मैंने कैमरामैन रवि दादा से पूछा, ये आपका एक्टर कितना खडूस है। उस समय शाहरुख चश्मा लगाकर अपनी लाइनों की तैयारी कर रहे थे। काजोल उनके पास जाकर बैठीं और कहा, आप बात क्यों नहीं कर रहे, आप हमेशा ऐसे ही रहते हैं, आप ऐसे कैसे रह सकते हैं। शाहरुख ने तुरंत जवाब दिया कि क्या तुम एक मिनट के लिए चुप रह सकती हो, कोई इसको चुप कराओ। काजोल ने माना कि उन्हें यह बहुत रूड और अजीब लगा, लेकिन बाद में यही बातचीत उनकी दोस्ती की शुरुआत बन गई। उन्होंने कहा कि शायद शाहरुख को ये सब याद भी नहीं होगा। फिल्म बाजीगर में काजोल ने शाहरुख की मंगेतर का किरदार निभाया था इंटरव्यू में जब काजोल से पूछा गया कि फिल्म में एक सेंसुअल सीन के दौरान शाहरुख ने उन्हें पिंच किया था, तो उन्होंने बताया कि उस सीन को शूट करना आसान नहीं था। कोरियोग्राफर सरोज खान ने कहा था कि इस सीन में अचानक से एहसास आना चाहिए। काजोल ने बताया कि उस वक्त वह 18 साल की थीं और उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि ऐसा एक्सप्रेशन कैसे देना है। काजोल ने कहा कि शाहरुख और उन्होंने एक-दूसरे के सामने कई बार अजीब चीजें की हैं। उन्होंने बताया कि जब वह उस सीन को ठीक से नहीं कर पा रही थीं, तो उन्हें शर्म आ रही थी। गौरतलब है कि फिल्म बाजीगर से काजोल और शाहरुख की जोड़ी को काफी लोकप्रियता मिली थी। बाद में दोनों ने दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे), करण अर्जुन, कुछ कुछ होता है, माय नेम इज खान और दिलवाले जैसी फिल्मों में साथ काम किया।

# एक साथ जोड़ी जमाएंगे जूनियर एनटीआर और रुक्मिणी वसंथ



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री रुक्मिणी वसंथ, मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील की फिल्म फिलहाल एनटीआरनील के नाम से जानी जा रही है।

माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबर्दस्त उत्साह है। हालांकि फिल्म की कहानी को लेकर अभी तक कोई खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन इंडस्ट्री के भीतर से ही इस प्रोजेक्ट को भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी कोलैबोरेशन में से एक बताया जा रहा है। इस बीच रुक्मिणी वसंथ ने गुरुवार सुबह इंस्टाग्राम पर ऐसा धमाका किया कि सोशल मीडिया पर फैंस की जिज्ञासा सातवें आसमान पर पहुंच गई।



उन्होंने एक मिरर सेल्फी शेयर की। शायद वैनिटी वैन से और कैप्शन लिखा: टाइगर टाइगर बर्निंग ब्राइट। अब सुनने में भले ही यह एक नॉर्मल लाइन लगे, लेकिन एनटीआर जूनियर के फैंस तो इस हिट को तुरंत पकड़ गए।

टाइगर तो एनटीआर का आइकॉनिक टाइटल है। हफ्तों से चर्चा थी कि रुक्मिणी इस धमाकेदार प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं और अब यह पोस्ट देखकर लोग कह रहे हैं, ओ भाई, अब तो ऑफिशियल अनाउंसमेंट की जरूरत ही क्या है। हालांकि मेकर्स ने अभी तक कोई आधिकारिक कास्ट लिस्ट नहीं दी है, लेकिन यह सोशल मीडिया स्टंट शायद फैंस को मिलने वाला वो इशारा है जिसका वो बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। माइथ्री मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स जैसे नामी बैनर्स के साथ बन रही फिल्म एनटीआरनील किसी बड़े विजुअल ट्रीट से कम नहीं होगी। इस फिल्म को कल्याण राम नंदामुरी, नवीन यरनेनी, रवि शंकर यालमंचिली और हरीकृष्ण कोसाराजू प्रोड्यूस कर रहे हैं।


# अभिनेत्रियों ने योग से बदली अपनी जिंदगी

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने योग को सिर्फ एक फिटनेस ट्रेंड नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बना लिया है। बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने योग के जरिए न सिर्फ अपने शरीर को मजबूत बनाया, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन भी पाया।

बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण के लिए योग सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं, बल्कि उनकी जिंदगी का सहारा रहा है। डिप्रेशन से जूझने के दौरान योग ने उन्हें संबल दिया। उनके शांत चेहरे और मजबूत फैसलों में उनके योग अभ्यास की झलक साफ नजर आती है। दीपिका योगा को उतनी ही गंभीरता से लेती हैं जितनी अपनी एक्टिंग को। वो टॉप योगा एक्सपर्ट्स के साथ ट्रेनिंग करती हैं और गहराइयां में तो खुद योगा ट्रेनर बन गई थीं।

मानसिक स्पष्टता हो या शारीरिक मजबूती ।योग उनकी सेल्फ-केयर किट का सुपरस्टार है। करीना कपूर खान के लिए योग फिटनेस से कहीं बढ़कर है। 108 सूर्य नमस्कार से लेकर फिल्म शेड्यूल्स के बीच स्ट्रेचिंग तक, योग ने उन्हें मां बनने से लेकर सुपरस्टार बनने तक हर मोड़ पर साथ दिया है।करीना का फिटनेस ग्लो योग का कमाल है।उनके लिए योग मतलब है, अंदर शांति, बाहर शक्ति और बीच में परफेक्ट बैलेंस। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा बॉलीवुड की उन पहली अभिनेत्रियों में में से हैं, जिन्होंने योग को पूरे देश में लोकप्रिय बनाया। उनकी डीवीडी, ऐप्स और ऑनलाइन सेशन्स ने योग को घर-घर पहुंचाया। उनकी फिटनेस और ग्लो आज भी लोगों के लिए प्रेरणा है।

योग और शिल्पा का रिश्ता पुराना है और यह आज भी सुपर स्ट्रॉन्ग है। उन्होंने तो बॉलीवुड में योगा को मेनस्ट्रीम बना दिया था। आज भी सुबह-सुबह योगा करना उनके दिन की शुरुआत है। सोशल मीडिया पर वो अक्सर



पुराने-नए योगा फॉर्म्स का फ्यूजन दिखाकर प्रेरित करती हैं।

मलाइका अरोड़ा का नाम आते ही फिटनेस और योग दोनों याद आ जाते हैं। ऐरियल योग हो या कठिन आसन, मलाइका अपने स्टाइल और अनुशासन से लाखों लोगों को प्रेरित कर रही हैं।

फिटनेस का पर्याय बन चुकीं मलाइका के लिए योग सिर्फ एक्सरसाइज नहीं, एक जज्बा है। उन्होंने महिलाओं के लिए खास दिव्य योगा की शुरुआत की है। एक ऐसी जगह जहां अंदर से तंदरुस्ती की बात होती है।

वो चाहे पेचीदा आसन कर रही हों या बाकी लोगों को हेल्दी लाइफ स्टाइल अपनाने की सलाह, मलाइका हर कदम पर ग्रेस और स्ट्रेंथ की मिसाल हैं। जैकलीन फर्नांडिस योग को एक जश्न की तरह जीती हैं।

उनकी इंस्टाग्राम प्रोफाइल में आपको न जाने कितने बार उल्टे लटके हुए योग आसनों में उनकी मुस्कान नजर आएगी। योग के साथ उनकी एनर्जी और पॉजर्टिविटी देखते ही बन शालिनी पांडे के लिए योग फिल्मी दुनिया की भाग-दौड़ में शांति पाने का तरीका है।

# रामचरण व उपासना ने क्लिन कारा का जन्मदिन मनाया

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार राम चरण और उनकी पत्नी उपासना कामिनेनी कोनीडेला ने आज अपनी बेटी क्लिन कारा का दूसरा जन्मदिन बहुत ही खास अंदाज में मनाया। पिछले साल जब रामचरण और उपासना हैदराबाद के चिड़ियाघर (जू) गए थे, उसी दौरान वहां एक नन्हीं बाघिन का जन्म हुआ था। उस बच्ची का नाम क्लिन कारा रखा गया था। राम चरण और उपासना की बेटी के नाम पर। ए उनके लिए बहुत ही भावुक और यादगार पल था। इस साल, क्लिन कारा ने पहली बार उस बाघिन से मुलाकात की जो अब बड़ी और खूबसूरत हो चुकी है। यह मिलन बहुत ही प्यारा और खास रहा। बच्ची और बाघिन का यह जुड़ाव दया, प्यार और प्रकृति से जुड़ने की भावना को दर्शाता है। राम चरण और उपासना का मानना है कि जंगली जानवरों की असली जगह जंगल ही है, लेकिन साथ ही वो यह भी मानते हैं कि जो जानवर चिड़ियाघरों में हैं, उनका सही देखभाल और इज्जत से रहना बहुत जरूरी है। उनकी परवरिश की सोच साफ दिखती है। वो अपनी बेटी को बचपन से ही पर्यावरण, जानवरों और प्रकृति के प्रति प्रेम और समझ सिखा रहे हैं। क्लिन कारा का यह जन्मदिन सिर्फ एक सेलिब्रेशन नहीं था, बल्कि यह एक खूबसूरत संदेश था, दुनिया को समझने, अपनाने और उससे जुड़ने का।